पण्डित-मधुसूदन-ओझा-ग्रन्थमाला-३

प्रधानसम्पादकः—डॉ. गणेशीलालसुथारः
[निदेशकः, पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठः,
जयनारायणव्यासविश्वविद्यालयः, जोधपुरम्]

पण्डित-मधुसूदन-ओझा-विरचितः

अपरवादः

टिप्पणानुवादकर्त्ता
पण्डितोऽनन्तशर्मा

सम्पादकः
डॉ. दयानन्दभार्गवः

प्रकाशक
पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठः
संस्कृत-विभागः, जयनारायणव्यासविश्वविद्यालयः,
जोधपुरम्
१९९२

प्रकाशक
पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठ
संस्कृत-विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर।

पुस्तक में व्यक्त विचारों से सम्पादकमण्डल का
सहमत होना आवश्यक नहीं है।

संस्करण : नवम्बर, १९९२

मूल्य : पैंसठ रुपये मात्र

मुद्रक :
युनिवर्सल प्रिण्टिङ्ग प्रेस
जालोरी गेट के अन्दर, जोधपुर

प्राप्ति-स्थान
निदेशक
पण्डित-मधुसूदन-ओझा-शोध-प्रकोष्ठ
संस्कृत-विभाग, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय,
जोधपुर-३४२ ००१

विषयानुक्रमणिका

(i) Chief Editor's Note — १

(ii) पण्डित मधुसूदन जी ओझा : एक परिचय — अ

(iii) Contributions of Madhusudan Ojha to the Interpretation of Vedic thought — ब

(iv) भूमिका — (i)

(v) पूर्वपीठिका — (xiii)

१. विषयावताररूप लोकायतवाद-अधिकरण — १

२. परिणामवादाधिकरण — २

३. यदृच्छावाद-अधिकरण — ३

४. नियतिवाद-अधिकरण — ४

५. प्रकृतिवाद-अधिकरण — ५

६. दशवादरहस्यगत अपरवाद — १३

७. टिप्पण — १५

८. दशवादरहस्य-गत अपरवाद के टिप्पण — ४६

Chief Editor's Note

A number of distinguished personages gifted with extraordinary wisdom, philosophical acumen and intuitive insight were born in this country of incarnations in the latter part of the nineteenth century who enkindled the beacon light of knowledge in the hearts of humanity. Vidyavacaspati Pandit Madhusudan Ojha, the celebrated Savant and great propounder of the Vedavijnana, was one among them. His profound scholarship capable of fathoming the ocean of the whole Vedic literature was highly acclaimed in the West as follows—"In the background of the group of personages, who have come to London for the coronation, the presence has remained unnoticed of a Hindoo Savant, a great celebrity in India, a human store-house of Vedic wisdom and philosophy. This is Pandit Madhusudan Ojha, a profound Sanskrit scholar." (The West minister Gazette of July 26, 1902). He contributed his mite to reveal the mysteries of the Vedic metaphysics and cosmic symbolism in near about 228 treatises which, from subject-matter point of view, were classified under the four main headings of Yajnavijnana, Brahmavijnana, Puranasamiksa and Vedangasamiksa.

It is a matter of grave concern that the contribution of the celebrated savant of his stature has gone unheeded and unassessed. The world of Vedic scholars must feel heartily indebted to Vedavacaspati Pt. Motilal Shastri, Dr. Vasudev Sharan Agrawal, Pt. Adyadatta Thakur, M. M. Pt. Giridhar Sharma Chaturvedi, Pt. Prdyumna Kumar Ojha, His Holiness Shri Surjandas Swami (my revered Guru) and Shri Karpurchand Kulish, but for whose incessant efforts devoted to explaining and propagating the Vedavijnana propounded by Pt. Ojha, it would have vanished in the cave of oblivion. The compaign of propagating Vedavijnana undertaken by Shri Kulishji is in full swing and has reached the exalted heights. He has succeeded in making a global appeal for this noble cause. We are all praise for him. His threefold—Manasa, Vacika and Kayika—dedication and avowed determination for the cause of Vedavijnana have won for him high acclaimation in our country and abroad. The Government of Rajasthan, having realised the importance of the Vedavijnana, has taken a pioneering step in establishing Pt. Madhusudan Ojha Research Cell in the Department of Sanskrit at Jai Narayan Vyas University, Jodhpur for studying the contribution of Pt. Ojha to Vedic studies. Bringing out the editions of the treatises of Pt. Ojha comprising elaborate introduction, translation and critical notes in a series is one of the main objectives enjoined upon.

The works classified under the divisions of Brahmavijnana are a unique and monumental contribution. Dr. V. S. Agrawal has rightly observed—"From the point of view of interpretation the most important division is Brahmavijnana which comprises the following seven sections divided in 40 works :—

1.	Divyavibhuti	5
2.	Ukthavairajika	10
3.	Aryahrdayasarvasva	5
4.	Nigamabodhasiksa	5
5.	Vijnanapravesika	5
6.	Vijnanamadhusudana	5
7.	Sciencepradipa	5."[1]

The Brahmavijnana propounded by Pt. Ojha sheds a flood of light in the field of cosmogony and philosophy couched in the Samhitas, the Brahmanas, the Upanisads, the Gita and the Brahmasutra. It was Pt. Ojha alone who on the basis of the Nasadiya Sukta of the Rgveda formulated and propounded for the first time the ten different cosmogonic doctrines which existed in the Vedic times (the age of the Sadhyas) before the different schools of Indian philosophy came into existence. He dwelt on those doctrines in ten expositional works under the subdivision of Ukthavairajika. The Prakarana entitled 'Aparavada' is one among them. On the evidence of the Puranic literature he has mentioned the fourfold division of the periods of creation—

"अन्यः कालः प्राक्तनः, साध्यकालो दैवः कालो विज्ञानश्च कालः ।"[2]

The people known as Yamas belonged to the second period i.e., Sadhyakala, but the Manijas replaced them after they had become extinct with the passage of time. They were further divided into four classes —Sadhyas, Maharajikas, Abhasvaras and Tusitas[3]. Of the four kinds of the Manijas, the learned Sadhyas, having deeply pondered over the riddle of creation, evolved ten divergent doctrines. They are—Sadasadvada, Rajovada, Vyomavada, Aparavada, Avaranavada, Ambhovada, Amrtamrtyuvada, Ahoratravada, Daivavada and Samsayavada.

---

1. Brahmasiddhanta, Preface, B. H. U., Varanasi, 1961, p. V.
2. Jagadguruvaibhavam, Rajasthan Patrika Ltd., Jaipur, 1990, p. 15.
3. आसीदमीषां समयोऽयमादित्रेतायुगाख्यो मणिजाभिधानाम् ।
आसंस्तदात्वे त इमे समस्ताश्चतुर्विधाः कर्मवशाद् विभक्ताः ॥
साध्या महाराजिकसंज्ञका अथो आभास्वरा वा तुषिता इति क्रमात् ।
ते ब्राह्मणक्षत्रियवैश्यशूद्रवत् कर्माणि आसन् मणिजाभिधा नराः ॥
—जगद्गुरुवैभवम्, राजस्थान पत्रिका लि., जयपुर, 1990, . 17.

The Research Cell aims at bringing out all the available prakaranas relating to these Vadas in its series of publication. Brahmasiddhanta, the treatise dealing with the Siddhantavada, has already seen the light of the day in two editions —one accompanied by Sanskrit Commentary and the other alongwith Hindi translation—brought out by B. H. U., Varanasi and Rajasthan Patrika Limited, Jaipur respectively. The great Indologist Dr. V. S. Agrawal, pointing out the subject of the treatise, has observed—"The diverse philosophical approaches and tenets are further examined and their synthesis is sought in the metaphysical conception of Brahman which is the subject of the treatise known as the Siddhantavada".[1]

The title 'Aparavada' has its characteristic significance and it has been elaborately explained in the prefatorial by Pt. Ananta Sharma. Pt. Motilal Shastri, the distinguished and devout disciple of Pt. Madhusudan Ojha, while discussing the philosophy of the said Vadas, has explicitly brought about the significance of titles of the twelve Vadas (including Vijnanetivrttavada and Brahmavada) in the Brahmakarmapariksa of his Gitavijnanabhasyabhumika. The philosophers following the philosophy of the Brahmanas, Upanisads and Gita, which was decisively determined by the Svyambhu Prajapati, upheld Paravada (Avyayavada-Purusavada—Atmavada), while many a Sadhya scholars supported the theory of Aparavada. The solution to the problem of what role the fivefold elements have in the process of creation is in a way supporting the theory of Aparavada. The terms 'Para' and 'Apara' have been used for the Bhavas which are indicated by the words 'Tat' and 'Idam'.

According to the upholders of Aparavada, there is not any element which can be designated as 'Tat' or 'Para'. Searching for any external primal cause is an exercise in futility. The origin of creation lies in the creation itself. The characteristic mutual conjunction of various padarthas possessed of the nature of attributes and actions itself forms the very basis of creation. The five elements are capable of sustaining their essential nature by various kinds of conjunctions. At one time the earth, having absorbed water through a special kind of conjunction, becomes an annual plant or herb and, later on, that plant or herb again transforms itself into earth by the contact of arid and dry air. Thus the cause and effect relation based on mutual conjunctions and disjunctions of all padarthas is the cause of the creation of world. There is nothing Para because 'Apara' is everything, not lacking anything. It is both cause and effect. At best, it can be said that the world in the form of effect is another form of the causal Aparabhava. The causation, predominated by Martyaksara and not requiring any cause of a different kind, but similar elements, is the Aparabhava. It has also been designated as Svabhavavada

1. Brahmasiddhanta, Preface, B.H.U., Varanasi, p. xxiii.

evolving in four forms known as Parinama, Yadrccha, Niyati and Paurusi Prakrti.

It is a matter of profound pleasure for us that the translation accompanied by prefatorial and critical notes has been accomplished by Pt. Ananta Sharma who has dedicated long years of his academic pursuit to dive deep into the vast Vedic literature. His contemplation relating to the Puranas, the Mahabharata and the Ramayana is profound and penetrating. The eminence he has achieved in the of Sastra of etymology is covetable for scholars. We earnestly hope that his serial writings would further enrich the series of works to be published by Pt. Madhusudan Ojha Research Cell. The detailed introduction contributed by Professor Dr. Dayanand Bhargava is an addition to the importance of this edition. **I am thankful to Shri Omprakash Sharma, Senior Research officer, R.O.R. I., Jodhpur who has been very helpful to me in matters relating to the work of publication.**

It is my pious duty to express the deep sense of gratitude to Professor Dr. V. R. Mehta, vice-chancellor, Jai Narayan Vyas University, Jodhpur and Patron, Advisory Board of Pt. Madhusudan Ojah Research Cell, who has always evinced keen interest in the progress of the activities of the Research Cell, particularly in the publication work undertaken. He fully realises the great importance of the Vedavijnana propounded by Pt. Ojha and has an earnest desire to promote advanced studies and research in the Vedavijnana.

G. L. Suthar
Director
Pt. Madhusudan Ojha Research Cell,
Department of Sanskrit,
Jai Narayan Vyas University,
JODHPUR (Rajasthan)

Dipavali
V.S 2049

---

1. स्वभावमेतं परिणाममेके प्राहुर्यदृच्छां नियतिं तथैके ।
स्यात् पौरुषी वा प्रकृतिस्तदित्थं स्वभाववादस्य गतिश्चतुर्धा ॥
—**Aparavada, p. 2**

पण्डित मधुसूदन जी श्रोझा : एक परिचय

पण्डित गोपालनारायण बहुरा

प्राक्कर्मोदयतो हि यस्य मिथिलादेशे शरीरोदयः
श्रीविश्वेशदयोदयाच्च समभूत् काश्यां सुविद्योदयः ।
राज्ञा प्रीत्युदयादभूज्जयपुरे सम्पत्तिभाग्योदयः
सिद्धस्तन्मधुसूदनाय गुरवे नित्यं प्रणामोदयः ।।

मेरे अत्यन्त आदरणीय मित्र स्वर्गीय पण्डित मोतीलाल जी शास्त्री उक्त पद्य को प्रायः अपनी वक्तृताओं और लेखों के आरम्भ मे उद्धृत किया करते थे । इसमें वे अपने परमपूज्य गुरुवर्य वेदविद्यावारिधि स्व. मधुसूदन जी ओझा को प्रणाम निवेदन करने के साथ-साथ उनके जन्म, विद्याध्ययन और सम्पत्ति-भाग्योदय के स्थानों का भी निर्देश करते थे ।

पण्डित मधुसूदन जी ओझा का शरीरोदय मिथिलादेश (प्रान्त) के मुज़फ्फ़रपुर जिले में गाढ़ा नामक गाँव में हुआ था । वह संवत् १९२३ में भाद्रपद कृष्ण अष्टमी (श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी) का शुभ दिवस था । उसी तिथि को रात्रि के साढ़े दस बजे उनका इस जगत् में अवतरण हुआ । उनके पिता का नाम वैद्यनाथ ओझा था और उनके कुल में विद्वत्परम्परा पीढ़ियों से चली आ रही थी अतः वैद्यनाथ जी भी एक विशिष्ट विद्वान् थे । उन्होंने अपने पुत्र की प्रारम्भिक शिक्षा अपने मैथिल ब्राह्मणोचित प्रकार से ही प्रारम्भ करायी । बाल्यकाल के आठ वर्ष मधुसूदन जी ने अपने पिता के पास गाँव में ही व्यतीत किये ।

वैद्यनाथजी के ज्येष्ठभ्राता पण्डित राजीवलोचन जी मिथिला से जयपुर आ बसे । इन्होंने धर्मचन्द्रोदय नामक एक बड़ा ग्रन्थ लिखा जो सोलह कलाओं से विभक्त है । इसमें श्रुतिस्मृत्यादि-प्रामाण्यनिरूपण प्रायः सभी धर्मशास्त्रीय विषयों का सयुक्तिक विवेचन किया गया है । इसके निर्माणार्थ राजीवलोचनजी के सहयोग के लिए महाराज संस्कृतपाठशाला के दो वरिष्ठ पण्डित श्रीकृष्ण शास्त्री एवं श्री लक्ष्मीनाथ शास्त्री द्रविड़ को भी लगाया गया था । ये दोनों पण्डित पोथीखाना में लेखकों द्वारा प्रतिलिपी-कृत ग्रन्थों का पाठशोधन भी किया करते थे । पण्डित सीताराम पर्वणीकर रचित जयवंशमहाकाव्य का हिन्दी अनुवाद भी इन दोनों ने किया था जिसकी प्रति पोथीखाना संग्रह में सुरक्षित है । अस्तु, इन सब विद्वानों ने महाराज की आज्ञा से धर्मचन्द्रोदय ग्रन्थ की रचना की जिसका उल्लेख ग्रन्थ का उद्देश्य प्रकट करते हुए इस प्रकार किया है :—

येनेयं रचिता पुरा जयपुरी कीर्तिः पताकीकृता
तत्पुत्रः कुलदीपको नृपवरः श्रीरामसिंहोऽधुना।
जागर्ति प्रभया स्वया जयपुराधीशो विधाशावधि
युक्तायुक्तविवेचनाय विदुषां संसत्समाधापनात् ।।१२ (ध. च)

पाखण्डेन विना जगद्व्यवहृतिर्जाता यतो जीवतु
तस्येवं विमला मतिः शिवपदध्यानावधानादभूत्।
धर्माधर्मविवेचनैकफलको ग्रन्थो भवद्भिर्बुधै—
रुद्भाव्यानुविधीयतां विदुरलं स्वल्पप्रयासाज्जनाः ।।१३ (,,)

धर्म्मं स्वीयमिति प्रमाणवलितं बुद्ध्यैकवारांनिधे—
रस्माभिश्च तदीप्सिते हितकथाऽभिप्रायविद्भिस्तदा।
प्रादायादरतः शिरस्यतितरामादेशमुद्भावितुं
ग्रन्थो धर्मविकासनैकफलकः सद्धर्म्मचन्द्रोदयः ।।१४ (,)

महाराज संस्कृत पाठशाला के ही तत्कालीन आयुर्वेदप्रधानाध्यापक राजवैद्य श्रीकृष्णराम भट्ट ने इस ग्रन्थ की कृतित्वविषयक सम्पुष्टि इस प्रकार की है—

"राजीवलोचनबुधेन समस्तशास्त्रा—
ण्यालोच्य सामवचसारचिधर्मचन्द्रः।
याभ्यामपूरि सततोन्विह कृष्णलक्ष्मी-
नाथौ बुधौ कथय कस्य न सम्मतौ तौ ।।"[1]

पण्डित राजीवलोचन जी ओझा को जयपुर में ससम्मान सम्पत्ति और जागीर आदि की प्राप्ति हुई परन्तु उनकी महती चिन्ता का विषय यह था कि उनके कोई पुत्र नहीं था। अतः वे अपने अनुज पण्डित वैद्यनाथ ओझाजी के होनहार सुपुत्र मधुसूदनजी को गोद लेकर और आठ वर्ष की अवस्था में उनका यज्ञोपवीत संस्कार करके जयपुर ले आए। यहाँ उन्होंने अपने उत्तराधिकारी बालक की अपनी देखरेख में सुयोग्य पण्डितों के पास शिक्षा-दीक्षा की समुचित व्यवस्था की। यहाँ मधुसूदनजी को मैथिल विद्वान् विश्वनाथ झा से लघुकौमुदी तथा तत्कालीन संस्कृतपाठशालाध्यक्ष रामभज जी सारस्वत से सिद्धान्त-कौमुदी का सम्यग् अध्ययन करने का सुअवसर मिला। उनकी असाधारण ग्राहिका शक्ति और उपस्थिति से दोनों ही महान् विद्वान् चमत्कृत थे। पण्डित राजीवलोचन जी जब महाराजा से मिलने जाते तो अपने दत्तकपुत्र बालक मधुसूदन जी को भी अपने साथ

१. जयपुर की संस्कृत साहित्य को देन, पृ. २६६

ले जाते। इस बालक के मुखमण्डल पर सूझ और समझ की प्रभा देखकर महाराजा कहा करते थे कि यह बालक बड़ा होनहार लगता है।

यह क्रम चल ही रहा था कि संवत् १९३७ में महाराजा रामसिंहजी और १९३९ में पण्डित राजीवलोचनजी का स्वर्गवास हो गया। अब एक विकट स्थिति उत्पन्न हो गई। बदली हुई परिस्थितियों में राज्याधिकारियों ने उनकी जागीर के कुछ अंश का प्रतिग्रहण कर लिया, अतः किशोर मधुसूदन जी अपनी पितृव्य-पत्नी के साथ स्वदेश (मिथिला) लौट गए। उस समय उनकी अवस्था १५-१६ वर्ष की ही थी, परन्तु अध्ययन के प्रति रुचि अत्यन्त प्रबल हो उठी थी। उन्होंने उच्च अध्ययन के लिए काशी जाने की इच्छा प्रकट की और किसी तरह परिवार वालों को सहमत करके वे वहाँ चले ही गए। काशी में दरभङ्गा संस्कृतपाठशाला में प्रविष्ट हुए जहाँ उनको सर्वशास्त्रपारंगत जगत्प्रसिद्ध विद्वत्शिरोमणि पण्डित शिवकुमार जी शास्त्री का शिष्यत्व प्राप्त करने का सौभाग्य सुलभ हुआ। शास्त्री जी के चरणों में बैठकर आठ-नौ वर्ष तक पूरी लगन और परिश्रम के साथ व्याकरण, न्याय, मीमांसा, साहित्य और वेदान्त आदि सभी विषयों का गहन अध्ययन करके उन पर मूल अधिकार प्राप्त कर लिया। स्वयं शास्त्री जी भी उनकी प्रतिभा और विषयनिरूपण-शैली से बहुत प्रभावित थे। उन्होंने ही मधुसूदन जी को वेद का यथार्थ प्रतिभान प्राप्त होने का आशीर्वाद दिया था। इस आशीर्वाद और ओझा जी की प्रतिज्ञा को उनके शिष्य और मेरे गुरु पण्डित सूर्यनारायण जी शर्मा व्याकरणाचार्य ने यों पदबद्ध किया है—

'श्लाघ्येन तेनास्य समुद्यमेन धर्मप्रियोऽमुष्य गुरुः शिवः सः।
संतुष्य सस्नेहमुवाच वत्स कार्या त्वया प्राक्तनधर्मरक्षा॥

वेदार्थबोधे तव बुद्धिरेषा प्रसारमाप्तात्स्यनिवृत्तवेगा।
गङ्गेव घोरोर्मिकरालमध्ये क्षीराम्बुधौ तद्हृदयं स्पृशन्ती॥

एवं निगद्य स वाग्मिवर्यो वेदार्थसंपाठनमत्यचक्रे।
वक्रेऽपि काले मधुसूदनोऽयं गुरोः समक्षं विदधौ प्रतिज्ञाम्॥

यावन्मे मतिरस्ति यावदथवा कर्तुं क्षमोऽहं श्रमं।
यावत्प्राणपरिस्थितश्च हृदये यावच्च चक्षुर्बलम्।

तावद्वैदिकधर्मतत्त्वमखिलं विज्ञाय भक्त्या गुरोः।
सत्पात्रप्रतिपादनाय सुमहान् कार्यः प्रयत्नो मया॥"

पण्डित राजीवलोचन जी ओझा के एक मेरठ-निवासी मित्र ज्योतिषी थे। उन्होंने

मधुसूदन जी की जन्मकुण्डली देखकर रुद्रसंहिता के अनुसार जो फलादेश लिखा उसमें यह भी अंकित किया कि "कामेश्वर भगवान् शिव इस जातक को भोग और मोक्ष दोनों प्रदान करेंगे।" "कामेश्वरशिवस्तस्य भुक्ति-मुक्ति प्रदायकः।" पण्डित जी के मन में तब से ही भगवान् कामेश्वर शिव के प्रति आन्तरिक श्रद्धा उत्पन्न हुई और विद्याध्ययन के हेतु काशी में निवास करते हुए वहाँ कामेश्वर का मन्दिर ढूंढ कर नित्य आराधना करना आरम्भ कर दिया। सम्भवतः जयपुर के सूरतखाना के संग्रह में कतिपय बहुत सुन्दर कामेश्वर-कामेश्वरी के जो चित्र प्राप्त हैं वे उन्हीं के बनवाए हुए हैं। पण्डित जी चित्रों के पारखी तो थे ही, स्वयं भी चित्रों के रेखाङ्कन और चित्राङ्कन में अभ्यस्त थे। वैदिक विषयों में स्पष्ट करने हेतु उन्होंने अनेक चित्र निर्मित किए थे। सुन्दर कलात्मक चित्रों के पृष्ठ पर वे अपने आकर्षक अक्षरों से अच्छा लिख देते थे। उनका लिखा हुआ यह 'अच्छा' भी बहुत अच्छा लगता है। वे अंग्रेजी अक्षरों से मोनोग्राम (गुम्फाक्षर) भी बहुत सुन्दर बना लेते थे। उनका बनाया हुआ एक M.S O (Madhu Sudan Ojha) अक्षरों का मोनोग्राम उन्हीं के अभिनन्दनग्रन्थ में प्रकाशित (1936 ई.) वेदाङ्क (संस्कृत-रत्नाकर के विशेषाङ्क) में उद्धृत हुआ है जिसमें निम्नांकित विषय को संक्षेप में विवृत किया गया है—

> हंसान् मण्डलाद्वायुरग्निः सूर्यो देवा वैदिका अत्र लक्ष्याः
> एषां विद्या वेद इत्यप्यवेयात् तद्विज्ञाने यत्नवानस्मि योऽस्मि ॥

1. राजस्थान पत्रिका प्रकाशन द्वारा प्रकटित पण्डितजी के 'ब्रह्मविज्ञान' ग्रन्थ के आरम्भ में म. म. पं. गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी लिखित 'संक्षिप्त परिचय' में जन्मकुण्डली इस प्रकार उद्धृत है—

३ मं.	२ चं.	१	१२ के
४	❋	❋	११
बु. शु. ५	❋	❋	१० बृ.
६ रा.	७ शु. श.	८	९

सुपर्णद्वयं तौ लक्ष्यं वृत्तमादित्यमण्डलम् ।
जीवेश्वरौ सुपर्णौ द्वावादित्ये प्रतिष्ठतः ॥ 2 ॥

"यत्रा सुपर्णा अमृतस्य भागमनिमेषं विदथाभिस्वरन्ति ।
ये अर्वाचिस्तां अपरा च आहुर्ये पराञ्चतां उ अर्वां च आहुः।"

जयपुर से देश जाने के थोड़ें दिनों बाद ही पण्डितजी का विवाह 17 वर्ष की अवस्था में ही चंचलनाथ जी ओझा की सुपुत्री के साथ हो गया था। पण्डित जी के विवाह से सम्बद्ध एक रोचक प्रसंग कहा जाता है। एक दिन चंचलनाथ जी अपने भावी जामाता को अपनी ही बग्घी में बैठाकर अपने घर ले गये। मार्ग में चंचलनाथ जी ने विनोदवश पण्डितजी से कहा—"गणयति कष्टमहो न साभिलाषः" इस समस्या की पूर्ति कीजिए। फिर और बातें होने लगी। जब बग्घी घर पर पहुँची और चंचलनाथजी उतरने लगे तो पण्डितजी ने कहा, "मान्यवर, पहले समस्यापूर्ति तो सुन लीजिए।" और उन्होंने सद्यः रचित यह पद्य सुनाया—

रथ-गज-वाजिविहारिकोमलाङ्गः
शिशुरपि राजकुमाररामचन्द्रः।
समुनि पदातिवदेति हा विदेहान्।
गणयति कष्टमहो न साभिलाषः।

इस अवसरोचित समस्यापूर्ति को सुनकर पण्डित चंचलनाथजी बहुत प्रसन्न और परम सन्तुष्ट हुए। चंचलनाथजी अलवर में राजगुरु थे। विवाह के अनन्तर श्वसुर और जमाता में सरल पत्रव्यवहार होता रहता था। इसी प्रसंग के श्वसुर-संस्तुति में पण्डित जी प्रणीत तीन सुन्दर पद्य ये हैं—

गाम्भीर्यं न महीभृताऽपि विदितं रत्नाकरस्तं स्फुटं,
मर्यादा प्रलयेऽपि न प्रतिहता यस्याश्रिता वाडवाः।
जामाता मधुसूदनः स्तुतिपरो बन्धो न यस्य क्वचित्
सोऽयं कोऽपि समुद्रतोऽधिकगुणः कैः कैर्गुणैर्गीयताम् ॥

श्रीदस्य चन्द्रचतुराननयोश्च लक्ष्मी-
नाथस्य केवलमसौ न जहार नालम् ।
लोकोत्तराः परमसम्पद एव किन्तु
नामाक्षराणि विबुधः प्रथमानि तेषाम् ॥
एकस्यां चिति यत्र च त्रिगुणतस्त्रेधा प्रपञ्चत्रयं
बद्धं नामजडात्मसामथ तदध्यारोपनानाविधाम् ।

बाधेन त्रिविधेन संगरहितामक्षोभिणीं निर्णयन्
हित्वा वासनिकात्रयं विरहितस्तापत्रयादत्र यः ।[1]

काशी में अध्ययन समाप्त करके पण्डित जी बूंदी, कोटा, झालावाड़, नीमच, रतलाम आदि स्थानों की यात्रा करते हूए जयपुर आए। बीच-बीच में भी वे अपनी जागीर के सम्बन्धित विषय में यहां आते रहते थे। काशी में अध्ययन करते समय और यात्रा-प्रसंगों में पण्डितजी के वैदुष्य की ख्याति प्रसारित हो गई थी। वियेषतः बूंदी के प्रधानामात्य पण्डित गंगासहाय जी ने उनकी विशेष योग्यता से प्रभावित होकर उनका राज-सम्मान किया तब से तो उनका नाम सर्वत्र बड़े आदर से लिया जाने लगा। रतलाम में प्रवास के समय पण्डितजी ने जगद्गुरु शंकराचार्य द्वारकापीठाधीश्वर श्री माधवतीर्थजी को 'पर्यटनमीमांसा' नामक ग्रन्थ लिखने में बहुत सहायता की थी। इस कारण भी पण्डित-समाज में उनका मान बहुत बढ़ गया।

संवत् १९४६ में बंगाली बाबू हरिदास जी शास्त्री जयपुर में शिक्षा-विभाग के अध्यक्ष थे। वे पण्डित मधुसूदन जी के विषय में बहुत कुछ सुन चुके थे। उस समय जब पण्डितजी जयपुर आए तो हरिदासजी ने स्व. राजीवलोचन जी के उत्तराधिकारी और सम्मानित विद्वान् जानकर महाराजा कॉलेज में संस्कृत के प्रधानाध्यापक का पद ग्रहण करने का उनसे अनुरोध किया। तदनुसार वे यहां अध्यापन करने लगे। उन्हीं दिनों हरिदास जी के पास सिंहली लिपि में लिखित कुमारदासकृत 'जानकीहरण' की एक प्रति थी। उसका सम्पादन-कार्य उन्होंने बड़े परिश्रम से पूरा किया, कुछ अस्वस्थ भी हो गये। पण्डित मधुसूदन जी का यही सम्पादन कार्य सन् १८९३ ई. में प्रकाश में आया जिसको बाबू हरिदासजी के निधन के उपरान्त श्री कालीपद बनर्जी ने कलकत्ता में छपवाया था।

जयपुर के स्वर्गीय महाराजा सवाई रामसिंह (द्वि.) ने धार्मिक विषयों पर व्यवस्था देने हेतु 'मोदमन्दिर पण्डित सभा' का संगठन किया था जिसमें पहले-पहल पं. छोटेलाल जी नामावल की अध्यक्षता में संवत् १९२१ ई. में पं. रामभज जी, पं. शिवराज जी (चन्द्रधर जी गुलेरी के पिता), ओझा जीवनाथ,जी ओझा भायीनाथजी, पं. लक्ष्मीनाथ जी द्रविड़, पं. कृष्ण शास्त्रीजी द्रविड़, पं. प्रेमसुखजी और भट्ट नन्दकुमारजी सदस्य नियुक्त हुए थे। आरम्भ में पण्डित राजीवलोचनजी भी पं. छोटेलालजी के साथ इसी सभा में कार्यरत थे। बाद में महाराजा सवाई माधवसिंह (द्वि.) के समय में जब इस सभा का पुनर्गठन हुआ तो श्रीकृष्णशास्त्री जी द्रविड़ ने, जो राजीवलोचनजी के साथ 'धर्मचन्द्रोदय' का काम कर चुके थे, पण्डित मधुसूदन जी के नाम का प्रस्ताव किया था।

---

१. वेदाङ्क. पृ २ २

(पोथीखाना अभिलेख पत्रावली सं. १५, १९१० ई.)। तब से वे इस सभा के सदस्य बने, आगे चलकर अध्यक्ष नियुक्त हुए और आजीवन उस पद पर रहे।

धर्मसभा में कार्य करने के साथ ही पण्डितजी महाराजा कालेज में बी.ए. और एम. ए. श्रेणी के विद्यार्थियों को संस्कृत पढ़ाते रहे। तदनन्तर उनकी नियुक्ति संस्कृत पाठशाला में वेदान्त के प्रधानाध्यापक पद पर हुई और वे वहाँ कार्य करते रहे। उन्हीं दिनों बाबू हरिदास शास्त्री के प्रयत्नों और राजकीय मन्त्रि.सभा (मेम्बर्स ऑफ दि कौंसिल ऑफ स्टेट) के सदस्यों को कहने-सुनने पर पंडित राजीवलोचन जी की मृत्यु पर जो ग्रामादिक पुनरधिगृहीत (खालसा) हो गए थे वे भी पुनःस्वीकृत (बहाल) हो गए। जयपुर के तत्कालीन महाराजा सवाई माधवसिंह जी (द्वि) ने वृन्दावन धाम में एक विशाल मन्दिर का निर्माण कराया। इस मन्दिर के प्रतिष्ठामुहूर्त्त को लेकर जयपुर के ज्योतिर्विदों में विवाद हो गया। राज्य के प्रधान ज्योतिषी पंडित केवलरामजी श्रीमाली ने शोध कर जो मुहूर्त्त निकाला वह महाराज संस्कृतपाठशाला के प्रधान ज्योतिषाध्यापक भैयाजी मैथिल को स्वीकार्य नहीं हुआ। उन्होंने इसको दूषित बताया। विवाद मोद-मंदिर सभा में विचार और निर्णय के लिए प्रस्तुत हुआ। वहाँ भी पण्डितों में दो दल हो गए। एक केवलरामजी द्वारा घोषित मुहूर्त के समर्थन में, दूसरा विरोध में। पंडित मधुसूदन जी ओझा ने गम्भीर अध्ययन करके प्राचीन-प्रचीनतम ग्रंथों से प्रमाण देते हुए केवलरामजी के निकाले हुए मुहुर्त में 44 दोष बताए। इनका खण्डन बड़े-बड़े पुराने पंडित भी नहीं कर सके। इससे पंडित जी के अपराजित पाण्डित्य की धाक जम गई। इस विवाद के विषय में विवरण सुनकर महाराजा के मन में पंडित जी के प्रति श्रद्धा और सम्मान के भाव उत्पन्न हुए।

उन्हीं दिनों एक और भी ऐसा प्रसंग आया जिससे महाराजा के उपर्युक्त भाव में वृद्धि हुई। तत्कालीन प्रधान अमात्य बाबू कान्तिचन्द्र मुखर्जी ने अपने नवनिर्मित विशाल भवन पर एक स्वाध्याययज्ञ का आयोजन किया। उसमें पंडित ओझाजी ने वाल्मीकि-रामायण का प्रवचन करते हुए ऐसे नए-नए अर्थों का उद्घाटन किया कि उनको सुनकर बड़े-बड़ मार्मिक विद्वान् बहुश्रुत राजकर्मचारी, गुणग्राही सभ्यगण बहुत ही प्रसन्न और चमत्कृत हुए। महाराजा भी वहाँ कथाश्रवण करने जाते थे। पंडितजी की प्रखर प्रतिभा से वे प्रभावित हुए बिना न रहे और उन्होंने उनको पाठशाला की प्राध्यापकी से निर्मुक्त कर अपने निकट बुलाकर निजी वर्ग (पर्सनल स्टाफ) में सम्मिलित कर लिया। पंडित जी नित्य ही उनके पास शास्त्रचर्चा करते जिससे महाराजा का शास्त्रज्ञान बहुत बढ़ गया। स्वयम्प्रज्ञ तो वे थे ही। अब वे वार्तालाप में बड़े-बड़े प्रज्ञाशीलों को भी चकित करने लगे।

स्पष्ट है कि अध्यापन छोड़ने के बाद पंडित जी को आर्थिक हानि हुई यद्यपि उनके ग्रामादि बहाल हो चुके थे। अब महाराजा द्वारा उनको अपने पास बुला लेने के कारण जो क्षति हुई उसकी पूर्ति के लिए विचार होने लगा। महाराजा सवाई रामसिंह जी के

समय से उनके निकटस्थ पं. बलदेवजी व्यास पोथीखाना की सम्हाल पर नियुक्त थे। उनकी मृत्यु हो जाने पर रावल विजयसिंह जी ने गिरधर चेला द्वारा महाराजा की यह आज्ञा पहुँचाई कि पोथीखाना का काम पुरन्दर रामजी तिवारी को सम्हला दिया जाए। (पत्रावली सं. २३०) तदनुसार उन्होंने जेठ सुदि ३ सं. १९३७ के दिन पोथीखाना का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पुरन्दर रामजी महाराजा (रामसिंह जी) की रीवां वाली रानी बाघेली जी के साथ जयपुर आए थे। रीवां के महाराजा विश्वनाथसिंह देव और रघुराजसिंह देव दोनों ही पिता-पुत्र कवि और विद्याप्रेमी थे। पुरन्दर रामजी इन्हीं के दरबार के सदस्य, विद्वान् और सत्कवि थे। जयपुर में भी उनको बड़ी जागीर देकर ससम्मान रखा गया था। उनके अधीन पोथीखाना का दैनन्दिन काम निपटाने को पंडित रामकिशोर जी पल्लीवाल को दारोगा (कार्यकारी) नियुक्त किया गया। पुरन्दररामजी का संवत् १९४४ के मार्गशीर्ष मास में देहान्त हो जाने पर भी रामकिशोरजी ७-३-१८९५ तक कार्य करते रहे। उनको वेतन बेड़ा खवास चेलान से मिलता था। उनके हटने पर पोथीखाना के अधिकारी का पद रिक्त हो गया तब महाराजा (सं. माधवसिंह जी) के संकेत पर पंडित मधुसूदन जी ओझा ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जिस पर नियुक्ति का आदेश कारखाने जात से इस प्रकार प्रसारित हुआ—

"कैफियत नं. २२०४ तारीख २२-४-१८९६, ओहदेदारान पोथीखाना कैफियत महकमा आलिया कौनसल मवरखा ९-४-१८९६ लंबर ७३०९ व हवाले अरजी ओझा मदसूदन वदी खुलासा के शुभचिंतक मुआफिक हुकुम के मौजमन्दिर के काम करता है और कभी पुस्तक देखने की जरुरत पड़ती है तो उसमें बडी दिक्कत पड़ती है। अगर पोथीखाने के लिए हुक्म हो जावे तो उसकी भी संभाल और पूरी हिफाजत करता रहूँ लिहाजा बाद मालूम श्री जी मसूदरा तारीख ९-४-१८९७ व ईमाय के पोथीखाना सिपुरद किया जावे तनख्वाह वगैरह के बाबत पीछे हुक्म दिया जावेगा, बरूद होने पर तुमकूं इत्तलाअन तहरीर हुआ।" (बस्ता नं. १४/१ पत्रावली सं. १६०)

द्रष्टव्य है कि पंडित जी ने अपने आवेदन में अर्थकल्यवर्त की अपेक्षा कार्य-सुविधा को ही प्राथमिकता दी है। उनके वेतन तथा अन्य उपलब्धियों का व्यौरा इस प्रकार प्राप्त है :—

बस्ता सं. १८/३; पत्रावली सं. ९६ के आधार पर सन् १९२९ ई. तक—

संवत् १९५२ में मंजूरी दि ३-८-१८९६ के अनुसार ३०/- माहवार

संवत् १९५३ में मंजूरी दि. ३-२-१८९७ के अनुसार ६०/-

संवत् १९५४ में मंजूरी दि. २९-४-१८९८ के अनुसार सवारी के १२/- माहवार

संवत् १८७८ में मंजूरी दि. २५-८-१९२१ के अनुसार सवारी के १८/- माहवार

संवत् १९८६ में मंजूरी दि. १६-९-१९२९ के अनुसार तनख्वाह १००/- माहवार

उपर्युक्त विवरण से विदित होगा कि सन् १८९७ से १९२९ तक पण्डित जी के वेतन में कोई वृद्धि नहीं हुई, न उन्होंने इसके लिए कभी मुँह खोला। अन्त में १९२९ में जब पहले की अपेक्षा महँगाई बहुत बढ़ गई तब उन्होंने लिखा—"गिरानी बहुत हो गई है और हर चीज की कीमत ज्यादा हो चुकी है।" तब उनका वेतन ६०/- से बढ़ाकर केवल १००/-कर दिया गया जबकि अन्य करखानों के दरोगाओं को १२०/- मासिक मिलते थे और उनके ओहदे (पद) मुन्तजिम (प्रबन्धक) के कर दिये गये थे। पद तो पण्डित जी का भी पहले ही "मुन्तजिम" हो गया था। (बस्ता ४४/१, पत्रावली-१२७)

वेतनपत्रों में पण्डित जी की अन्य उपलब्धियाँ इस प्रकार उल्लिखित हैं—"मौजा लक्ष्मीपुरा परगना लालसोट में दर २/- रोजीना तींका सालाना ७२०/- रु. और मौजा साँचोली में दर ४ रु. रोजीना तहसील मलारना निजामत सवाई माधोपुर में तींका सालाना १५००/-मुकरडा २२२०/- बसीगे उदक व कारखाना पुण्य से बरणी बादल महल की सम्हाल का ८४/ रु. मु २३०४/-सालाना" प्रथम उल्लिखित ७२०/- रु. वार्षिक मोदमन्दिर की अध्यक्षता के निमित्त थे। १५००/- वार्षिक की जागीर उदक में थी (माफी जिसके लिए कोई सेवा नहीं ली जाती थी।) महाराजा माधवसिंह जी (द्वि.) के समय में कारखाना पुण्य तत्वावधान में अनेक भट्ट और मिश्र बरणी (स्तोत्रादि के नित्य पाठ) बादल महल में बैठकर करते थे। इनमें से अनेक वंशपरम्परागत रूप से भी नियुक्त थे। इन सभी की परीक्षा पण्डित जी लेते थे और पाठ के समय नित्य सम्हाल भी करते थे जिसके लिए उनको ७/- मासिक के हिसाब से ८४/- सालाना मिलते थे।

पोथीखाना में कार्यारम्भ के पश्चात् पण्डित जी का महाराजा के साथ नित्य सम्पर्क और भी बढ़ गया। वे उनके पास बैठकर प्रायः नित्य ही पुराण, धर्मशास्त्र और इतिहास विषयों की चर्चा करते थे। सुविधा के लिए यथावसर पोथीखाना के कुछ हस्तलिखित और मुद्रित ग्रन्थ भी महाराजा के निवास-कक्ष (चन्द्र महल) के निकट ही नवनिर्मित जमनोत्तरी महल में ले जाकर रख लिये गये थे, जहाँ एक लघु पुस्तकालय ही बन गया था। महाराजा में इस नित्य सम्पर्क के कारण ऐसी रुचि उत्पन्न हुई कि पण्डित जी से कुछ समय बातें करना उनकी दैनिक चर्या का एक अंग बन गया। कभी किसी कारण पण्डित जी न पहुंच पाते अथवा विलम्ब हो जाता तो 'ढलैत' (सन्देशवाहक) भेजकर उनका पता लगाया जाता। पास के और दूर के प्रवासों में भी पण्डित जी उनके साथ रहते थे। दुर्गापुरा (जयपुर से दक्षिण में तीन कोस पर जहाँ महाराजा प्रायः छुट्टी मनाने जाते थे), हरिद्वार (प्रतिवर्ष यात्रा) अथवा लन्दन तक के 'सफरों' (यात्राओं) में पण्डित जी अनिवार्य रूप से उनके साथ रहते थे। आखेट-अभियानों में भी उनकी उपस्थिति अंकित मिलती है। अच्छे अश्वारोही (घुड़सवार) तो वे थे ही।

अन्यान्य शास्त्रों के अतिरिक्त पण्डित मधुसूदन जी नीतिशास्त्र में भी निपुण थे। महाराजा नीतिविषयक प्रसंगों पर भी उनसे परामर्श लेते थे और उनकी बात को बहुत

महत्त्व देते थे। इससे राज्य के बड़े सरदारों, सामन्तों और अधिकारी वर्ग में उनका मान बहुत बढ़ गया था। सभी उनको सम्मानपूर्वक पूज्य भाव से नमन करते थे। वे महाराजा के निजी मण्डल के नवरत्नों में गिने जाते थे। सवाई माधवसिंहजी (द्वि.) के 'नवरत्न' और 'चौदहरत्न' शीर्षक चित्रों में पण्डित जी प्रमुख रूप से चित्रित हैं। राजसभा (दरबार) में उनको 'बैठक' (बैठने का सम्मान) मिली हुई थी।

पोथीखाना में पण्डित जी के समय में यह कार्य हुआ कि पहले पुस्तकों के 'बीजक' (सूचियाँ) छोटी-छोटी परचियों पर लिखकर बस्तों पर ही बाँध दिये जाते थे। पण्डित जी ने उन बस्तों को सीगेवार (विषयवार) छाँटकर सूचियाँ सुलेखकों से लिखवाकर उनकी जिल्दें बँधवा लीं जिससे वे सुरक्षित हो गई। कुछ विशिष्ट पोथियाँ और चित्र प्रदर्शनमंजूषाओं (शो केसों) में सजा दिये गये जो राज के विशिष्ट मेहमानों को दिखाये जाते थे। इन मेहमानों के लिए महकमा खास से ड्योढी पर हुकुम आता था जो किसी ढलैत या चोबदार द्वारा मौखिक रूप से पोथीखाना में पहुँचा दिया जाता था। इन हुक्मों को रजिस्टरों में अङ्कित कर लिया जाता, कोई लेखक, पण्डित या अहलकार उन मेहमानों को घुमाकर प्रदर्शित वस्तुएँ दिखा देता। हाकिम (पण्डित जी) के पास रिपोर्ट कर दी जाती जिस पर 'दाखिल दफ्तर' का हुक्म हो जाता। बस, यही दैनिक कार्यक्रम रहता था। 'खास मुहर' में निकले हुए विशिष्ट अथवा जीर्ण ग्रन्थों की सुलेखक धीरे-धीरे प्रतिलिपियाँ करते रहते, प्रतियां तैयार होने पर पोथीखाने में तैनात (नियोजित) पण्डित उनका शोधन करते; कभी-कभी संस्कृत पाठशाला से भी पण्डित बुला लिए जाते थे। महाराजा या पण्डित जी की फरमाइश के अनुसार चित्र बनते रहते थे। दैनिक हाजिरी, रुखसत-छुट्टी, ड्योढ़ी की तामील और सामान की खरीद आदि के कागजों में मुशरफ़-तहवीलदार की रिपोर्टों पर हस्ताक्षर करके हाकिम (पण्डित जी) अपने घर या महाराजा के पास चले जाते थे। पोथीखाना में ही अनेक-वंशपरम्परागत कवीश्वरों का बेड़ा (वर्ग) भी तैनात था। ये लोग यहाँ आकर हाजिरी कराते और चले जाते। यदा कदा पण्डित जी इनको समस्यायें देकर उनकी पूर्ति कराते जो रजिस्टों में उतार ली जाती थी। इन कवीश्वरों की फोती-पैदाइश (जन्म-मृत्यु), बहाली-बरतरफी (नियुक्ति-निवृत्ति) और रुखसत-छुट्टी के कागजों पर भी पण्डित जी के आदेश अंकित होते थे। तात्पर्य यह है कि पोथीखाना उस समय एक कारखाना या महकमा अधिक और शैक्षिक स्थान कम था।

पण्डित जी वरिष्ठ राजपण्डित थे। राज (कारखाना पुण्य) में और राजगृह (जनानी-मर्दानी ड्योढ़ी) में कोई भी धार्मिक कार्य उनकी सहमति के बिना नहीं होता था। सन् १९०२ ई. इंगलैंड के सम्राट एडवर्ड सप्तम के राज्याभिषेकोत्सव में महाराजा सवाई माधवसिंह को आमंत्रित किया गया। अब प्रश्न यह उपस्थित हुआ कि प्राक्तन मान्यतानुसार निषिद्ध समुद्र-यात्रा की जाय या न की जाय। पण्डितमण्डली से परामर्श किया गया। प्रधान राज-पण्डित मधुसूदन जी के निर्णयानुसार यह स्वीकार किया गया कि महाराज अपने इष्टदेव श्री गोपाल जी की प्रतिमा को आगे करके यात्रा कर सकते

हैं। तदनुसार टामस कुक कम्पनी द्वारा नवनिर्मित एस. एस. ओलिम्पिया नामक जल-जहाज को किराये पर लिया गया उसी के एक कक्ष में श्री गोपाल जी को विराजमान करके जयपुर नरेश ने समुद्र यात्रा सम्पन्न की। पण्डित जीं को भी साथ लिया गया। उनके लिए विशेष रूप से एक रसोइया भी साथ गया। और भी शताधिक लोग साथ थे। पोथीखाना की पत्रवलियों में इस यात्रा सम्बन्धी संख्या २५ में इतना ही उल्लेख प्राप्त है— "जो कि हम सफर विलायत के श्री जी के संग में जाते है और आइन्द: काम का बन्दोबस्त जरुरी है, लिहाजा हुक्म है कि जब तक हम वापिस सफर से न आवें तब तक काम सरिश्त: का हमारी एवज तहवीलदार पोथीखाना का शङ्करलाल करता रहे, मुशरफ को इससे मुत्तला किया जावे—तारीख ८ मई १६०२ ई. मिती वैशाष सुदी ४ संवत् १६५२"—

महाराज को भारत सरकार की ओर से एक खरीता (बन्द पत्र) मिला जिसमें उनको राज्यारोहण समारोह में सम्मिलित होने का लन्दन में निमन्त्रित किया गया था। उन्होंने १० अक्तूबर को दरबार करके वह निमन्त्रण स्वीकार किया। इस दरबार में अंग्रेज रेजीडेन्ट मिस्टर कॉब भी सम्मिलित हुआ था। अपने निश्चयानुसार महाराजा १२५ आदमियों के साथ १२ मई, १६०२ को बम्बई पहुंच कर समुद्रपूजन किया और उसी दिन उक्त जहाज में बैठकर लन्दन के लिए प्रस्थान किया। पत्रावली संख्या २६ से विदित होता है कि समुद्रपूजन के लिए ७३-।। तेहत्तर रुपये डेढ़ आना का सामान जमनालाल पतंगवाले की दुकान से खरीद कर साथ लिया गया था जिसकी अतिरिक्त स्वीकृति महकमा कारखाने जात से प्राप्त की गई। यह राजसंघ लन्दन से लौटकर १४ सितम्बर, १६०२ को जयपुर पहुंचा और महाराजा ने ६-१०-१६०२ को दरबार किया। पण्डित जी ने इस लन्दन यात्रा के विषय में कोई वृत्तान्त पोथीखाना की पत्रावली में नहीं लिखाया। १२ अक्तूबर, १६०२ को केवल यह रोजकार (प्रत्यक्ष लिखाया गया कार्यालय आदेश) जारी किया—"जो के हम तारीख १४ सितम्बर, १६०२ ई. को मुकाम जैपुर आ गये, लिहाजा हुक्म है कि जिस तरह पर काम सरिश्ते का तहवीलदार को चार्ज दे गये थे उसी तरह बर सीरत हमको मिला, किसी तरह की शिकायत नहीं है इसलिए कागज़ात दाखिल दफ्तर किये जावे।"

लन्दन में ऑक्सफोर्ड और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालयों के संस्कृत विद्वानों से मिलने तथा वहाँ पर वेद-धर्म पर उनके व्याख्यान तथा तद्विषयक लन्दन के समाचार-पत्रों में प्रकाशित प्रशंसाएँ—'संस्कृतरत्नाकर' के वेदाङ्क तथा 'श्रीमधुसूदन ओझा चरितामृत' आदि में प्रकाशित हुए हैं। बहुत ढूंढने पर भी पण्डित जी के भाषण का मूल पाठ अथवा अनुवाद तो हमको नहीं मिला परन्तु २६ जुलाई १६०२ के वैस्टमिनिस्टर गजट तथा २३ जुलाई के 'दी सन' पत्रों में जो इस विषय में टिप्पणियां प्रकाशित हुई उनका सारांश इस प्रकार है—

"राज्याभिषेक के अवसर पर जो विशिष्ट व्यक्ति पधारे है उनमें एक अद्भुत हिन्दू

विद्वान् की उपस्थिति स्मरणीय रहेगी। यह भारत को उज्ज्वल करने वाला देदीप्यमान प्रकाश, मनुष्य रूप में वैदिक विज्ञान और दर्शनों को निधि श्री मधुसूदन ओझा है जो संस्कृत के अद्वितीय विद्वान् हैं। कैम्ब्रिज में अब तक जो पूर्व-देशीय विद्वान् आये उन सब में उक्त पण्डित जी का धाराप्रवाह संस्कृतसम्भाषण प्राच्यविद्याविदों के लिए सर्वाधिक रुचिकर रहा।—वैस्टमिनिस्टर गजट; २६-७-१६०२

"पण्डित मधुसूदन ओझा ऑक्सफोर्ड प्रोफेसर मैक्डोनल्ड से मिले जो उनका परिचय पाकर बहुत प्रसन्न हुए। गत शनिवार को कैम्ब्रिज के प्रोफेसर सी. बैंडल ने पण्डित जी को निमन्त्रित करके अपनी पत्नी सहित उनका सप्रेम स्वागत किया। पण्डित जी का धाराप्रवाह संस्कृत-भाषण प्राच्यविद्याविभाग के विद्वानों के लिए अत्यन्त मनोरंजक रहा। ऐसा भारतवर्ष में भी बहुत कम (सुनने को) मिलता है। यहाँ के विद्वान् इनसे बहुत प्रभावित हुए।—दी सन; २३ जुलाई, १६०२

इसी क्रम में एक रोचक प्रसंग यह भी उद्धृत किया जाता है कि लन्दन स्थित इण्डिया आफिस लाइब्रेरी के अध्यक्ष मिस्टर टोनी भी टॉमस साहब के साथ पण्डित जी से मिलने आए। विद्वद्वर टॉमस विनोदी स्वभाव के थे। उन्होंने पण्डित जी से कहा—

श‍ृणोमि लक्ष्म्या मधुसूदनं युतं, पश्यामि तु त्वामिह चैकमागतम्।
मन्ये भवन्तं विबुधं विवेकिनं, कुतस्त्वनैषीन्न सह श्रियं भवान्॥

सुनता हूँ कि लक्ष्मी सदा मधुसूदन के साथ ही रहती है परन्तु मैं आप (मधुसूदन) को यहाँ अकेला ही आया हुआ देख रहा हूँ। आप तो विद्वान् और विवेकी हैं, लक्ष्मी को साथ क्यों नहीं लाए?"

प्रत्युत्पन्नमति आशुकवि पण्डित जी ने तत्काल उत्तर दिया—

मधुसूदनस्य दृष्ट्वा सरस्वतीलालने विशेषरुचिम्।
रोषादिवापसृतां लक्ष्मीमनुनेतुमत्र सोऽभ्यायात्॥

"सरस्वती के लालन (लाड चाव) में मधुसूदन की विशेष रुचि देखकर वह रुठी सी होकर यहाँ चली आई है, उसी को मनाकर ले जाने को तो वह (मधुसूदन) यहाँ आया है।" दोनों विश्वविद्यालयों और अमूल्य भारतीय ग्रन्थ-सम्पदा से निर्मित इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी में पण्डित जी के व्याख्यानों को सुनकर वहां के विद्वानों ने प्रसन्नता के साथ विस्मय प्रकट करते हुए कहा कि हम आज वेद के सम्बन्ध में नई सूचना प्राप्त कर रहे हैं। ऐसा वेदार्थरहस्योद्घाटन आज तक किसी भारतीय अथवा इतरदेशीय विद्वान् ने नहीं किया इत्यादि।

स्वाभाविक था कि पण्डित जी के भाषण और पद्य-रचनाएँ सभी संस्कृत में हुईं। यदि वे अंग्रेजी में बोल एवं विश्वभ्रमण कर सके होते तो हम समझते है कि भारतीय संस्कृति और वेद-धर्म के प्रचारक्षेत्र में उनका गौरव और विश्रुति स्वामी विवेकानन्द के समान ही होती।

सफर लन्दन (लन्दन यात्रा) के प्रसंग में एक उल्लेखनीय बात यह हुई कि पण्डित जी ने वहाँ ही महाराजा से स्वीकृति प्राप्त करके पोथीखाना के लिए उपयोगी पुस्तकें Kegan Paul Trench Tour and Company, London से खरीद लीं और वापस जयपुर आकर संग्रह में जमा करा दीं। उन पुस्तकों की सूची इस प्रकार उल्लिखित है—(१) कौषीतकि ब्राह्मण, (२) वैतानसूत्र, (३) यास्क निरुक्त, (४) कौशिकसूत्र, (५) मानवधर्मशास्त्र, (६) वज्रछेदिका प्रज्ञापारमिता, (७) सुखावती-व्यूहः, (८) शिलाक्षर पाली सर्वानुक्रमणी, (९) बृहद्देवता, (१०) शाकटायन श्रौतसूत्र, (१२) बृहन्नारदीयपुराण, (१३) ताण्ड्यमहाब्राह्मण, (१४) मानवश्रौतसूत्र, (१५) मानवगृह्यसूत्र, (१६) अथर्ववेद संहिता, (१७) मन्त्रसंहिता, (१८) शाकटायन व्याकरण, (१९) श्रौतपदार्थ-निर्वचन और (२०) कोरोनेशन चित्रावली।

पण्डित जी आत्मनिष्ठ थे, सदा तप स्वाध्याय में ही निरत रहते थे। प्रचार-प्रसार और अनावश्यक वाग्विलास में उनकी रुचि नहीं थी। वैसे महाराजा भी उनको अपने से दूर रहने का कम ही अवकाश देते थे। इस कारण उनको देश-भ्रमण का अवसर बहुत कम मिलता था। फिर भी, उनके असाधारण पाण्डित्य, वैदिक रहस्योद्घाटन की अद्भुत शैली और प्रवचन-प्रवीणता से सम्पर्क में आने वाले विद्वानों को सविस्मय आनन्द प्राप्त होता था। इसी माध्यम से पंडित जी के वैदुष्य की ख्याति देश में फैली और प्रमुख विद्वत्समारोहों में उनको आमन्त्रित किया जाने लगा। सन् १९०५ में प्रयाग के कुम्भ और १९०६ में काशी में कांग्रेस अधिवेशन पर भारतधर्ममहामण्डल के महाधिवेशन हुए तब सभी भारतीय नरेशों को निमन्त्रण भेजा गया था। जयपुर नरेश ने अपने प्रतिनिधि रूप से पण्डित मधुसूदन जी ओझा को इन अधिवेशनों में भाग लेने की आज्ञा प्रदान की। प्रयाग सम्मेलन में पण्डित जी का विद्वत्तापूर्ण भाषण सुनकर सभापति दरभंगा नरेश सहित विद्वन्मण्डली मुग्ध हो गई। इसी अवसर पर पण्डित जी को विद्यावाचस्पति एवं 'महामहोपदेशक' उपाधियों से विभूषित किया गया था। इसके अनन्तर लाहौर, कलकत्ता, वाराणसी आदि नगरों में भी उनके वैदिक विज्ञानविषयक प्रभावशाली व्याख्यान हुए जहाँ पण्डित जी को ससम्मान अभिनन्दनपत्र समर्पित किए गए।

ऐसे अन्य अवसरों पर जयपुर से बाहर जाते समय पण्डित जी प्रायः पोथीखाना के सरिश्ते का काम तहवीलदार शंकरलाल को सौंप कर जाते थे। वह ऐसा समय था जब राजा की तरह पदाधिकारी भी वंशपरम्परागत ही होते थे। पण्डितजी इस विषय में

आश्वस्त थे कि उनकी जागीर और पद आदि उनके एकमात्र सुयोग्य पुत्र प्रद्युम्न जी ओझा को ही प्राप्त होंगे, अतः महाराजा के समक्ष उपस्थित करके उनको 'काम सिखाने' की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली थी। तदनुसार वे उनको धर्म-सभा और बरणी की सम्हाल तथा पोथीखाना में भी साथ रखने लगे थे। स्वयं बाहर जाते तब तहवीलदार की निगरानी में काम सरिश्ते करते रहने के रोबकार (कार्यालय आदेश) भी जारी करने करने लगे थे। यथा—"जो के हम माफिक हुक्म श्री जी के रुखसत परदेस जाते हैं—लिहाजा हुक्म है कि—जब तक हम रुखसत पर से वापस आवें तब तक काम कारखाना का प्रद्युम्न पिसर हमारा देता रहे और काम सरिश्ते का तहवीलदार शंकरलाल करता रहे जुम्मेवारी हर काम पर अपनी समझे। ता. १८ जनवरी, १९०६ ई. (पत्रावली-२४६(२) स्वयं छुट्टी चाहने पर प्रद्युम्नजी ऐसे रोबकार लिखाते थे—"जो के हम बजाय वालिद खुद के माफिक हुक्म काम पोथीखाने का अंजाम देते हैं—चुनांचे अब हमको भी रुखसत परदेश जाना जरूरी है, लिहाजा हुक्म है कि तहवीलदार बजाय हमारा काम सरिश्ते का करता रहे। तारीख २२ मई, १९०६ ई. द. पं. मधुसूदन ओझा ब. क. प्रद्युम्न शर्मा।"

इसी तरह सन् १९१६ में बीकानेर जाते समय रोबकार जारी हुआ—"जो के हम बकार सरकार बीकानेर जाते हैं लिहाजा हुक्म है कि तो वापसी काम सरिश्ते का पिसर प्रद्युम्न करते रहें। महकमा कारखाने जात को इत्तिला लिखी जावे। तारीख १२ अक्टूबर, १९१६ ई." ऐसे-ऐसे अनेक आदेश पत्रावलियों में है जिनसे तत्कालीन कार्य-प्रणाली का परिचय प्राप्त होता है।

पण्डित जी के समय की आवश्यक रूप से उल्लेखनीय घटना यह है कि सवाई जयसिंह के गुरु और धर्मकर्मोपदेशक रत्नाकर जी पौण्डरीक के २३०६ से भी अधिक हस्तलिखित ग्रन्थों के महत्वपूर्ण संग्रह करके पोथीखाना में सुरक्षित रख लिया गया। इस संग्रह में प्रायः सभी शास्त्रीय विषयों के ग्रंथ हैं जिनमें सर्वाधिक संख्या रत्नाकर जी के प्रपौत्र विश्वेश्वर जी पौण्डरीक द्वारा संगृहीत, लिखायित और रचित ग्रन्थों की है। बहुत से तो अज्ञात अथवा स्वल्पज्ञात हैं। इन ग्रन्थों को यद्यपि सूचनी बनाकर पंजीकृत कर लिया गया है, परन्तु विधिवत् सूचीकरण होकर प्रकाशन नहीं हुआ है।

महाराज संस्कृत पाठशाला में अध्यापकों की नियुक्ति के विषय में भी पण्डित जी से अभिमत लिया जाता था। जब १९२७ ई में यजुर्वेद के अतिरिक्त तीनों वे-ों के अध्यापन की व्यवस्था की गई तो पण्डित जी ने तीन पारम्परिक वेदपाठियों की परीक्षा लेकर उनकी नियुक्ति के लिए संस्तुति की—ये थे—पं. चिरंजीलाल जी ऋग्वेदी, पं. जयचन्द्र जी ओझा सामवेदी और पं. चुन्नीलाल जी अथर्ववेदी। ये तीनों ही पंडित कोई परीक्षा-पास प्रमाण पत्रधारी नहीं थे. गुणों और योग्यता के आधार पर ही इनका चुनाव किया गया था परन्तु ये सब यावज्जीवन अपने-अपने विषय के अधिकारी विद्वान् माने जाते थे और अन्यत्र भी इनकी सुप्रसिद्धि फैली रही। इन लोगों के बाद संस्कृत कॉलेज में वैसी वैदिक-मंडली देखने को नहीं मिली। (पत्रावली १८(१)१०७/१९२७)

सन् १९२८ ई. में भी प्रयाग में पण्डितों का महान् संस्कृत सम्मेलन हुआ उसमें पंडित जी दस दिन की छुट्टी लेकर गए थे। उन्होंने लिखा "जो के इलाहाबाद प्रयाग में बड़े-बड़े पंडितान की सभा है और वहाँ से मुझे बुलाने के लिए चिट्ठी और दो तार आ चुके हैं इसलिए वहाँ जाना जरूरी है लिहाजा महकमा खास होमडिपार्टमैण्ट को लिखा जावे कि तारीख १९-१-१९२८ से १० रोज की मंजूरी रुखसत आनी चाहिए—तारीख १६-१-१९२८ ।। माह वदी ६ सवत् १९८४ (पत्रा. १८(२)-६/१९२८) ऐसा लगता है कि जब तक माधवसिंह जी जीवित रहे पंडित जी उनसे ही "बकार सरकार" कही जाने अथवा अपने देश जाने की स्वीकृति ले लेते थे और बाद में रोबकार लिखा कर महकमा कारखाने जात को इत्तला लिखा देते थे, परन्तु महाराजा की मृत्यु के बाद नियमानुसार खास के होम डिपार्टमैण्ट से रुखसत माँगते थे। स्वर में भी कुछ बदलाव आ गया था, 'हम' के स्थान पर 'मैं' का प्रयोग होने लगा था। यह भी झलकता था कि महकमा खास वाले और अधीनस्थ विभाग वाले कुछ छेड़छाड़ करने लगे थे। सन् १९२८ में ही कारखाना पुण्य वालों ने बादल महल की बरणी में नियुक्त छ: ओझा पंडितों के वेतन के विषय में कुछ आक्षेप किए। पंडित जी स्वाभिमानी थे और अपने अधिकारों में किसी प्रकार के अनावश्यक हस्तक्षेप को सहन नहीं कर सकते थे। उन्होंने महकमा खास को कारखाना पुण्य की उनके कार्य में 'दस्तन्दाजी' की शिकायत करते हुए लिखा "इस हालत में मैं काम मौजमन्दिर व सदस्य कारखाना पुण्य व सम्हाल वरणी बादल महल का अंजाम अब नहीं दे सकूँगा। तारीख १८ मई, १९२८ मिती जेठ बु १४ संवत् १९८४।" यह लिखकर उन्होंने उक्त सभी कामों में भाग लेना बन्द कर दिया, पोथीखाना में निरन्तर आते रहे। महकमा खास और कारखाना पुण्य में बहुत लिखा पढ़ी हुई। अन्त में कारखाना पुण्य के मुन्तजिम मुंशी चांदूलाल जी की यह तहरीर प्राप्त हुई जिसमें महकमा खास का फैसला दर्ज था— "राज के ऐसे कामों में ऐसे नामी पंडितजी का शरीक न होना ना मौजू है लिहाजा इस्ताफा नामन्जूर किया जावे और पंडित जी को बदस्तूर काम करने की हिदायत दी जावे। उनकी इस अरसे की चढ़ी हुई तनख्वाह भी दी जावे। मिती मंगसर बुदी १३ संवत १९८४" इस प्रकार पाँच-छ: मास चलकर यह विवाद समाप्त हुआ। इस प्रकरण से विदित होगा कि तत्कालीन अधिकारी वर्ग भी पंडित जी की वरिष्ठता और महत्त्व के प्रति उदासीन नहीं था।

ऊपर लिखा जा चुका है कि अध्ययन समाप्ति पर अपने गुरुवर्य पंडित शिवकुमार जी से आशीर्वादात्मक आदेश प्राप्त करके पंडित मधुसूदन जी वेदार्थावगाहन का मानस बना चुके थे। तदनुसार वे वैदिकग्रन्थनिर्माण कार्य में संवत् १९९४ वि. से प्रवृत्त हुए जैसा कि उन्होंने अपनी कृति 'मधुसूदन-सरस्वती' में लिखा है—

९ ४ ९ १

"विक्रमाब्दे समारब्धो गौवेदाङ्कमहीमिते।
वैदिकग्रन्थनिर्माण-क्रमो गुरोर्निदेशतः।"

तब से ही वे वेदाध्ययन में जुट गए। दैनिक काम-काज और राजकाज नियमानुसार निपटाते थे परन्तु उनके मानस में वैदिक रहस्यों की अवगति के लिए चिन्तन और मथन चलता ही रहता था। दिन में और रात में देर तक अध्ययन और लेखन में लगे ही रहते थे, खान-पान की भी सुध नहीं रहती थी। इसी क्रम में तपस्यामय जीवन बिताते हुए उन्होंने सभी संहिताओं, ब्राह्मणग्रंथों, समस्त श्रौतसूत्रों, पुराणों, रामायण और महाभारत आदि का मंथन करके २२८ कृतियों का प्रणयन कर डाला। वे स्वयं ही अपने हाथ से लेखन कार्य करते थे और चित्र बनाते थे। इस कारण उन्होंने अनुभव किया कि वे जितना कुछ सोचते हैं, वह पूर्ण रूप से और शीघ्रता से लिपिबद्ध नहीं हो पाता है। अतः उन्होंने महकमा खास के होमडिपार्टमैण्ट को लिखा। उनका यह लेख उनकी मूल अध्ययन एवं लेखन योजना का परिचायक है 'जो के आजकल हिन्दू धर्म के हर एक सीगे में अकसर ऐसे सवालात किए जाते हैं कि जिनका ठीक-ठीक जवाब पंडितों की तरफ से न होता देख कर गैर मजहब वालों का ही नहीं बल्कि वो लोग जो हिन्दू धर्म पर चलते हैं उनका भी हिन्दू धर्म पर से धीरे-धीरे ऐतकाद उठता जा रहा है। इसीलिए हिन्दू धर्म आजकल (कुछ) ढीला पड़ता जाता है। यह हिन्दुओं के लिए शर्म की बात है। पंडितों की जानिब से इतमीनान के काबिल जवाब न मिलने का सबब यह है कि हिन्दू धर्म खासकर वेद से तअल्लुक रखता है और वेद के विज्ञान को ठीक-ठीक समझे बिना धर्म की बातों को हल करना दुश्वार है। लेकिन यहाँ वेद के अर्थ का पढ़ना-पढ़ाना कुछ अरसे से बन्द है। जो वेद का असली अर्थ जानने की पूरी ख्वाहिश भी रखते हैं वो भी पुरानी-पुरानी पुस्तकों को देखकर ठीक मतलब हल नहीं कर सकते। सबब यह है कि वेद की इबारत बहुत ही पुराने जमाने के ख्यालात से लिखी हुई है। आजकल के जमाने में यह मजमून ठीक-ठीक मतलब समझने के लिए काफी नहीं है। इसलिए आजकल के ख्यालात के मुताबिक नये मजमून से वेद के मतलब को अदा करने की निहायत जरूरत है। इसी गरज से, कुछ अरसा हुआ कि एक नया ग्रन्थ तैयार करने का काम जारी किया गया। इसके अट्ठारह भाग हैं। एक से दूसरे भाग का तअल्लुक आपस में रहने से सभी भागों का काम एक साथ जरूरी करना पड़ा। लेकिन काम बहुत बड़ा होने के कारण इसमें बहुत सी दिक्कतें दरपेश हैं। कितने ही मुखतलिफ कामों की वजह से इस काम के अभी तक जल्दी पूरा होने की उम्मीद नहीं है क्योंकि मदद के लिए दो-चार पण्डितों को इस काम के लिए मुलाजिम रखना मेरे काबू से बाहर है। ऐसी सूरत में बिना इमदाद राज यह काम कभी पूरा नहीं हो सकता लिहाजा महकमा खास सीगा इलाका गैर व होम डिपार्टमैण्ट को लिखा जावे कि अगर पोथीखाना से लेखक दो, मुसब्विर एक और पण्डित दो, दो साल के लिए मेरे घर पर तैनात हो जावें तो यह ग्रन्थ जल्द तैयार हो जावेगा और राज के नाम से ही आयन्दः छपाया जायेगा जिससे जयपुर राज की नामवरी होगी। तारीख १५ फरवरी, सन् १९२७ ई. मिती माह सुदी १४, संवत् १९८३ का।" (पत्रावली सं. २२/१८७१)

इस आवेदन के अनुसार होम डिपार्टमैण्ट से स्वीकृति प्राप्त हो गई और पंडित हेरम्ब शर्मा, श्यामसुन्दर मुसब्विर (चित्रकार) और सूरजनारायण लेखक को २५-२-१९२७

ई. से पण्डित जी के घर पर काम करने को तैनात (प्रतिनियुक्त) कर दिया गया। दो वर्ष बीतने पर पंडित जी ने फिर लिखा और कभी दो वर्ष, कभी एक वर्ष और कभी छः मास के लिए इस प्रतिनियुक्ति में वृद्धि का क्रम चलता ही रहा। अन्तिम स्वीकृति १-४-३९ को हुई और २७-९-३९ को पंडित जी का देहान्त हो गया। पंडित जी और इन कर्मचारियों का किया हुआ सब काम पंडित जी के घर पर ही रह गया। यह विचारणीय है कि पंडित जी पोथीखाना से सम्बद्ध थे और यहाँ के वेतनभोगी कर्मचारी उनकी सहायता के लिए तैनात किए गए थे फिर भी उनके लेखन का कोई भी अंश यहाँ जमा नहीं हुआ। कर्मचारी क्या-क्या और कितना-कितना कार्य करते थे इसका लेखा-जोखा भी प्राप्त नहीं है।

सन् १९३७ ई. की एक पत्रावली से विदित होता है कि पोथीखाना के कर्मचारियों की नैनाती के प्रसंग में पंडित जी से तब किए गए काम का ब्यौरा माँगा गया। तब उन्होंने लिखा—

"वेद का रिसर्च करीब पचीस-तीस वर्ष से मुस्तैदी के साथ जारी है। इसमें आठ-दस श्रेणीविभाग हैं। हर एक श्रेणी में जुदे-जुदे बहोत से चैपटर हैं जिसमें से करीब पचास से भी ज्यादा चैपटर तय्यार हैं, करीब ७० या ८० और होंगे। इनमें कुछ छप चुके हैं, बाकी बिना छपे ही रखे हैं। इनके मुतअल्लिक तसवीरें भी होंगी जो चार श्रेणी में बँटी हैं—

१. भूगोल—जमीन के मुल्कों के नक्शे, २. खगोल—आसमान के ग्रहों के नक्शे, ३. वेदविज्ञान—हिन्दू साइन्स के नक्शे और ४. यज्ञविज्ञान।

इस रिसर्च में जितनी किताबें तैयार की जावेंगी उनकी एक लिस्ट भी तैयार है जिसको देख सुन कर और पसन्द करके कितने ही लोगो ने किसी किसी मंथली में छाप कर प्रकाशित भी कर दिया है। इस रिसर्च की बहुत सी किताबों को छपी हुई देखकर हर तरफ के लोगों ने खूब पसन्द किया है।

मैं रियासत के संस्कृत डिपार्टमेण्ट की सर्विस के लिए खास पंडितों में हूँ। मेरा फर्ज है कि अपनी संस्कृत विद्या को लेकर राज की कुछ सर्विस खास तौर पर करूँ जैसे कि अगले जमाने में लोगों ने की है और उसको पुराने महाराजाओं ने पसन्द किया है। इस किस्म की किताबें हर रियासत की लाइब्रेरी में पायी जाती हैं। उम्मीद करता हूँ कि आज भी राज इस काम को पसन्द करके अपनावेंगे।

यद्यपि देखने में आता है कि आजकल बहुत से लोगों के खयालात संस्कृत विद्या की तरफ से पलट गए हैं, वे लोग इसमें कुछ खूबी नहीं समझते। उनसे मेरा सविनय निवेदन है कि जब तक किसी विद्या की जानकारी पूरी तरह न कर ली जाए तब तक उसके खिलाफ राय देना नाजायज है और उसकी जानकारी का जवाब उस इल्म के जानने

वाले उसी देश के याने हिन्दुस्तानी पंडित जैसा दे सकते हैं, शायद ही वैसा दूसरा कोई दे सकता है। यह समझ लेना कि हिन्दुस्तानी पंडित दिमाग रखते ही नहीं, यह बिलकुल गलत बात है। मेरा विश्वास है कि इसी रिसर्च से वेद के विषय में लोगों के खयालात जरूर पलट जावेगे। ऐसा काम बिदून इमदाद राज के कभी पूरा नहीं हो सकता। इसलिए अगर इस तरफ राज की निगाह नहीं होती तो मैं इस काम को पूरा नहीं कर सकता और यह मेरे लिए बड़े शोक की बात होगी, आगे मरजी राज।

जो किताबें मुलाहिजे वास्ते भेजी गई हैं वो चार सीगों में बँटी हुई हैं :—

१. रिसर्च की नई किताबें जो छपी हुई हैं,

२. रिसर्च की किताबें जो अब तक नहीं छपी हैं,

३. रिसर्च के मुतालिलक नक्शे जो चार सीगों में बंटे हुए हैं, और

४. इस रिसर्च का जिक्र जिन मन्थली पेपरों में छपा है। जो किताबें बन चुकी हैं और जो बनने वाली हैं उनकी लिस्ट भी एक अलग कागज में दर्ज है—

राजपण्डित मधुसूदन ओझा, विद्यावाचस्पति।"

पत्रावली में इस टिप्पणी के साथ अन्य ब्यौरा उपलब्ध नहीं है। ऊपर लिखे 'सीगों' की विगत भी नहीं है। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि उस समय तक कितना कार्य हो चुका था। परन्तु अन्यत्र एतत्सम्बन्धी सूचनाएँ प्रकाशित हुई हैं जो वहीं अवलोकनीय हैं। यह सामग्री लौट कर आने पर पण्डित जी के घर पर ही गई होगी। पोथीखाना में इनके सम्बन्ध में कोई अन्य सूचना अङ्कित नहीं है।[1]

ऐसा लगता है कि महकमा खास द्वारा पूछताछ करने अथवा किसी विदेशी विद्वान् से उनके काम पर सम्मति प्राप्त करने के प्रयत्न से पण्डित जी अप्रसन्न हो गए इसी कारण यह तीखी टिप्पणी लिखाई।

संवत् १९९३ में जयपुर के सामन्तों, सेठ साहूकारों और प्रबुद्ध नागरिकों ने अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन के तत्वावधान में पण्डित जी की सप्ततिपूर्ति पर हीरक जयन्ती मनाई। इन अवसर पर बम्बई के शुद्धाद्वैत सम्प्रदायाचार्य गोस्वामी श्री गोकुलनाथजी ने अध्यक्षता की और देश के बड़े-बड़े विद्वानों ने भाषण दिए। यह महोत्सव जयपुर के रामनिवास बाग स्थित विशाल एलबर्ट हाल में मनाया गया था। इसी अवसर पर अ. भा. संस्कृत सम्मेलन के मासिक मुख पत्र 'संस्कृत रत्नाकर' का वेदांक नाम से विशेषांक भी प्रकाशित हुआ जिसमें जयपुर और बाहर से आए हुए प्रतिष्ठित विद्वानों के गंभीर लेख मुद्रित हुए। पंडित जी को अभिनंदनपत्र भी समर्पित किया गया। खेद है कि इस

१. ग्रंथों की सूची के लिए वेदांक, पृ. २४७ से २५२ द्रष्टव्य है।

उत्सव, अभिनन्दन और पंडित जी के भाषणविषयक कोई भी सूचना पोथीखाना के अभिलेखों में नहीं पाए गए। 'वेदांक' की एक प्रति अवश्य ही पुस्तकसंग्रह में प्राप्त है। इस विशेषांक में पंडित जी के जीवन-चरित और रचनाओं से संबंधित अनेक महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ सङ्कलित हुई हैं। उस समय तक पंडित जी की अनेक कृतियाँ प्रकाशित भी हो चुकी थीं। परन्तु उनका प्रचार-प्रसार संस्कृत विद्वज्जगत् तक ही सीमित था। ईसवीं सन् १९३४ में पंडित जी के ग्रंथों को सुचारु रूप से सम्पादित कराकर मुद्रित करवाने हेतु आगरा विश्वविद्यालय के तत्कालीन रजिस्ट्रार पंडित श्यामसुन्दर जी शर्मा के प्रयत्न से सर गोपीनाथ जी पुरोहित की अध्यक्षता में एक समिति गठित हुई। पंडित गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जी और ठाकुर नरेन्द्रसिंह जी जोबनेर आदि वरिष्ठ विद्वान्, सामन्त और नागरिक इस समिति के सदस्य हुए। स्वयं पंडित नवलकिशोर जी ग्रंथ-सम्पादक के रूप में नामांकित हुए। इस समिति के तत्वावधान में भी अनेक कृतियों का प्रकाशन हुआ और प्राय: स्थानीय श्री बालचन्द्र प्रेस में ही उनका मुद्रण हुआ। परन्तु आश्चर्य है कि जयपुर सरकार द्वारा यह नियम बना देने पर भी कि स्थानीय प्रेसों में छपने वाली प्रत्येक पुस्तक की एक-एक प्रति पोथीखाना में भेट दी जावे पंडित जी के ग्रंथ यहाँ पर जमा नहीं हैं। पोथीखाना उनकी कार्यस्थली रही; यह एक विडम्बना ही मानी जाएगी कि पंडित जी के वैदुष्य के मूर्त साक्ष्य यहाँ न मिलें।

उक्त पंडित श्यामसुन्दर जी शर्मा पंडित जी के भक्त और परम प्रशंसक थे। राजस्थान संघ बन जाने पर वे मुख्यमन्त्री के प्रधान सचिव और पदेन संस्कृत (विकास) मंडल के सचिव भी नामांकित हुए। सन् १९५० ई. में संस्कृत मंडल के अन्तर्गत राजस्थान पुरातत्व मंदिर (अब सरकारी राजस्थान-प्राच्यविद्या-प्रतिष्ठान) की संस्थापना हुई। इसके प्रथम बजट में ही शर्मा जी ने पंडित मधुसूदन ओझा के ग्रंथों के प्रकाशनार्थ दस हजार रुपये का प्रावधान कराया। तदनुसार पंडित जी की विशिष्ट कृति "महर्षिकुल-वैभवम्" उनके वरिष्ठ शिष्य पंडित गिरिधर शर्मा जी महामहोपाध्याय के सम्पादन में हिन्दी व्याख्या सहित पुरातत्त्वमन्दिर के आद्य प्रकाशनों में अवतरित हुई। अनन्तर, पंडित जी के सुयोग्य पुत्र पंडित प्रद्युम्न शर्मा जी के पास उक्त कृति की मूल प्रति भी उपलब्ध हुई, उसका मूल पाठ भी मन्दिर (प्रतिष्ठान) द्वारा प्रकाशित कर दिया गया। इसके बाद पंडित प्रद्युम्न जी शर्मा ने यह विचार प्रकट किया कि उनकी जागीर के लिए जो अधिग्रहण-राशि मिलेगी उसी से एक न्यास स्थापित करके अपने पिता के ग्रंथों का प्रकाशन करावेंगे। पंडित जी के प्रिय शिष्य स्वर्गीय पंडित मोतीलाल जी ने अपने गुरुवर्य द्वारा वेदार्थावगाहन को प्रकाश में लाने का महत् और स्तुत्य प्रयास किया उसमें उनका स्वयं का अध्ययन और चिन्तन भी सम्मिलित है। इस मणिकाञ्चनयोग से वेदानुसंधायक जगत् बहुत उपकृत हुआ है और पंडित जी की परम्परा अग्रसर हुई है और, सबसे अधिक उपयोगी और युगानुकूल प्रयास तो अब पंडित मोतीलाल जी शास्त्री के सुपुत्र श्री कृष्णचंद्र जी और उन्हीं के सुपौत्र पंडित प्रद्युम्न शर्मा जी को साथ लेकर राजस्थान पत्रिका के संस्थापक-सम्पादक श्री कर्पूरचन्द जी 'कुलिश' कर रहे हैं। इस त्रिपुटी के

सहयोग में पंडित जी की कृतियाँ सरल से सरलतर रूप में साधारण-जनगम्य होकर सामने आ रही हैं। कुलिश जी तो विदेशों में भी जाकर वैज्ञानिक उपकरणों के माध्यम से वैदिक विज्ञान का बोध कराते रहते हैं। इस प्रक्रिया से पंडित जी के उद्देश्य की बहुत कुछ पूर्ति हो रही है तथा वैदिक और भारतीय चिन्तनपरम्परा से विश्व के विद्वान् परिचय प्राप्त कर रहे हैं।

पंडित जी की अधीति का विषय गूढ़, उनका अध्ययन गहन, प्रतिभा प्रखर और अभिव्यक्ति में अभिनवता थी। उनकी भाषा संस्कृत थी, वे इसी में सोचते और लिखते थे। वास्तव में वेद के अर्थों की परिभाषाएँ पहली बार ही संस्कृत के अतिरिक्त अन्य भाषा में लिखी भी नहीं जा सकतीं। समय के अन्तराल से तत्कालीन पारिभाषिक शब्द प्रचलन में नहीं रहे और अब उन अर्थों को सरल रूप में व्याख्यायित करना कठिन पड़ता है। संभवतः इसीलिए जब बहुप्रज्ञ पंडित जी की बात कोई अल्पप्रज्ञ सामान्यजन नहीं समझ पाता था तो वे क्रुद्ध हो जाते थे। फिर भी, ऐसी बात नहीं थी कि वे अपना मंतव्य सरल चालू भाषा में न समझा सकते हों। उनकी तहरीरों और रोबकारों में इसके उदाहरण देखे जा सकते हैं। भाषणों में भी उनकी भावाभिव्यंजना अवसरानुकूल ही होती थी। यदि कोई उनसे शास्त्रीय अथवा दार्शनिक प्रश्न कर बैठता तो वे उसे अपने प्रमाणपुष्ट प्रवचनों से सन्तुष्ट कर देते थे। उदाहरण स्वरूप आगे कुछ प्रसंग उद्धृत किए जा रहे हैं—

शक संवत् १८६० (सन् १९३८ ई.) में रायपुर (मध्य-प्रदेश) निवासी शैवाचार्य मधुसूदन दंडी ने पंडित जी के पास छः प्रश्न व्याख्या के लिए भेजे जिनका विस्तृत उत्तर उन्होंने अपने शिष्य तथा सहयोगी पंडित हेरम्ब शर्मा शास्त्री को लिखवा कर दंडी जी के पास भेजा।

विषय की गंभीरता तथा पंडित ओझा जी की वैदुष्यपूर्ण व्याख्या शैली के उदाहरण स्वरूप प्रश्नों तथा उत्तरों को अविकल रूप से उद्धृत किया जा रहा है।

द्रष्टव्य है कि शास्त्रीय तथा दार्शनिक विषयों की व्याख्या पंडित जी तदनुरूप ही करते थे, परन्तु बीच-बीच में चलती भाषा तथा उर्दू-फारसी के शब्दों का प्रयोग करने में भी कोई संकोच नहीं करते थे। ऐसा लगता है कि उनकी हिन्दी फारसी-मिश्रित कचहरी की प्रचलित उर्दू भाषा से प्रभावित रहती थी।

यदि उनको कोई सुयोग्य श्रुति लेख लिखने वाला उपलब्ध हो जाता तो वे अपनी कृतियों को सरलतम रूप में लिखवा देते।

आज बहोत नजर आते ज्ञानी, तपी योगी गली गली रास्ते में।
मनमाने मत जाहिर करते जो अज्ञान फैलता जगत् में ॥
संदेह कोई मिटाओ विकल्प न उठै मिले पिण्ड तथा ब्रह्म में।
और पोषक भी होता नीचे दिये हुए भक्त सन्तों के कवित्त में ॥

सकल पदारथ हैं जग माहीं, करमहीन नर पावत नाहीं ।।

(१) मूकं करोति वाचालं, पङ्गुं लङ्घयते गिरिम्।
यत्कृपा तमहं वन्दे, परमानन्दमाधवम् ।। स्तुतिपाठ ।।

(२) नासते विद्यते भावो, नाभावो विद्यते सतः ।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः ।। गी. अ. २.१६

(३) गवां शतसहस्रं च ग्रामाणां च शतं वरम् ।
सर्वाभरणसम्पन्ना मुग्धाः कन्यास्तु षोडश ।। अ. रा. स, १४,
युद्धकाण्ड-श्लोक ६१.

(४) एक राम दशरथ का छोरा, दूजा राम घट-घट विचरा ।
तीजा राम सबसे न्यारा, आप राम किसके सहारा । (संत वचन)

(५) नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।। गी. अ. २-२३,

(६) ऊँ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात्पूर्णमुदच्यते ।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते ।। शान्तिपाठ ।।

रायपुर, ज्येष्ठ शुक्ला १५

(ह.) श्री ११०८ शैवाचार्य
मधुसूदनाश्रम दंडी
दिवाण जी का बडा तात्यापारा
पोस्ट-रायपुर (सो. पी.)

वैदिकविज्ञानमहार्णवमहामहोपदेशकसमीक्षाचक्रवर्ती
विद्यावाचस्पति ओझा जी श्रीमान् पं. मधुसूदनशर्माजी
द्वारा लिखाया गया—

मूकं करोति वाचालं पङ्गुं लङ्घयते गिरिम् ।
यत्कृपा तमहं वन्दे परमानन्दमाधवम् ।।१।।

अयम्भावः । भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः सत्यम्— इस तरह सप्तव्याहृतिमय सप्तवितस्ति परिमित एक ईश्वर स्वरूप है । जैसा कि भागवत में लिखा है—

"**क्वाहं तमो महदहं खचरोऽग्निवार्भूः संवेष्टिताण्डघटसप्तवितस्तिकायः ।**" इस ईश्वर के शरीर में स्वयभू, परमेष्ठी, सूर्य, चन्द्र, पृथ्वी—ये पांच पुण्डीर हैं । उनमें स्वयम्भू, सूर्य, पृथ्वी ये तीन अग्निमण्डल और परमेष्ठी तथा चन्द्र ये दो सोममण्डल

१ २ ३

कहलाते हैं । **याजुषाग्निः (ब्रह्माग्निः) देवाग्निः (वागग्निः)** अन्नादाग्निः (पाशुकाग्नि) स्वरूप इन तीनों अग्नियों में सोम रूप अन्न की आहुति से यह प्राकृत यज्ञ अनवरत होता रहता है जिससे इस संसार का स्वरूप बनता है और बना रहता है । अत एव **'अग्नीषोमात्मकं जगत्'** ऐसा सिद्धांत है । इनमें सोम उस पदार्थ को कहते हैं जो अग्नि में आहूत होने पर अग्नि ही बन जावे, अपनी स्वरूप सत्ता को खो बैठे जैसे आज्य कर्पूरादि । ऐसी स्थिति में **'तन्मध्यपतितस्तद्ग्रहणेन गृह्यते'** इस न्याय से पांच मण्डल की जगह

१ २ ३

स्वयम्भू, सूर्य पृथ्वी— ये तीन अग्निमण्डली हैं, प्रधान रह जाते हैं । ये तीनों मण्डल क्रम

१ २ ३

ब्रह्मा, विष्णु, महेश के नाम से पुकारे जाते हैं । यह त्रेताग्निमय त्रिसंस्थ विश्वात्मा ईश्वर का स्वरूप है । अत एव इससे उत्पन्न हुआ विश्व भी ज्ञान, कर्म, अर्थ—इस तरह तीन विभागों में बंटा हुआ है, जिनमें सबसे ऊपर का ईश्वर-शिरस्थानीय स्वयम्भूमण्डल वेदवाङ्मय होने से ज्ञानप्रधान ब्रह्मा माना गया है; और अन्त में **'पद्भ्यां पृथ्वीति'** पादस्थानीय पृथ्वीमण्डल अर्थप्रधान भूतपति पशुपति शिव है ज्ञान और अर्थ में स्वतः क्रिया नहीं होने से ये दोनों ही अक्रिय हैं; तीसरा मध्यस्थित **'प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः'** इससे प्राणस्वरूप क्रिया समर्पक उरस्थानीय सूर्यमण्डल विष्णुमण्डल है । इस मण्डल से ही पूर्वोत्तर मण्डलों में क्रियाशक्ति दी जाती है । जैसा कि श्रुति कहती है—

"यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै ।
तं ह देवमात्मबुद्धिप्रकाशममुमुक्षुर्वै शरणमहं प्रपद्ये ॥"

"यज्ञ इन्द्रमवर्द्धयत् । तद्भूमिं व्यवर्तयत् । चक्राण ओपशं दिवि" यही बात ध्यान में रखता हुआ किसी कार्य को उद्यत कर्मठ पुरुष अपने में स्वकार्य सम्पन्न करने की शक्ति प्राप्त करने के लिए सर्वतः प्रथम क्रियाशक्तिसमर्पक विष्णुमण्डल को लक्ष्य करके स्तुति करता है—**'मूकं करोति वाचालं'** अर्थात् गूंगे को भी बहुत बोलने वाला कर देना यह आपकी ही कृपा का वैभव है । 'पंगु लंघयते गिरिम्' अर्थात् चरणरहित को चलने की शक्ति भी आपकी ही कृपा से मिलती है—जिसकी बदौलत वह पंगु पहाड़ का भी उल्लंघन कर सकता है । ऐसे परमानन्दस्वरूपमाधव (भगवान्) को नमस्कार करता हूँ । यहाँ परमानन्द में 'परम' पद का यह रहस्य है कि आनन्द दो प्रकार का होता है—एक शान्तानन्द (आत्मानन्द), दूसरा विषयानन्द जिसको समृद्धानन्द भी कहते हैं । पुत्रवित्तादि के प्राप्त होने पर जो आनन्द होता है वह विषय-सापेक्ष होने से विषयानन्द कहलाता है; परन्तु उसके क्षणिक होने की वजह से योगियों द्वारा यह उपेक्षणीय समझा गया है, इससे अतिरिक्त आत्मानन्द है जिसको नित्यानन्द कहते हैं । जैसा कि 'आनन्दमयोऽभ्यासात्' इस सूत्र में कहा गया है । इसके प्राप्त होने पर तमाम हृदयग्रन्थियाँ टूट जाती हैं और सम्पूर्ण संशय भी दूर हो जाते हैं । और अन्त में पाप-पुण्यादि समस्त कर्मों से छुटकारा पाकर मनुष्य मोक्ष को प्राप्त हो जाता है । तथाहि—

"भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशयाः ।
क्षीयन्ते चास्य कर्म्माणि तस्मिन् दृष्टे परावरे ।।"

ऐसे नित्यानन्दघन माधव को—**मा लक्ष्मीः तस्याः धवः पतिः लक्ष्मीपतिः नारायण अथवा तस्याः धवः पतिः स्वामीः, अर्थात् पृथ्वी माता** द्यौः पिता यानि जगत्-पिता उस सूर्यरूप विष्णु भगवान् को नमस्कार करता हूँ ।

प्रश्न—२ नासतो विद्यते भावो नाभावो विद्यते सत. ।
उभयोरपि दृष्टोऽन्तस्त्वनयोस्तत्त्वदर्शिभिः ।।

यन्नास्ति—जो विद्यमान नहीं है । अथवा तिरस्थितं न प्रतिभाति, अन्तर्लीन होने से जिसका स्वरूप प्रत्यक्ष नहीं भासता हो उसको असत् कहते हैं; अर्थात् परसत्ता से प्रतिष्ठित होने पर भी स्वरूप से अप्रतिष्ठित प्रतिक्षण विलक्षण नास्ति, अस्ति, नास्तीतित्रिक्षणयुक्त प्राणरूपतत्त्व को असद् ब्रह्म कहते हैं । जैसा कि शतपथ में लिखा है—

"असद्वा इदमग्र आसीत्—किं तदसत् । ऋषयो वाव तेऽग्रेऽसदासीत् । के ते ऋषयः प्राणा वा ऋषयः ।" शतपथ ब्राह्मण (६/1/1/1)

यदिहास्ति, तो विद्यमान यानी सताश्रय है । अथवा यद्रूपमाविः प्रतिभाति । नामरूपकर्म्म-द्वारा जिसका स्वरूप प्रत्यक्ष भासता हो उस सर्वाकाशव्यापी सर्वदा एक रूप से सर्वत्र स्थित रहने वाले त्रिकालाबाधित प्रतिष्ठारूप तत्त्व को सद्ब्रह्म कहते हैं । जैसा कि श्रुति कहती है—

"सदेवेदं सौम्य अग्र आसीत् । कथमसतः सज्जायेत ।
प्रत्यस्ताशेषभेदं यत सत्तामात्रगोचरम् ।
वचसामात्म संवेद्यं तद्ज्ञानं ब्रह्मसञ्ज्ञितम् ।।१

अस्तीति ब्रुवतोऽन्यत्र कुतस्तदुपलभ्यते ।
अस्तीत्येवोपलब्धस्य तत्त्वभावः प्रसीदति ।।२

असत्यमप्रतिष्ठं ते जगदाहुरनीश्वरम् ।
अस्तिब्रह्मेति चेद्वेद संतमेनं ततो विदुः ।।३

सर्वं खल्विदं ब्रह्म । ब्रह्मैवेदं सर्वम् । सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म । अयमात्मा ब्रह्म । अविनाशी वा अयमात्माऽनुच्छित्तिधर्मा ।"—उपनिषद् । अयं भावः अनादिकाल से अनन्तकाल तक स्थित रहने वाला तथा प्रतिक्षण विलक्षण नित्य परिवर्तनशील विरुद्ध धर्मद्वय समष्टि इस विश्व के सत् और असत् ये दो तत्त्व हैं । ऐसा तत्त्वदर्शी विद्वानों का सिद्धान्त है । उसमें स्थितिधर्म-प्रयोजक प्रतिष्ठातत्व को सद्ब्रह्म अर्थात् आत्मा कहते हैं । और **"मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति"** इस सिद्धान्त के अनुसार प्रतिक्षण विलक्षण नित्य परिवर्तनशील कार्य स्वरूप प्राणरूपतत्व को असद् ब्रह्म (कर्म या मृत्यु कहते हैं । इनका निर्वचन वेद तथा अन्यान्य शास्त्रों में नाना प्रकार से है । तथा हि—

१ ब्रह्म च कर्म्म च—ब्रह्मैवेदं सर्वम्। कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः (गीता)

२ रसः बलञ्च—अस्तीति प्रतिपत्तिहेतुः रसः। रसो हि सः रसमेव लब्ध्वानन्दी भवति। को ह्येवान्यात् कः प्राण्यात् यथेष आकाश आनन्दो न स्यात् रसे प्रसुप्तो मृत्युर्बलम्। रसं वलते चेष्टयतीति बलम् (उ.)

३ अमृतं मृत्युश्च—मृत्योर्मा अमृतं गमय (शत.)

४ ज्योतिश्च तमश्च—तमसो मा ज्योतिर्गमय (शत.)

५ मूर्त्तञ्चामूर्त्तञ्च—द्वावेव ब्रह्मणो रुपे। मूर्त्तं चामूर्त्तं च। (उ)

६ सत् च असत् च—असतो मा सद्गमय। (शत.)

७ पूर्णञ्च शून्यञ्च–तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्। नैवाग्रे किंचनास। ऋ. (उ.)

८ कारणञ्च कार्यञ्च-यतो व इमानि भूतानि जायन्ते येन जातानि जीवन्ति यन्त्यभिसंविशति तद् ब्रह्म। सर्वं खल्विदं ब्रह्म (शारीर.) (उ.)

९ आत्मा च शरीरञ्च-"आत्मेवाधस्तात् आत्मा पुरस्तात् आत्मा दक्षिणत आत्मोत्तरत आत्मेवेदं सर्वम्। न प्राणमन्तरात्मेत्याख्यायते। तत्र वागुपहिता अथ वागेवेदं सर्वम्।"

१० विद्या च अविद्या च–"विद्यां चैवाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह।"

११ 'सत् च त्यञ्च–तदेतत् त्र्यक्षरं सत्यम्। स इत्येकमक्षरं, तीत्येकक्षरं अमित्येकमक्षरं प्रथमोत्तमे अक्षरे सत्यम्। मध्यतोऽनृत्। तदेतदनृतं सत्येन परिगृहीतं सत्यभूतमेव भवति।" (शत.)

इस तरह भिन्न-भिन्न स्थानों में नाना प्रकार से इन पदार्थों का विवेचन मिलता है परन्तु इसमें संशय नहीं करना चाहिए। क्योंकि असत् पहले था और सत् पीछे हुआ यह एक प्राचीन मतवाद है। उसका यह अभिप्राय है कि सृष्टि उत्पन्न होती है तो उसका प्रागभाव अवश्य था। जैसे—घटोत्पत्ति के पूर्व घट का प्रागभाव स्वतः सिद्ध है। उस अभाव के द्योतक असत् पद को रखकर **"असद् वा इदमग्र आसीत्।"** यह श्रुति वाक्य है। यद्यपि घटोत्पत्ति के पहले घट नहीं था तथा उपादान कारण मृत्तिका अवश्य थी। उसके बगैर घटोत्पत्ति कदापि नहीं हो सकती। तद्वत् सृष्टि का मूलतत्व ब्रह्म प्रथम

अवश्य था, उसके बिना सृष्टि की उत्पत्ति हो ही नहीं सकती। जैसा कि श्रुति कहती है-"**सदेवेदं सौम्य अग्र आसीत्। कथमसतः सज्जायेत।**" यह हुआ सत् और असत् पदार्थ का विवेचन; परस्पर विरुद्धधर्मा (अर्थात् अनमेल) इन पदार्थों के विषय में सूक्ष्मतत्त्वदर्शी विद्वानों का ऐसा सिद्धान्त है कि—**असतः भावो न विद्यते, सतः अभावो न विद्यते, अर्थात् यः सत्तया भाव्यते स भावः भावनाभिर्भियते वा स भावः, ये उद्भवन्ति ते भावाः पदार्थाः।** जो उत्पन्न पदार्थ सत्ता से अथवा भावना से स्पष्ट प्रतीत हो सके और जात्याकृति व्यक्ति का विभाग जिसमें हो उसे भाव या पदार्थ कहते हैं, जैसा लिखा है—"**जात्याकृतिव्यक्तय: पदार्थाः। द्रव्ये गुणकर्मणां सामान्यविशेषाभ्यां ये समवायास्ते पदार्थाः।**" सत्तासिद्ध, भातिसिद्ध और उभयसिद्ध भेद से पदार्थ तीन तरह के होते हैं; अत एव **अस्तीति भाति भातीत्यस्ति।** (है इसलिए भासता है, भासता है इसलिए है) ऐसा लौकिक व्यवहार देखा जाता है। इनमें घट पदार्थ सत्तासिद्ध और दिग्देशकालपरिणाम पृथक्त्वादि भातिसिद्ध हैं।

'**तन्तुषु पट**' इत्यादि में समवाय सम्बन्ध उभयसिद्ध है। ऐसी अवस्था में स्वरूपतः अप्रतिष्ठित-प्रतिक्षण-विलक्षण नित्यपरिवर्तनशील असत् प्राणवत् इस कार्यरूप शरीर की (भावो न विद्यते) त्रिकालाबाधित सत्य की तरह चिरकाल तक प्रतिष्ठा नहीं रह सकती। अर्थात् असतः सत्त्वमनुपपन्नम्। क्योंकि—

> अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत।
> अव्यक्तनिधनान्येव तत्र का परिदेवना॥ (गीता)

ऐसा सिद्धान्त है। उसी तरह "**एतदालंबन श्रेष्ठमेतदालबनं परम्**" इति श्रुति वाक्य के अनुसार लोकत्रयव्यापी अविनाशी प्रतिष्ठा तत्त्वरूप उस परब्रह्म परमात्मा का (**अभावो न विद्यते**) कभी नाश (अपलाप) नहीं होता। सत्पदार्थ कभी असद्रूप नहीं हो सकता। ऐसी अवस्था में तेरा शोक करना सर्वथा अनुचित है, यह युद्ध-स्थल में श्रीकृष्ण का अर्जुन के प्रति उपदेश है।

प्रश्न—३ पूर्णमदः पूर्णमिदं पूर्णात् पूर्णमुदच्यते।
पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते॥

अयम्भावः।

> "तस्मात्परं नापरमस्ति किञ्चित्
> तस्मान्नाणीयो न ज्यायोऽस्ति किञ्चित्।
> वृक्ष इव स्तब्धो दिवि तिष्ठत्येक-
> स्तेनेदं पूर्णं पुरुषेण सर्वम्॥" (ऋ. वे.)

इस श्रुति का अश्वत्थवृक्षवत् स्थित (निश्चल) उस अमृतमय पूर्णरूप पुरुष से सम्पूर्ण जगत् परिपूर्ण है यह तात्पर्य है। अक्षर क्षर को पेट में लिए हुए अव्ययात्मा ईश्वर को

पुरुष कहते हैं। जैसा गीता में लिखा है—

"द्वाविमौ पुरुषौ लोके क्षरश्चाक्षर एव च।
क्षरः सर्वाणि भूतानि कूटस्थोऽक्षर उच्यते ॥
उत्तमः पुरुषस्त्वन्यः परमात्मेत्युदाहृतः।
यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय ईश्वरः ॥" इति गीता ॥

इस त्रिपुरुष को गूढोत्मा अमृतात्मा कहते हैं। दिग्देशकालादि से अनवच्छिन्न अखण्ड पूर्ण रूप सर्वाकाशव्यापी द्वित्व बहुत्वादि भेद से रहित सदा एक रूप से रहने वाला अमृत पदार्थ है। इसका स्वरूप ऐसा है—

सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु।
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम् ॥
एष सर्वेषु भूतेषु गूढोत्मा न प्रकाशते।
समं सर्वेषु भूतेषु नश्यत्सु न विनश्यति ॥

इससे रिक्त कोई भी स्थान नहीं है; अतएव सर्वाकाशव्यापी सर्वत्रानुस्यूत इस अमृततत्व को पूर्ण ब्रह्म कहते हैं। यह पुरुष रूप पूर्णब्रह्म एक पूर्ण पदार्थ है। दूसरा पूर्ण पदार्थ कर्म है। यद्यपि **'नैवाग्रे किञ्चिन्नास'** इत्यादि श्रुतिवाक्यों से **'शून्यलक्षणो मृत्युः'** यह बात सिद्ध होती है तथापि सर्वत्र व्याप्त पूर्ण रूप अमृत पदार्थ के आश्रित मृत्यु पदार्थ भी सर्वत्र व्याप्त होने से पूर्ण रूप कहलाता है। **अर्धं वै प्रजापतेरात्मनोमर्त्यमासीदर्धममृतम्।** (शत.)

अन्तरं मृत्योरमृतं मृत्यावमृतमाहितम्।
मृत्युर्विवस्वन्तं वस्ते मृत्योरात्मा विवस्वती ॥
तस्मान्मृत्युर्न म्रियते ॥" (शत.)

इस अव्ययालम्बित अक्षर प्रजापति का आधा हिस्सा नित्य क्षरणशील होने की वजह से मृत्यु से आक्रान्त अर्थात् मर्त्य भाग कहलाता है जिसको क्षरपुरुष कहते हैं। उस पूर्णरूप अमृत के गर्भ में सर्वत्र मृत्यु प्रविष्ट रहता है और मृत्यु के पेट में अमृत प्रविष्ट रहता है। अतएव मृत्यु की मृत्यु नहीं होती है। यह इन श्रुतिवाक्यों में सिद्ध होता है। सर्वत्र परिपूर्ण अमृत पदार्थ से रिक्त स्थान न होने पर भी अमृत पदार्थ धामच्छद नहीं है। अतः उसमें दूसरे—पूर्णरूप मृत्यु-पदार्थ— का प्रवेश हो जाता है।

एतावता, एक पूर्णरूप अमृत के पेट में सर्वत्र, दूसरा पूर्णरूप यह मर्त्य भाग है जिससे इन कार्यरूप विश्व का स्वरूप बनता है।

विश्व सर्वत्र मृत्यु से आक्रान्त है यानि कर्म से रहित नहीं है। अतएव—**"नहि कश्चित् क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत् (गीता)** ऐसा भगवत्सिद्धान्त है। अर्थात् ब्रह्म में

कर्म, अमृत में मृत्यु, आत्मा में विश्व, कर्म में ब्रह्म, मृत्यु में अमृत, विश्व में आत्मा इस तरह एक का स्वरूप एक दूसरे से पूर्ण है। इस स्थिति का द्योतक **"पूर्णमदः पूर्णमिदं"** यह पद है। यहाँ 'अदः' पद से विश्व का मूल कारण सर्वाकाशव्यापी अमृतमय पूर्णरूप आत्मब्रह्म समझना चाहिए; और 'इदं' पद जहाँ तक अमृत है वहाँ तक का सारा भाग कर्ममय मृत्यु से आक्रान्त विश्व का द्योतक है। यह हुआ **"पूर्णमदः पूर्णमिदं"** का अर्थ। अब **"पूर्णात् पूर्णमुदच्यते"** इससे आगे का क्रम बतलाते हैं। यह अभिप्राय है कि **"सर्वधर्मोपपत्तेश्च"** अर्थात् सर्वबलविशिष्ट, सर्वशक्तिघन, पूर्णरूप उस सच्चिदानन्द ईश्वर से सच्चिदानन्द-स्वरूप इस विश्व का उदञ्चन (उत्पत्ति) होता है। अतएव—

"यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह।" (उ.)
जायमानो ह वै जायते एताभ्य सर्वाभ्यो देवताभ्यः। (शत.)

१
"यथाण्डे तथा पिण्डे" ऐसा सिद्धान्त है; अथवा अनन्तबल घन परात्पर में, माया,
२ ३ ४ ५ ६ १ २ ३
कला, गुण, विकार, आवरण, अंजनादि पृथक्-पृथक् बलावच्छिन्न परात्पर पुरुष षोडशी
४ ५ ६ ७
सत्य यज्ञ विराट् विश्व इस तरह सप्त संस्थामय विश्व का स्वरूप बन जाता है। यह **"पूर्णात्पूर्णमुदच्यते"** इसका तात्पर्य है। इससे सृष्टिक्रम बतलाया गया है।

"पूर्णस्य पूर्णमादाय पूर्णमेवावशिष्यते।"

इससे प्रतिसंचर क्रम में भी ब्रह्म कर्म से परिपूर्ण इस विश्व में आत्मब्रह्म ही शेष रहता है, यह बात बतलाई गई है।

"एकधैवानुद्रष्टव्यं नेह नानास्ति किञ्चन" (बृ. उ.)
"मृत्योः स मृत्युमाप्नोति य इह नानेव पश्यति।।" (बृ. उ.)

इत्यादि श्रुतिवाक्यों के अनुसार मृत्युगत नानात्व बुद्धि को हटाने पर अथात् मृत्युमय पूर्णरूप को निकाल देने पर—**"नेति नेत्यात्मा अशीर्य्यो नहि शीर्य्यते, असंगो नहि सज्जते, असितो न व्यथते,"** यह पूर्णरूप अविनाशी आत्मब्रह्म ही शेष रह जाता है। इत्यर्थः। इसका स्वरूप लोक में नवसंख्यात्मक है। विस्तारभय से उसका यहाँ लिखना उचित नहीं समझकर छोड़ दिया गया है। इसको जानने की इच्छा वाले जिज्ञासु लोग श्रीगुरुचरणों द्वारा निर्मित गीताविज्ञानभाष्य के तृतीय काण्डान्तर्गत गीताकृष्णरहस्य का अवलोकन करें, उसमें नव संख्या का वैज्ञानिक स्वरूप तथा अन्यान्य श्रीकृष्ण सम्बन्धी नाना वैज्ञानिक तत्त्वों का सुविशद रूप से वर्णन है। गीता में प्रदर्शित वैज्ञानिक भावों को समझाने के लिए यह एक अलौकिक ग्रन्थ है।

प्रश्न-४ : नैनं छिन्दति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

अयम्भावः—अंशो नाना व्यपदेशात् "ममैवांशो जीवलोके जीवभूतः सनातनः" इत्यादि वाक्यों से विराट् रूप उस महापुरुष ईश्वर का ही एक अंश योगमायाव्यवच्छेद से प्रवर्ग्य रूप में अल्पाल्प होता हुआ क्लेशकर्मविपाकाशयादि अविद्या रूप पाप्माओं से संसृष्ट होकर जीव प्रजापति बन जाता है। **"दशाक्षरा वै विराट्"** ईश्वर का विराट् रूप दशावयव है। अतः तदंशभूत जीव भी दशात्मसमष्टि-क्षुद्र विराट् कहलाता है। ईश्वर में अमृत, ब्रह्म, शुक्र–ये तीन विभाग हैं। जैसा श्रुति कहती है—

"तदेव शुक्रं तद्ब्रह्म तदेवामृतमुच्यते" इति।

१. अमृत भाग में—४ परात्पर, अव्यय-अक्षर-क्षर यह आत्म-चतुष्टयी है॥
२. ब्रह्म में–५ स्वयंभू-परमेष्ठी, सूर्य-चन्द्र-पृथ्वी यह पंच प्राकृतात्मा है। ५.
३. शुक्र वर्ग में–वाग्।आपः-अग्निः। अग्निः-आपःवाक्॥ इस तरह मर्त्यामृत शुक्र समष्टि हे।

एवं ४।५।१। मिलकर सम्पूर्ण-विश्वविराट् रूप ईश्वर का स्वरूप है। तद्वत् जीव में भी आत्मग्राम, देवग्राम, भूतग्राम ये तीन भाग हैं।

१. उस आत्मग्राम में परात्पर, अव्यय, अक्षर, क्षर—ये चारों मिलकर एक गूढोत्मा कहलाता है। यह अमृत भाग है।

२. शान्तात्मा, महानात्मा, विज्ञानात्मा, प्रज्ञानात्मा और भूतात्मा— ये पाँच क्रम से अव्यक्त, त्रैगुण्य, बुद्धि, मन, शरीर के नाम से अध्यात्म में प्राकृतात्मायें हैं जो कि ब्रह्म सत्य के नाम से पुकारी जाती हैं।

३. और, पंचमहाभूत से बना हुआ शरीरात्मा बाह्यात्मा कहलाता है। इस तरह ४-५-१ मिलकर दशात्म समष्टि जीव प्रजापति का स्वरूप है।

१. अव्ययाक्षर क्षर से गूढोत्मा का स्वरूप बनता है। यहाँ सर्वालम्बन अव्यय है; सर्वशक्तिघन सर्वकर्ता जगन्निर्माता अक्षर है; विपरिणामी उपादान कारण क्षर है।

२. पंचविश्वसृज, पंचपंचजन, पंचपुरंजन—ये मिलकर एक शान्तात्मा।

३. सत्त्व-रज-तम, अथवा आत्मा प्राणाः पशवः भेद से त्रिपर्वा त्रैगुण्यात्मा है।

४. तथा धर्म्म, ज्ञान, वैराग्य, ऐश्वर्य—ये ४; विद्या बुद्धि और अविद्या; अस्मिता, राग-द्वेषौ, अभिनिवेशश्चेति ४; अविद्याबुद्धि से विज्ञानात्मा का स्वरूप बनता है।

५. तद्वत् पंचज्ञानेन्द्रिय, पंचकर्मेन्द्रिय, प्राणापानव्यानसमानोदानरूप पंच प्राणमिलकर प्रज्ञानात्मा कहलाता है।

६. पंचभूतमात्रा, पंचप्राणमात्रा, पंचप्रज्ञामात्रा—ये मिलकर भूतात्मा का स्वरूप बनता है। इनमें शुक्रवर्गीय भूतात्मा के तीन विभाग हैं। शरीरात्मा[१]-हंसात्मा[२]-दिव्यात्मा। इनमें दिव्यात्मा फिर तीन तरह का होता है—वैश्वानर[३]–तैजस[४]–प्राज्ञ– उनमें प्राज्ञ भी तीन तरह का होता है—कर्म्मात्मा[५]–चिदाभास[६]–ईश्वर; ईश्वरांश भी तीन तरह का होता है—ऊउर्ज्[७]–श्री[८]–विभूतिः।

"यद् यद् विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा।
तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोऽशसम्भवम्॥" (गीता)

इस तरह शुक्रवर्गीय भूतात्मा में ६ विभाग होते हैं। एतावता सम्पूर्ण मिलकर १८ आत्म-समष्टि, १ जीव प्रजापति में है।

इनमें वैशेषिकशास्त्रोक्त क्षेत्र रूप इस शरीरात्मा (भूतात्मा) का आलम्बन सांख्य-शास्त्रोक्त क्षेत्ररूप विज्ञानात्मा है। जैसा कि मनुस्मृति में लिखा है—

"योऽस्यात्मनः कारयिता तं क्षेत्रज्ञं प्रचक्षते।
करोति यस्तु कर्म्माणि भूतात्मा सोच्यते बुधैः॥
जीवसंज्ञोऽन्तरात्मान्यः सहजः सर्वदेहिनाम्।
येन वेदयते सर्वं सुखं दुःखं च जन्मसु॥" इति

उस विज्ञानात्मा का आलम्बन अव्यक्तात्मा अक्षरात्मा है। यह शारीरक-सिद्धान्त है। तथाहि—

"यथा सुदीप्तात् पावकात् सहस्रशो विस्फुलिंगाः प्रादुर्भवन्ति।
तथाक्षराद् विविधाः सौम्यभावाः प्रजायन्ते तत्र चैवापि यन्ति॥"
इति (मुण्ड. उ.)

पुनः गीता में तथा अन्य उपनिषदों में सर्वालम्बन अव्ययात्मा बतलाया है।

"यो लोकत्रयमाविश्य बिभर्त्यव्यय ईश्वरः ।
एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम् ।।
एतदालम्बनं ज्ञात्वा यो यदिच्छति तस्य तत् । "इति (गीता)

अत्रेदं बोध्यम्—

एष नित्यो महिमा ब्रह्मणोऽस्य न कर्म्मणा वर्धते नो कनीयान् ।
तस्यैव स्यात् पदवित् तं विदित्वा न कर्म्मणा लिप्यते पापकेना ।"
(बृ. उ)

इस श्रुतिवाक्य के अनुसार प्रथम विज्ञानात्मा ही असंग है। पुनस्तदालम्बनभूत अक्षरात्मा, 'कूटस्थोऽक्षर उच्यते' इत्यादि प्रमाणो से अविनाशी कूटस्थ, नित्य-जन्ममरणादि द्वन्द्व धर्मों से असंस्पृष्ट कहा गया है । फिर तदंर्तनिरूढ कार्य-कारण-रहित सर्वालम्बन लोकत्रयाधार सर्वाकाशव्यापी अव्ययात्मा अमृतात्मा है। जैसा लिखा है—

"न तस्य कार्यं करणञ्च विद्यते न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते ।
परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ।
उदासीनवदासीनमसक्तं तेषु कर्म्मसु ।
कुर्वन्नेवेह कर्म्माणि न करोति न लिप्यते ।।
लिप्यते न स पापेन पद्मपत्रमिवाम्भसा ।
मयि सर्वमिदं प्रोतं सूत्रे मणिगणा इव ।।
न चाहं तेषु ते मयि ।
नैव स्त्री न पुमानेष न चैवायं नपुंसकः ।
यद्यच्छरीरमादत्ते तेन तेन स युज्यते ।। इत्यादि ।।

ऐसी अवस्था में छेदन, शोषण, दाहादि भौतिक गुणों का प्रभाव प्राणमात्रा, प्रज्ञामात्रा भूतमात्रा से बना हुआ भूतात्मा का एक भाग भूतमात्रा से सम्बन्ध रखने वाले पाञ्चभौतिक पिण्डरूप शरीरात्मा पर ही पड़ता है न कि अन्तर्निगूढ कार्य-कारणरहित निर्लेप उस अव्ययात्मा पर असंगत्वात् ।

अपिच—सर्वाकाशव्यापी लोकत्रयाधारज्ञान ज्योतिरूप उस अव्ययात्मा पर सूर्य-चन्द्राग्निविद्युत्-रूप भौतिक ज्योति का प्रभाव नहीं पड़ता यह इस श्रुत्यन्तर से भी स्पष्ट जाहिर है । तथाहि—

".न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं, नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः ।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं तस्य भासा सर्वमिदं विभाति ।"

आत्मा से इन सबको प्रकाश मिलता हैं, न कि यह आत्मा को प्रकाशित करते हैं । एतावता भौतिकगुणों से असंस्पृष्ट, असंग, अज, शाश्वतरूप यह अव्ययात्मा है । यही

बात लक्ष्य में रखकर श्रीकृष्ण भगवान् अर्जुन के प्रति उपदेश करते हैं—

"नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः

"एनं अव्ययमात्मानं शस्त्राणि न छिन्दन्ति" —भौतिकपिण्डसमूह के अवयवादिविश्लेषण को छेदन कहते हैं; सौर-प्रकाशवत् सर्वत्र व्याप्त अव्ययात्मा का शस्त्रप्रहार से छेदन नहीं हो सकता। अच्छेद्यत्वात् तथा, **"नैनं दहति पावकः"** भौतिक पदार्थों के साथ सौर पदार्थों के विश्लेषण को दाहकर्म्म कहते हैं। यह भी उस अव्ययात्मा में नहीं हो सकता। अदाह्यत्वात्, यह **"नैनं दहति पावकः"** इस पद से कहा जा सकता है। तद्वत् **"न चैनं क्लेदयन्त्यापो"** अर्थात् पानी द्वारा वारुण पदार्थों के संश्लेषण को क्लेदन कहते है; जिससे दुर्गन्ध वगैरह पैदा हो जाती है। यह कर्म्म भी ज्योतिस्वरूप अव्ययात्मा पर नहीं हो सकता, अक्लेद्यत्वात्। और मारुत (वायु) द्वारा रुक्षता धर्म प्रयोजक रौद्र पदार्थों के संश्लेषण से शोषण भी नहीं हो सकता, अशोष्यत्वात्। यह "न शोषयति मारुतः" इस पद से बतलाया गया है।

प्रश्न—५ गवां शतसहस्रं च ग्रामाणां च शतं वरम्।
सर्वाभरणसम्पन्ना मुग्धा कन्यास्तु षोडश ।।

अयम्भावः:—१००००० गौदान करे अथवा १०० ग्राम पुण्य करे, इन दोनों से भी श्रेष्ठ है कि सम्पूर्ण आभूषण से युक्त (मुग्ध) अर्थात् जो रजस्वला न हुई हों ऐसी १६ कन्याओं का दान करे (विवाह कर देवे)।

प्रश्न—६ एक राम दशरथ का छोरा, दूजा राम घट-घट विचरा।
तीजा राम सबसे न्यारा, आप राम किसके सहारा ।।

अयम्भावः—आत्मा, ईश्वर और जीव भेद से दो प्रकार का होता है। उनमें प्रथम अधिदैवत में ईश्वर की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हैं कि विश्व, विश्वात्मा, बिश्वातीत इस तरह तीन भागों में बँटा हुआ ईश्वरात्मा है। ऐसी अवस्था में "एक राम दशरथ का छोरा" यह पद उत्पन्न नाशधर्म्मा प्रतिक्षण-विलक्षण विश्व की तरफ इशारा करता है। "दूजा राम घट-घट विचरा" यह पद **"तत्सृष्ट्वा तदेवानुप्राविशत्"** अर्थात् सूर्यचन्द्रपृथिव्यादि चराचर रूप जगत् को पैदा करके स्वयं आत्मरूप से सबमें प्रविष्ट हो हो गया; इस सिद्धान्त के अनुसार सम्पूर्ण विश्व में आत्मरूपेण सर्वानुस्यूत उस विश्वात्मा को बतलाता है। जैसा कि श्रुति कहती है—

"तिलेषु तैलं दधनि सर्पिरापः स्रोतस्वरणीपु चाग्निः" इत्यादि। तीसरा पद दोनों से अतिरिक्त उस विश्वातीत को बतलाता है जो कि न आत्मा है और न विश्व है क्योंकि विश्व के परिच्छिन्न होने की वजह से तत्प्रविष्ट विश्वात्मा भी घटस्थित घटाकाशवत् परिच्छिन्न भाव को प्राप्त होता है; परन्तु इनसे अतिरिक्त—**"सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म"** इस

श्रुतिवाक्य के अनुसार अनन्त अर्थात् परमभूमारूप आनन्दघन वह निर्विशेष ब्रह्म जो कि परिमित सीमा से बाहर सर्वत्र व्याप्त रहता है उस अचिन्त्य वाङ्मनसातीत को विश्वातीत कहते हैं जिसके लिए श्रुति कहती है–

"संविदन्ति न यं वेदा विष्णुर्वेद न वा विधिः ।
यतो वाचो निवर्तन्ते ह्यप्राप्य मनसा सह ।"

इत्यादि उस विश्वातीत को लक्ष्य करके **"तीजा राम सबसे न्यारा"** यह सन्त वचन हैं। और वह विश्वातीत सर्वाधार होता हुआ स्वयं निराधार है। जैसे–जाति में जाति, प्राण में प्राण नहीं रहता तद्वत् सर्वाधार का आधार नहीं होता यह आशय "आप राम किसके सहारा" इस चतुर्थ पद का है। यह हुआ अधिदैवत में ईश्वरात्मा का विवेचन ।।

इसी तरह जीव (अध्यात्म) में भी **"एक राम दशरथ का छोरा"** इस वचन से गीतोक्त त्रिपुरुष पुरुष-विज्ञान बतलाया गया है। तथाहि–"एक राम दशरथ का छोरा" यह पद अस्ति, जायते, वर्द्धते, विपरिणमते, अपक्षीयते, नश्यति अर्थात् विद्यमान है, उत्पन्न होता है, बढ़ता है, बालयुवावृद्धादि भाव से जिसके स्वरूप में बदल होती है, क्षीण होता है, अन्त में नाश हो जाता है इत्यादि। षड्भावविकारों से युक्त कार्यब्रह्मरूप उस क्षर पुरुष पर इशारा करता है।

"दूजा राम घट-घट विचरा" यह इशारा है सर्वान्तर्यामी उस अक्षर पुरुष पर जो कि नियति रूप से अन्तर्यमन करता हुआ अन्तर्यामी बनकर सब में बैठा रहता है। जैसे लिखा है–

"ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति ।
भ्रामयन्सर्वभूतानि यन्त्रारुढानि मायया ।।" इति ।।

अपि च श्रूयते–

"तस्य वा एतस्याक्षरस्य प्रशासने गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ
तिष्ठेते। द्यावापृथिव्यौ विधृतौ तिष्ठते।"
"यः सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन् सर्वेभ्योऽन्तरोयं सर्वाणि भूतानि न
विदुर्यस्य सर्वाणि भूतानि शरीरं यः सर्वाणि भूतान्यन्तरोयमयति।
एष त आत्मा अन्तर्याम्यमृत" इति।
"यं प्राणो न वेद यस्य प्राणः शरीरं यः प्राणमन्तरोयमयति।
यं वाङ् न वेद यस्य वाक् शरीरं यो वाचमन्तरोयमयति।
यं विज्ञानं न वेद यस्य विज्ञानं शरीरं त आत्मा अन्तर्याम्यमृतः।"

इत्यादि। (बृ. ७ ब्रा)—

इस अन्तर्यामी कारण ब्रह्मस्वरूप परावर पुरुष को बतलाने वाला दूसरा पद है। 'तीजा राम सबसे न्यारा", यह कार्य-कारणातीत उस निर्लेप अव्ययात्मा को बतलाता है जो कि प्रतिष्ठारूप होने से सर्वाधार बतलाया गया है। जैसे जाति में जाति, प्राण में प्राण नहीं होता उसी तरह सर्वाधार का आधार नहीं होता। यह- **'आप राम किसके सहारा"** इस चौथे पद से बतलाया गया है।

आधुनिक काल में वैदिक विषयों की पठन-पाठन प्रणाली वैदिक परिभाषा ज्ञान के अभाव में शिथिलप्राय नजर आ रही है। अत एव प्रश्नकर्ता महाशय की यह बात लिखना अनुचित न होगा कि ऐसे अत्यन्त गहन गुरुगम्य विषयों के सम्बन्ध में पत्र द्वारा प्रश्न तथा पुनः पत्र द्वारा ही उत्तर देना ये दोनों ही क्रम मेरे ख्याल से अप्रशंसनीय हैं। तथापि **"आज्ञा गुरूणां ह्यविचारणीया"** इसके अनुरोध से शक्ति खोलकर सूक्ष्मरूप में उत्तर लिखना पड़ा है। परन्तु इतने लिखने पर भी सम्भव है यह विषय यथा समझ में न आवे, अतः इस विषय में यदि और भी भी संशय रह जावें तो उन संशयों को हटाने के लिए जिज्ञासु भाव से श्रीगुरु-चरणों में कम से कम छः मास तक यदि बाकायदा पढ़ने का प्रयास करें तो अवश्य निःसंशय रूप से सबका यथावत् विज्ञान समझ सकते हैं।

न संशयं प्राप्य मनोहतः स्याद् ध्रुवं परीक्ष्ये पथि संशयः स्यात्।
संशय्य निर्णेतुमुपैतु यत्नं प्रयत्नतोऽन्विष्य लभेत रत्नम्॥

भवदीय
पण्डित हेरम्ब शास्त्री

पण्डित जी के गम्भीर शास्त्रीय ग्रन्थों के विषय में विवेचन और समीक्षा करने के लिए उतने ही दीर्घकालिक एकान्त अध्ययन की आवश्यकता है। हम इस कार्य के लिए योग्यता और सामर्थ्य का अपने में अभाव करते हैं। अतः पोथीखाना में प्राप्त पत्रावलियों के आधार पर ही पण्डित जी सम्बन्धी वृत्तान्त यहाँ उद्धृत किया गया है। इसलिए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के क्रमशः परिचायक उन्हीं के रचे दो पद्य उद्धृत करके विराम करते हैं-

व्यक्तित्व-

नित्यैकान्तसदो निवासनिरतो शान्तिप्रियः सुस्थिरः
शीघ्रक्रोधमहोदयः कृशतनुर्मित्या त्र्यशीत्यङ्गुलः।
अन्यस्वार्थ-विधानबाधबिमुखो निर्द्रोह निष्प्रेमधी-
र्निर्मानो मधुसूदनोऽभिमनुते सर्वातिगं तन्मतः॥
—ब्रह्मविज्ञाने

अपने कार्य का लक्षण-परिचय उन्होंने इस प्रकार दिया है-

ग्रन्थास्तु लक्ष्यन्त इहाद्य वैदिका

ये ये तथा तेषु च यान् लभामहे।

विज्ञानबिन्दून परितश्चितानिमान्

संगृह्य तान् दर्शयितुं यतामहे

वेदोक्तवादान् प्रतिपद्य तेषां

समन्वयायैष कृतः प्रयत्नः।

असाधु यत् तत्र स नः प्रमादः

यत् साधु सर्वं स ऋषिप्रसादः॥

Contributions of Madhusudan Ojha to the Interpretation of Vedic Thought

No other ancient literature in the world has been subjected to so many divergent interpretations as the Vedas, Brahamanas and the Upanisads of the Aryans. While tradition has kept the Aryan culture intact despite its diversities in space and time, our understanding of the essence or purport of this culture has been on the wane ever since Veda Vyasa divided the Vedas into meaningful divisions and gave them to us together with their respective Upanisads and Brahmanas. He also wrote and gave us the Vedanta Sutras, the Puranas, the Mahabharata and above all the Bagavad Gita as guidance material for the correct understanding of the wisdom of our ancients.

During the last two thousand years or so, several distinguished personalities have appeared in this land and have taught us the essentials of this culture in their own way. The authors of Darsana Granthas had their own interpretation of this culture, some stressing on the Karma aspect, some stressing on the ज्ञान aspect and yet some others stressing both. At the same time, the authority of the Vedas and their injunctions were questioned by some who were called Nastikas by those who believed in them. Then the three great Acharyas, Sankara, Ramanuja and Madhva came into the scene and propagated their own views of Vedic religion. सायण, the well known commentator of the Vedas paid special attention to the utility of the mantras in rituals and his commentary naturally did not bring out the concepts enshrined in them. The Westerners inspite of their earnestness could not get at the real meanings of many passages. Dayanand and Aurobindo had their own method of viewing the Vedic religion. The result of all this has been that today an unbiased student of Vedic literature is baffled by the huge amount of heterogeneous literature on the Vedas, Brahmanas and Upanisads and is unable to get at a coherent and clear picture of the essence of this religion.

The reasons for this state of affairs are not far to seek. They may be briefly stated as follows :

1. There are many contradictory statements in the Vedas, Brahmanas and Upanisads which, if not understood in the correct perspective, will lead to divergent conclusions when studied by different scholars.

2. Most of the scholars have not realised the fact that unless the Vedas, Brahmanas and Upanisads are studied together with cross-references a correct picture of the Vedic thought will not emerge.

3. There have been certain basic concepts of the Aryans which have guided them in their compositions whether they belong to the Jnana Kanda or the Karma Kanda. Most of the scholars have hardly tried to unearth these concepts.

4. Many technical words occur in the Vedas, Brahmanas and Upanisads and unless their correct meaning is understood, one is likely to miss the correct purport of many difficult passages occurring in the above literature.

5. The Arthavada portion of the Brahmanas invariably contain crucial information for the proper understanding of Vedic passages. These have been by and large neglected by most of the scholars.

It is in the above context one has to view the contributions of Madhusudan Ojha. Here was a scholar who practically spent his entire life in Vedic research and not only came out with his encyclopaedic knowledge of the entire ancient Sanskrit literature, but also gave us real insight into Vedic wisdom. His writings covering a wide range of subjects can be broadly classified under four heads, viz. I) ब्रह्मविज्ञान, 2) यज्ञविज्ञान, 3) इतिहास and (4) reviews समीक्षाग्रन्थ on specialised topics. It is most unfortunate that many of his writings have been lost to us. A few have been printed and published. Very few scholars in the country are aware of his contributions.

Madhusudan Ojha had a few disciples. Of them Motilal Sharma, Giridhar Sharma Chaturvedi and Surjandas Swami are the more prominent. Motilal Sharma was an outstanding scholar who was able to really cope up with the genius of his master. His outstanding contribution has been a commentary on Satapatha Brahmana for the first six kandas. Ojha rightly realised that it is Satapatha Brahmana that holds the key to Vedic interpretation and made maximum use of the Arthavada portion of this Brahmana to bring out the real meanings of Vedic passages.

Giridhar Sharma Chaturvedi wrote commentaries on Brahma Siddhanta of Ojha as well as his Maharsikulavaibhavam. Surjandas Swami published Hindi versions of a few works of Ojhaji. He was also involved in the publication of Satapatha Brahmana Bhasya of Motilalji and helped Shri Karpur Chand Kulish, Founder Editor of Rajasthan Patrika in this task. Kulishji is also bringing out Hindi translations of some of Ojhaji's works with the help of Chaturvediji's sons. It is very gratifying to learn that Surjandas Swamiji also brought out Hindi translation of छन्दःसमीक्षा, a rare work of Ojhaji on छन्दस्.

A critical evaluation of the contributions of Ojha to the interpretation of Vedic wisdom is not easy. It requires a thorough study of all the writings by a scholar who has a sound knowledge of the entire cross section of ancient Sanskrit literature and also has the brilliance to see through the mind of Ojha. However, it is not difficult for us to highlight some of his outstanding achievements.

By far the greatest merit of Ojha is his stunning analytical capacity. As a scientist the author has been very much impressed by his approach to the subject. He puts before us the topic thread bare, so that a really intelligent research worker can read between the lines and build up his thesis on the topic discussed.

Let us first take up his exposition of the Veda tattva. Ojha was the first to analyse the word Veda in detail and showed that it has a far deeper meaning than what is normally understood by us. We know only that Veda refers to book of knowledge of the Aryans and for convenience in the performance of rituals it has been divided into three parts वेदत्रयी viz. ऋग्वेद, यजुर्वेद and सामवेद. We also have the fourth Veda viz अथर्ववेद whose style is slightly different from other Vedas. We do not understand why they should be called infinite (अनन्ता वै वेदाः) and why they should be called अपौरुषेय (not the product of human mind) when they contain only descriptions of the nature and functions of some Gods of Nature, some historical facts about the society in those days and details about rituals and stotras associated with them.

There are many statements in the literature which go to show that the word Veda is intimately connected with the creative processes in Nature. A few examples are given below :—

1. शब्दःस्पर्शश्च रूपं च रसो गन्धश्च पंचमः ।
   वेदादेव प्रसूयन्ते प्रसूतिगुणकर्मतः ।। मनु. 12/98

2. सर्वेषां तु स नामानि कर्माणि च पृथक् पृथक् ।
वेदशब्देभ्य एवादौ पृथक् संस्थाश्च निर्ममे ।। मनु. 1/21

3. अग्निवायुरविभ्यस्तु त्रयं ब्रह्म सनातनम् ।
दुदोह यज्ञसिद्ध्यर्थं ऋग्यजुस्सामसंज्ञकम् ।। मनु. 1/23

4. ऋग्भ्यो जातां सर्वशो मूर्तिमाहुस्सर्वा गतिर्याजुषी हैव शश्वत् ।
सर्वं तेजः सामरूप्यं हि शश्वत् सर्वं हेदं ब्रह्मणा हैव सृष्टम् ।।
तै. ब्रा. 3.12.9

5. तस्माद्यज्ञात्सर्वहुतः ऋचः सामानि जज्ञिरे ।
छन्दांसि जज्ञिरे तस्माद्यजुस्तस्मादजायत ।।ऋग्वेद. 10.90.9

6. अथ स सर्वाणि भूतानि पर्यैक्षत् त्रय्यामेव विद्यायां सर्वाणि
भूतान्यपश्यत् ।। श.ब्रा 10.4.2.21

तस्य वा एतस्याग्नेर्वागेवोपनिषत् वाचा हि चीयते ।
ऋचा यजुषा साम्ना ।। श.ब्रा. 10.5.1.1

8. सा वा एषा वाक् त्रेधा विहिता—ऋचो यजूंषि सामानि ।
तेनाग्निस्त्रेधा विहितः ।।श.ब्रा. 10.5.1.2

9. सा या सा वाक्—असौ स आदित्यः । स एष मृत्युः । —श.ब्रा.10.5.1.4

10. यदेतन्मण्डलं तपति तन्महदुक्थं, ता ऋचः स ऋचां लोकः । यदेतदर्चि-
र्दीप्यते तन्महाव्रतं, यानि सामानि, स साम्नां लोकः । अथ य एष
एतस्मिन्मण्डले पुरुषः सोऽग्निः तानि यजूंषि स यजुषां लोकः ।
सैषा त्रय्येव विद्या तपति । 10.5.2. 12

11. त्रयो ह वै समुद्राः । अग्निर्यजुषां, महाव्रतं साम्नां, महदुक्थं ऋचाम् ।
—श.ब्रा. 9.4.3.12

12. ऋक्-सामे वै इन्द्रस्य हरी । ऐ ब्रा. 8.6.24

13. स (प्रजापतिः) एतानि त्रीणि ज्योतींष्यभ्यतप्यते । सोऽग्नेरेवर्चोऽसृजत,
वायोर्यजूंषि, आदित्यात्सामानि । कौ. ब्रा. 6/10

14. स (प्रजापतिः) भूरित्येव ऋग्वेदस्य रसमादत्त सोऽयं पृथिव्यभवत् । तस्य
यो रसः प्राणेदत् सोऽग्निरभवद्रसस्य रसः । भुव इत्येव यजुर्वेदस्य
रसमादत्त तदिदमन्तरिक्षमभवत् तस्य यो रसः प्राणेदत् स वायुरभवद्रसस्य
रसः । स्वरित्येव सामवेदस्य रसामदत्त सः द्यौरभवत् । तस्य यो रसः
प्राणेदत् स आदित्योऽभवद्रसस्य रसः ।।जै.उ.ब्रा. 1.1.1-5

15. इयमेव ऋक्, अग्निः साम । अन्तरिक्षमेव ऋक् वायुस्साम । द्यौरेव ऋक्
आदित्यः साम । नक्षत्राण्येव ऋक् चन्द्रमाः साम ।। छा. उप. 1/6

One can go on quoting many such passages to prove that the word Veda and its division into ऋक, यजुष् and साम have a much deeper meaning than what is normally understood by us. Ojhaji made maximum use of these statements and brought out many interesting details about the nature and purpose of the Vedas. All these details are said to be contained in his work वेदसमीक्षा which is so far not available to us. Motilal Sharma in his exposition of तात्त्विक वेद in his उपनिषद्विज्ञानभाष्य-भूमिका has dealt with many concepts of our Maharsis on Veda. Ojha's other works also contain to some extent the elaboration of these concepts.

We give below some salient points emerging out of the above exposition.

1. The word Veda is intimately connected to the creative processes in Nature. Since the creattve processes in Nature are infinite the Vedas also are infinite (अनन्ता:). Since they occur in Nature they are not the product of the human mind. (अपौरुषेय).

2. The words ऋक्, यजुस् and साम have distinct meanings in the creative process. The ऋक्स give rise to physical form of the object. All the movement is attributed to यजुस्. साम is responsible for the Mahima (or Tejas) part of the object. In other words the Veda principle involving ऋक्, यजुस् and साम enters into every object of creation.

3. The sun who may be conceived as the embodiment of Prajapati the creator, is also a typical example of the embodiment of all the three Vedas and therefore the saying goes एषा त्रयी विद्या तपति The disc of the sun represents the ऋक्स, the halo around the sun represents the साम and the purusa inside represents the यजुस्.

4. Prajapati is the Atman of the cosmos and has three attributes viz. मनस्, प्राण and वाक्. The Veda which can be conceived as his mahima has also the same three attributes viz. मनस्, प्राण and वाक्. The manas part produces विज्ञान, the प्राण part runs the yajna cycle and the वाक् part fills the entire space.

5. To look at in another way, it was believed that prana is the origin of the universe and is manifold in nature. It is called (ऋषि प्राणा वा ऋषय:). The operation of the pranas extend to the entire universe and is responsible for the creation of all that we see in the universe. This operation can rightly be called Veda of the Supreme Lord of creation स्वयंभू ब्रह्म or "ब्रह्मानि श्वसित वेद".

6. The ऋक् deals with the material part of the created object. It provides a seat for the manas and प्राण to operate. The centre about which creation proceeds is called उक्थ. A series of such centres of creation is called महदुक्थ. It is also called ऋचां समुद्र:. The influence of the created object is felt upto a certain distance. If the object is bright it shows itself as radiance round the object. Since the degree of influence is the same at any distance all round, the radiance round the object is called साम.

7. The movement within the mandala is yajus. In other words the वाक् part of the created object is covered by ऋक्, the प्राण part of it by yajus and the manas part of it by साम. प्राण is subtler than वाक् and manas is subtler than प्राण. The earth which is really conceived as Agni pinda is solid, the air above it subtler and the space above it is rarer than the atmosphere. That is why ऋग्वेद is called Agniveda, the Yajurveda वायव्यवेद and the साम Veda Jyotirveda or आदित्य Veda. It is interesting to note the first ऋक् in ऋग्वेद deals with Agni of the earth (पुरोहितम्). The Yajurveda starts with the propitiation of वायव्याग्नि (वायवस्थ:) and the सामवेद begins with the propitiation of आदित्याग्नि that is far away (अग्न आयाहि). It may be incidentally noted that साम is three times ऋक् (तृचं साम) has its origin in the fact that the circumference is three times the diameter.

8. We have already seen that the moving force in any object of creation is yajus. The motion takes place with respect to a steady background. The movement of wind in space constitutes yajus. जु: is आकाश and यत् is movement.

9. The background of establishment of an object of creation is called ब्रह्मा. The movement towards the centre of the object is विष्णु and that away from the centre of the object is Indra. In other words, Indra is the force which tends to disintegrate the form of the object and विष्णु is the force which opposes it and maintains the form.

10. Another important aspect of creation is छन्दस्. ऋक् and साम are controlled by chandas while yajus which is established on them does not have a chandas of its own. That is why it is said ऋक् सामे इन्द्रस्य हरी.

11. The Somaveda mainly deals with the primordial waters (आप:) in the region above the sun. Somaveda is also called Brahmaveda or Atharva Veda. All the four Vedas thus take part in creation. In other words Agni and Soma are the two fundamental entities that take part in creation. Agni is the

eater of food (अन्नाद) and Soma is food (anna). The whole universe is created and sustained by this अन्न-अन्नाद principle.

12. आकाश is an important medium for the origin and propagation of the Vedas. Both प्राण and वाक् (matter) fill this आकाश. It is immaterial whether वाक् is the origin of Veda or प्राण is the origin of Veda. Both are indispensable parts of the universal आत्मा which pervades the entire space. आकाश is of three kinds, परमाकाश, पुराणाकाश and भूताकाश. परमाकाश is the infinite ब्रह्माकाश, पुराणाकाश is the region of operation of Indra प्राण, the controlling प्राण of all प्राणs. It is also called इन्द्राकाश भूताकाश is the region of propagation of sound and the region of origin of all forms of life as are known to us. It is in this region the human mind has the maximum operation.

13. Sound (शब्द) constitutes an important means of communication of knowledge. The creative processes can be conceived as revealing themselves in the form of sound and if these sounds can be interpreted in terms of knowledge about the processes, then this forms the basis of शब्दवेद or शब्द ब्रह्म. To give one example of sound communicating knowledge take thunder-storm. From an intelligent analysis of the sounds produced by thunder, the Vedic seers inferred the details of the on-coming rainfall intensity. It will be interesting to the readers to note that several rainfall forecasting rules exist in post-Vedic literature based merely on the sounds emanating from thunder. Incidentally, we understand why so much importance was given to the proper intonation of the letters, while the Vedas were recited. In course of time when communication of knowledge through sounds or oral expression became possible the Vedic seers produced the शब्द Veda or Veda Mantras as we have today in books. In other words, शब्द Veda which is पौरुषेय वेद is the expression of the seers to whom the creative processes revealed themselves when they were earnestly trying to discover the laws of Nature. They passed on their direct knowledge orally to others who did not have the mental capacity to acquire it themselves. Since hearing plays an important part in communication, the Vedas are also called श्रुति:.

14. We may also reason this way. Of the three attributes of वेदात्मा viz. मनस्, प्राण and वाक्, the वाक् part is of two kinds. One is in the form of शब्द ब्रह्म and the other is in the form of अर्थ-ब्रह्म. Agni is अर्थ and therefore we have आग्नेयवाक् and शाब्दिकवाक् which give rise to आग्नेय वेद and शाब्दिक वेद. आग्नेय Veda which may also be called विज्ञान Veda is part of ईश्वर

himself and is therefore अपौरुषेय. शाब्दिक वेद which may also be called शास्त्र वेद is पौरुषेय. शब्द वेद represents the शरीर of Veda while विज्ञान वेद represents the आत्मा of Veda.

There are many more interesting details about Veda explained by both Ojha and Motilal Sharma. The reader is referred to the original works of these scholars. Ojhaji analysed the relation between Veda and Dharma also. A short account of this analysis is given by the author in a separate paper.

Ojha's contribution to our understanding of Vedic Cosmogony (ब्रह्मविज्ञान) is unparalleled in the research contributions to this subject. His works ब्रह्मसमन्वय, ब्रह्मविनय, ब्रह्मचतुष्पदी and ब्रह्मसिद्धान्त form a group in which the concept of Brahman has been analysed from various angles based on the statements in the Vedas, Brahmanas, Upanisads and Gita. It is not possible in this short paper to go into all details of his analysis. We would therefore confine ourselves to merely outlining his achievements.

1. In Vedic literature (including Brahmanas and Upanisads) we come across many terms which represent Atma or Brahman. They are, निर्विशेष, परात्पर, अव्यय, अक्षर, क्षर, विश्वात्मा, जीवात्मा, विश्वातीत., गूढोत्मा निर्गुण: निष्कल: निर्विकार: षोडशीपुरुष: प्रजापति:, चिदात्मा क्षेत्रज्ञ:, ईश्वर:, परमेश्वर:, पुरुषोत्तम: and so on. There are also many contradictory passages in literature about the nature of Atman or Brahman. Nobody before Ojha, ever tried to analyse the real meanings of these terms and reconcile the various contradictory passages. Ojha took great pains to examine all the passages carefully and gave us a clear picture of the meanings of these terms and their role in the creative process.

2. Ojha analysed ब्रह्म as चतुष्पात् and defined the padas as निर्विशेष, परात्पर पुरुष and पुर. While निर्विशेष is Brahman in the pure Rasa state and is described in the Vedas and Upanisads, as निर्धर्मक, अनिर्वचनीय, अचिन्त्य, अपरिमेय etc., परात्पर is the stage where both Rasa and Bala are present in an unlimited background and renders Him all powerful (सर्वशक्तिमान्) and all knowing (सर्वज्ञ:). Both Rasa and Bala are one and are not distinguishable from each other in this stage. Purusa is the stage where bala builds itself in the background of rasa and gives rise to regions of active प्राण. This Purusa is of three kinds viz., Avara, Paravara and Para. These are also called क्षर, अक्षर and अव्यय. The Pura stage is the cosmos or शरीर in which the Purusa lives. While निर्विशेष and परात्पर are limitless, पुरुष is subjected to limit and is directly involved in creation.

3. Avyaya is ज्ञानस्वरूप, Aksara is कर्मस्वरूप and Ksara is अर्थस्वरूप. In other words, there are only three entities in the cosmos viz., ज्ञान, क्रिया and अर्थ and these three have their origin in Avyaya, Aksara and ksara respectively. When manas appears in the ocean of rasa and bala, as a result of build up of bala, the Avyaya stage is reached. As a result of further build up both inside and outside manas, four more kalas of Avyaya come into existence. While the build up inside gives rise to विज्ञान and आनन्द, the build up outside gives rise to प्राण and वाक्. Thus अव्यय has five kalas viz., आनन्द, विज्ञान, मनस्, प्राण and वाक्—Avyaya is called the prime Atma (मुख्य आत्मा). If the manas tends towards विज्ञान and आनन्द, it leads to मुक्ति of the आत्मा and if it tends towards प्राण and वाक् it leads to bondage. That is why the saying goes :

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः ।

4. अक्षर Purusa resides in the प्राण part of Avyaya Purusa. He is responsible for activity (क्रिया) and has three components ब्रह्मा, विष्णु and इन्द्र, which are otherwise named प्रतिष्ठाशक्ति, आकर्षणशक्ति and विक्षेपणशक्ति. The first is responsible for the maintenance of form of the object, the third one throws out matter from the object and the second one fills up the void by bringing matter from outside. In addition to the above, Agni and Soma are also the kalas of अक्षर Purusa. Thus अक्षर Purusa also has five kalas.

5. क्षर Purusa resides in the वाक् part of Avyaya and is responsible for the material part of the cosmos. In the creative process Avyaya Purusa (also called Purusottama) provides the basic support (आलम्बन), Aksara Purusa constitutes instumental cause (निमित्तकारण) and क्षर purusa constitutes material cause (उपादानकारण). क्षर purusa also has five kalas and they are exhibited at all the three levels viz., आधिभौतिक, आधिदैविक and आध्यात्मिक प्राण: आप:, वाक्, अन्न and अन्नाद are its kalas at the आधिभौतिक level. At the आधिदैविक level they are स्वयम्भू परमेष्ठी, सूर्य, चन्द्र and पृथ्वी. All these constitute the ब्रह्माण्ड which forms a branch of the विश्ववृक्ष. At the आध्यात्मिक level they are, कारण, सूक्ष्म and स्थूल शरीर as well as प्रज्ञा and वित्त. The whole cosmos is filled with kalas of क्षर purusa.

6. The purusa with his fifteen kalas has the support of परात्पर and is called षोडशीप्रजापति. Ojha goes into great detail about the creative processes not found in any other works. No other author has dealt with the role of pranas in creation in the way he has explained. It will take severa years of hard work to master his writings.

At the ग्राध्यात्मिक level the concept of Atma has been dealt with by him in great detail. His work entitled ग्रात्मनिवित् is not available to us. However, the same subject has been dealt with by him in his other works also. Motilal Sharma has given an excellent exposition of ग्रात्मस्वरूप and ग्रात्मगति in his works. चिदात्मा, शान्तात्मा, महानात्मा, विज्ञानात्मा प्रज्ञानात्मा, भूतात्मा ग्रात्मगति have all been explained by him in great detail. Many contradictory statements in the Vedas, Brahmanas and Upanisads regarding the nature and final destiny of the Atman (ग्रात्मगति) have been explained and reconciled. Never in the past such an analysis has been attempted by any other author.

Since yajna is the basic process involved in creation it gets detailed treatment at the hands of Ojha. His work entitled यज्ञसमीक्षा is nor available to us. However, this subject is dealt with in other works also. Motilal Sharma also deals with यज्ञ in many of his works.

The concept of Prajapati is nowhere so clearly explained as in the works of Ojha and Motilal Sharma. Ojha's analysis of the ten schools of thought prevalent during the Vedic period regarding the origin of the cosmos gives him the highest place among the scholars of all times. His works on these ten schools (वादs) contain the essence of Vedic Metaphysics.

Ojha's contributions to the interpretation of Vedic terminology enable us to understand the correct meanings of many words occurring in Vedas, Brahmansas and Upanisads. Words like, ऋतु, सत्य, रस, बल, माया, वयोनाध, ऋषि, ग्रासु, ग्रश्व, इन्द्र, स्वाहा स्वधा, वषट्कार, सावित्री, गायत्री, ज्ञान, विज्ञान छन्दस् etc. receive masterly analysis at his hands. The elaboration of each of these would demand separate paper for each and therefore the author would not attempt it here.

In the light of his analysis of the Brahmanas, Ojha has reconsiled many statements in the दर्शन ग्रन्थs. He has shown that while the वैशेषिक दर्शन stops with क्षर ग्रात्मा, and सांख्यदर्शन stops with ग्रक्षरात्मा, the वेदान्तदर्शन and गीता reach upto ग्रव्ययात्मा.

There are many other works of Ojha which are equally important. Mention may be made of इन्द्रविजयः, जगद्गुरुवैभवम्, महर्षिकुलवैभवम्, कादम्बिनी, ग्रत्रिख्याति, यज्ञमधुसूदनः and पथ्यास्वस्तिः. They cannot be dealt with here for want of space. The author's main interest in writing this paper is to create an awareness among scholars and to bring to their attention this neglected but most outstanding scholar of all times.

Ojha's language is simply marvellous. We see the beauty of Sanskrit language in his writings. Poetry flows so easily from his mind and reflects the richness of his many-sided personality.

DR. A. S. RAMANATHAN

❋ भूमिका ❋

दशवादों का युग—

पण्डित मधुसूदन ओझा का मनुष्य-जाति की संस्कृति के इतिहास के सम्बन्ध में अपना विशिष्ट मत है। वे मानते हैं कि आदियुग वन्ययुग था। उसमें सभ्यता-सस्कृति का कोई विशेष विकास नहीं हुआ था। द्वितीय युग विज्ञानयुग था। इस युग के विशिष्ट विद्वान् साध्यदेव कहलाते थे। ये विद्वान् जिस युग में हुए उसे मणिजायुग कहते हैं। साध्यदेवों ने विज्ञान में बहुत उन्नति की। इसका सङ्केत उपनिषद् के उस वाक्य में मिलता है जिसमें कहा गया है कि त्रेतायुग में यज्ञ का बहुत विस्तार हुआ — मन्त्रेषु कर्माणि कवयो यान्यपश्यंस्तानि त्रेतायां बहुधा सन्ततानि। (मुण्डकोपनिषद्, २.१) पण्डित ओझा यज्ञ की प्रक्रिया को विशुद्ध विज्ञान मानते हैं, जिस प्रक्रिया के अन्तर्गत एक एक निश्चित परिमाण में. निश्चित विधि से, निश्चित पदार्थों को मिलाने से मन चाहे नवीन पदार्थ उत्पन्न किये जा सकते हैं। मणिजायुग के साध्य विद्वानों ने इस विद्या में बहुत उन्नति कर ली थी और इस यज्ञ विद्या के बल पर ही वे सृष्टि की रचना का रहस्य खोलने का दावा करते थे।

इन वैज्ञानिकों में भी अनेक सम्प्रदाय थे। पण्डित ओझा के अनुसार इन्हीं सम्प्रदायों का सङ्केत ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में मिलता है। ये वाद निम्नलिखित हैं—

१. सदसद्वाद, २. रजोवाद, ३. व्योमवाद, ४. अपरवाद, ५. आवरणवाद ६. अम्भोवाद, ७. अमृतमृत्युवाद, ८. अहोरात्रवाद, ९. दैववाद, १०. संशयवाद।

इन्हीं दशवादों पर पण्डित ओझा ने दशवादरहस्य लिखा तथा प्रत्येक वाद पर पृथक्-पृथक् भी ग्रन्थ लिखे जिनमें अमृतमृत्युवाद तथा दैववाद को छोड़कर शेष सभी वादों पर उनके ग्रन्थ उपलब्ध हैं। पण्डित मोतीलाल जी शास्त्री ने ग्यारहवें विज्ञानेतिवृत्तवाद का भी नाम लिया है। इस प्रकार कुल मिलाकर ग्यारह वाद हैं, जो पूर्वपक्ष के रूप में है तथा बारहवां वाद सिद्धान्तवाद है जिसका उल्लेख दशवादरहस्य में तो है ही, इसके अतिरिक्त ब्रह्म-सिद्धान्त नामक पृथक् ग्रन्थ में भी इसका विस्तृत विवरण है। पहले ग्यारह वाद साध्ययुग में बने, सिद्धान्तवाद की प्रतिष्ठा देवयुग में ब्रह्मा न की। यह देवयुग ही वर्तमान में उपलब्ध वेद संहिताओं के निर्माण का समय है।

दशवादों की स्थिति—

महत्त्वपूर्ण बात यह है कि देवयुग में ब्रह्मा ने जिस ब्रह्मवाद की स्थापना की उसमें ब्रह्मवाद सिद्धान्त आने के पहले प्रचलित दशवादों का निराकरण नहीं किया, प्रत्युत समावेश किया। सिद्धान्त पक्ष यह है कि दशवाद नितान्त निर्मूल नहीं है; यदि इन्हें ब्रह्मवाद से जोड़कर देखा जाये तो ये सभी वाद सृष्टि के रहस्य को उद्घाटित करने में सहायक होते हैं, किन्तु वे ब्रह्मवाद-निरपेक्ष रहकर अपूर्ण हैं। यही कारण है कि वैदिक वाङ्मय में इन सभी वादों का समर्थन भी मिल जायेगा और खण्डन भी। इस विरोधाभास का परिहार इस प्रकार समझना चाहिये कि जहाँ इन वादों का समर्थन है वहाँ ये वाद ब्रह्मवाद से जुड़े हुए देखे गये हैं तथा जहाँ इन वादों का खण्डन है वहाँ यह खण्डन इन वादों को ब्रह्मवाद-निरपेक्ष मानकर किया गया है।

वैदिक वाङ्मय में इन वादों का जो विस्तृत विवेचन है उसी का विश्लेषण तथा उपबृंहण पण्डित मधुसूदन ओझा ने अपने दशवाद सम्बन्धी साहित्य में किया है।

सदसद्वादादि दशवाद तथा ब्रह्मवाद की विभाजक रेखा—

सदसद्वादादि वाद तथा सिद्धान्त पक्ष के बीच एक ऐसी विभाजक रेखा है जिसके आधार पर हम यह निर्णय ले सकते हैं कि क्यों ब्रह्मवाद के बिना ये सभी वाद अपूर्ण हैं।

पहले तो हमें यह समझ लेना चाहिये कि इन सभी वादों में सृष्टि के मूल कारण का अनुसन्धान किया गया है। दृश्यमान सृष्टि के सभी पदार्थ दिक्देशकालावच्छिन्न है। यदि हम किसी ऐसे पदार्थ को सृष्टि का मूल कारण माने जो दिक्देशकाल से अवच्छिन्न हो तो वह पदार्थ भी सृष्टि का ही अंग हो जायेगा और उस पदार्थ को सृष्टि का कारण मानना ऐसा ही होगा जैसे कोई कहे कि "क" का कारण "क" का ही एक अंश है। यह स्पष्ट है कि यह दृष्टि हमारी जिज्ञासा को पूरा नहीं कर सकती। कारण को कार्य के अव्यवहित पूर्व में रहना चाहिये, जबकि अवयव अवयवी का सहवर्ती होता है; वह पूर्ववर्ती नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में अवयव को अवयवी का कारण नहीं माना जा जा सकता। जो कुछ दिक्देशकाल से अवच्छिन्न है वह तो कार्य जगत् वर्तमान में प्रत्यक्ष है ही, अब यदि हम उसका मूल कारण दिक्-देश-कालावच्छिन्न ही किसी पदार्थ को मान लेते हैं तो हमारा प्रश्न यह होगा कि उस अन्य पदार्थ का कारण क्या है? और यदि उसका कारण भी कोई दिक्देशकालावच्छिन्न पदार्थान्तर ही हुआ तो उसके कारण की जिज्ञासा बनी रहेगी और इस प्रकार अनवस्था दोष आ जायेगा। इस अनवस्था दोष से बचने का एक ही उपाय है कि हम ऐसे तत्त्व को सृष्टि का कारण माने जो दिग्देशकाल से अवच्छिन्न न हो। ऐसा दिग्देशकाल से अनवच्छिन्न जो तत्त्व है वही ब्रह्म है, वही जगत् का मूल कारण है। एक बार इस तथ्य को समझ लेने के बाद सत्, असत्, रज

इत्यादि दिक्-देश-काल अवच्छिन्न पदार्थ भी अवान्तर कारण के रूप में सृष्टि की प्रक्रिया को समझने में सहायक हो सकते है। किन्तु वे सृष्टि के अवान्तर कारण ही हैं, मूल कारण नहीं।

दशवादों का सर्वेक्षण –

प्रस्तुत ग्रन्थ अपरवाद की विषयवस्तु का एक संक्षिप्त ब्यौरा देने से पहले यह उचित होगा कि पृष्ठभूमि के रूप में सभी वादों का एक संक्षिप्त सर्वेक्षण भी कर दिया जाये। यह सर्वेक्षण इसलिए आवश्यक है कि एक तो पण्डित मधुसूदन ओझा के पृथक्-पृथक् वादों पर लिखे गये ग्रन्थ पाठकों के लिए बाजार में सुलभ नहीं है दूसरे वे ग्रन्थ इतने विस्तृत हैं कि प्रकाशित हो जाने पर भी सभी पाठक उनके ग्रन्थों को पढ़ने का समय निकाल पायेंगे या नहीं, यह नहीं कहा जा सकता। तीसरे वे सभी ग्रन्थ अत्यन्त प्रौढ़ भाषा में लिखे गये हैं, उनका समझना सामान्य पाठक के लिए सम्भव नहीं है। इन्हीं कारणों से प्रेरित होकर हम यथासम्भव सरल रूप में इन वादों का एक संक्षिप्त परिचय नीचे दे रहे हैं। हमारे इस परिचय का आधार पण्डित मधुसूदन ओझा के प्रधान शिष्य पण्डित मोतीलालजी शास्त्री द्वारा गीता विज्ञानभाष्यभूमिका के ब्रह्मकर्म परीक्षा खण्ड में दिया गया विवरण है। यह ग्रन्थ अभी बाजार में उपलब्ध नहीं है। पण्डित मोतीलालजी शास्त्री के परिवार वालों ने इसकी प्रति मुझे कृपा करके उपलब्ध करा दी है। इन दसों वादों का एक संक्षिप्त परिचय स्वयं पण्डित मधुसूदन ओझा ने दशवाद-रहस्य नाम के ग्रन्थ में अलग से भी दिया है। डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने भी इन वादों का परिचय अपने ग्रन्थ "वैदिक लेक्चर्स" के ग्यारहवें लेक्चर में तथा रजोवाद की भूमिका में दिया है। इन्हीं सब विद्वानों के विवेचन को आधार बनाकर हम दस वादों का परिचय दे रहे हैं।

सदसद्वाद—

नासदीय सूक्त में सर्वप्रथम सदसद्वाद का संकेत है। इस वाद के तीन भेद हो जाते हैं – सद्वाद, असद्वाद और सदसद्वाद। सद्वाद का मत है कि यह विश्व क्योंकि सत्रूप है इसलिए इसका कारण भी सत् होना चाहिये क्योंकि असत् पदार्थ से सत् उत्पन्न नहीं हो सकता। यह एक प्रकार से सांख्यदर्शन के सत्कारणतावाद की पूर्व-भूमि है। सत् से ही सत् उत्पन्न होता है—सतो अभ्या सज्जजान (तै. सं.४/६/२/३) इस वाद के समर्थन में पण्डित मोतीलालजी शास्त्री ने जो अन्य प्रमाण दिये हैं वे इस प्रकार है—ऋक् सं. १/९६/७, ऋक् सं ८/१०१/११, ९/३१/६, ९/८६/५, १०/५३/११, तै. उप. २/६।

दूसरा मत यह था कि यह विश्व क्षणिक है इसमें क्रिया भी है, कोई शाश्वत पदार्थ नहीं है। इसलिए यह सृष्टि असत् रूप है और असत् का कारण असत् ही हो सकता

है। सद्वाद ब्राह्मणवाद का आधार बना तो असद्वाद श्रमणवाद का आधार बना। ऋग्वेद कहता है—असदित्ते विभु प्रभु। ऋक् सं १/६/५ इस वाद के सङ्केत अन्यत्र भी हैं—ऋक् संहिता ६/८६/६, १०/७२/३, तै. ब्रा. २/२/६, शत. ब्रा ६/१/१, तै. उप. २/७।

तीसरा मत सदसद्वाद है यह सृष्टि संसृष्टि है अर्थात् विजातीय तत्वों से मिलकर बनी है अतः इसके मूल में भी कारण एक नहीं दो होने चाहिए। सृष्टि में परिवर्तन भी दिखाई देता है और स्थिरता भी। इसलिए इस सृष्टि का कारण असत् भी है और सत् भी। यजुर्वेद कहता है—सतश्च योनिमसतश्च विवः (यजु. सं १३/३), शत. ब्रा. १०/४/१ में भी इस वाद का संकेत है।

इस वाद के अवान्तर २१ भेद हो जाते हैं जिनमें सभी नास्तिक और आस्तिक दर्शनों का समावेश हो जाता है। इस विस्तार को पाठक पण्डित ओझा के सद्सद्वाद ग्रन्थ में देख सकेंगे। उस ग्रन्थ के प्रारम्भ में एक तालिका दी गई है। पण्डित ओझा की व्यापक दृष्टि का इस तालिका से संकेत मिलता है इसलिए उस तालिका को हम यहाँ एक नमूने के रूप में दे रहे हैं। इसकी व्याख्या करना प्रकृत से बहुत दूर चले जाना होगा। सद्सद्वाद ग्रन्थ की भूमिका में इस तालिका की व्याख्या रहेगी ऐसी आशा की जा सकती है।

१. प्रत्ययविमर्शः	नित्यविज्ञानाद्वैतसिद्धान्तः (सद्वादः)	ब्राह्मणमतम्
	क्षणिकविज्ञानाद्वैतसिद्धान्तः (ससद्वादः)	श्रमणकमतम्
	आनन्दविज्ञानाद्वैतसिद्धान्तः (सद्सद्वादः)	वैज्ञानिकमतम्
२. प्रकृतिविमर्शः	कर्म्माद्वैतसिद्धान्तः (असद्वादः)	वैनाशिकमतम्
	ब्रह्माद्वैतसिद्धान्तः (सद्वादः)	अविनाशिमतम्
	द्वैताद्वैतसिद्धान्तः (सद्सद्वादः)	वैनाशिकवादविनाशिमतम्
३. तादात्म्यविमर्शः	भिन्नाभिन्नत्वसिद्धान्तः (सद्सद्वादः)	धर्म्मधर्म्मिणोः रसबलयोरभेदवादः
	बलसारत्वसिद्धान्तः (असद्वादः)	बलप्राधान्यवादः
	रससारत्वसिद्धान्तः (असद्वादः)	रसप्राधान्यवादः
४. अभिकार्यविमर्शः	असत्कार्यवादसिद्धान्तः (असद्वादः)	वैशेषिकमतम्
	सत्कार्यवादसिद्धान्तः (सद्वादः)	प्राधानिकमतम्
	मिथ्याकार्यवादसिद्धान्त (सदसद्वादः)	शारीरकमतम्
५. गुणविमर्शः	असन्मूलासृष्टिसिद्धान्तः (असद्वादः)	प्राणमूलकसृष्टिवादः

	सन्मूलासृष्टिसिद्धान्तः (सद्वादः)	वाङ्मूलकसृष्टिवादः
	सदसदैकात्म्यमूलासृष्टिसिद्धातः (सदसद्वादः)	मनोमूलकसृष्टिवाद :
६. सामञ्जस्यविमर्शः	प्रागभावसमुच्चितकारणवादसिद्धान्तः (असद्वादः)	अभावपूर्वकभावोत्पत्तिवादः
	सम्भूतिविनाशवादसिद्धान्तः (सद्वादः)	उत्पत्तिविनाशप्रवाहवादः
	विद्या-अविद्यावादसिद्धान्तः (सदसद्वादः)	सर्वजगदभावात्मकभावःमूलकसृष्टिवादः
७. अक्षरविमर्शः	सौगतसिद्धान्तः (असद्वादः)	सृष्टिबीजस्याक्षरस्याव्यक्तबलरूपत्ववादः
	कपिलसिद्धान्तः (सद्वादः)	सृष्टिबीजस्याक्षरस्यजड़प्रधानरूपत्ववादः
	बादरायणसिद्धान्तः (सदसद्वादः)	सृष्टिबीजस्याक्षरस्यचेतनपुरुषरूपत्ववादः

रजोवाद

रजोवाद के अनुसार सृष्टि व्यापारों का संघात है। इसलिए इसके मूल में प्रकृति का ऐसा ही गुण होना चाहिये जो क्रियाशील हो। सत्त्वगुण में ज्ञान है, तमोगुण जड़ है; क्रियाशीलता केवल रजोगुण में है। अतः रजस् ही सृष्टि का मूल हो सकता है। इस मत के समर्थक अनेक वाक्य वेदों में हैं—यः पार्थिवानि विममे स एतशो रजांसि देवः सविता महित्वना (ऋक् सं. ५/८१/३) अन्य प्रमाण हैं—ऋक् सं. १/१६४/६, १/३५/२, १/३५/६, १/१६४/१४, १०/३२/२, शत. ब्रा. ६/३/१८ में भी इस सिद्धान्त का प्रतिपादन है।

व्योमवाद

व्योमवाद के अनुसार पञ्चभूतों में सूक्ष्मतम आकाश ही सृष्टि का मूल है। प्रसिद्ध है कि कारण सूक्ष्म होता है, कार्य स्थूल होता है। सृष्टि पंचभूतों से बनी है। उनमें आकाश ही सूक्ष्मतम है। अतः आकाश ही सृष्टि का कारण होना चाहिये—परमे व्योमन्न आधारयद्रोदसी सुदंसाः (ऋक् सं. १/६२/७) अन्य प्रमाण है—ऋक् सं. १/१४३/२, १/१६४/३९, ६/८/२, १०/१२९/७।

		सन्मूलासृष्टिसिद्धान्तः (सद्वादः)	वाङ्मूलकसृष्टिवादः
		सदसदैकात्म्यमूलासृष्टिसिद्धातः (सदसद्वादः)	मनोमूलकसृष्टिवाद :
६.	सामञ्जस्यविमर्शः	प्रागभावसमुच्चितकारणवादसिद्धान्तः (असद्वादः)	अभावपूर्वकभावोत्पत्तिवादः
		सम्भूतिविनाशवादसिद्धान्तः (सद्वादः)	उत्पत्तिविनाशप्रवाहवादः
		विद्या-अविद्यावादसिद्धान्तः (सदसद्वादः)	सर्वंजगदभावात्मकभावः-मूलकसृष्टिवादः
७.	अक्षरविमर्शः	सौगतसिद्धान्तः (असद्वादः)	सृष्टिबीजस्याक्षरस्याव्यक्तबलरूपत्ववादः
		कपिलसिद्धान्तः (सद्वादः)	सृष्टिबीजस्याक्षरस्यजड़-प्रधानरूपत्ववादः
		बादरायणसिद्धान्तः (सदसद्वादः)	सृष्टिबीजस्याक्षरस्य-चेतनपुरुषरूपत्ववादः

रजोवाद

रजोवाद के अनुसार सृष्टि व्यापारों का संघात है। इसलिए इसके मूल में प्रकृति का ऐसा ही गुण होना चाहिये जो क्रियाशील हो। सत्त्वगुण में ज्ञान है, तमोगुण जड़ है; क्रियाशीलता केवल रजोगुण में है। अतः रजस् ही सृष्टि का मूल हो सकता है। इस मत के समर्थक अनेक वाक्य वेदों में हैं—यः पार्थिवानि विममे स एतशो रजांसि देवः सविता महित्वना (ऋक् सं. ५/८१/३) अन्य प्रमाण हैं—ऋक् सं. १/१६४/६, १/३५/२, १/३५/९, १/१६४/१४, १०/३२/२, शत. ब्रा. ६/३/१८ में भी इस सिद्धान्त का प्रतिपादन है।

व्योमवाद

व्योमवाद के अनुसार पञ्चभूतों में सूक्ष्मतम आकाश ही सृष्टि का मूल है। प्रसिद्ध है कि कारण सूक्ष्म होता है, कार्य स्थूल होता है। सृष्टि पंचभूतों से बनी है। उनमें आकाश ही सूक्ष्मतम है। अतः आकाश ही सृष्टि का कारण होना चाहिये—परमे व्योमन्न आधारयद्रोदसी सुदंसाः (ऋक् सं. १/६२/७) अन्य प्रमाण है—ऋक् सं. १/१४३/२, १/१६४/३९, ६/८/२, १०/१२९/७।

४/५/२/१४।

अमृत-मृत्युवाद—

सद् भाव है असत् अभाव है, किन्तु अमृत और मृत्यु दोनों ही भाव रूप हैं। प्रत्येक पदार्थ में जो परिवर्तन हो रहा है वह मृत्यु है, और परिवर्तन के बीच जो निरन्तरता है वह अमृत है। दोनों ही भाव एक साथ रहते हैं—अन्तरं मृत्योरमृतं मृत्यावमृतामहितम् (शत. ब्रा. १०/५/१/४) इसलिए अमृत और मृत्यु दोनों को ही सृष्टि का कारण मानना चाहिये—निवेशयन्नमृतं मर्त्यञ्च (यजु सं ३४/३१) अन्य प्रमाण हैं—ऋक् सं. १/८३/५, ३/१/१४ शत. ब्र. १०/१/४/१।

अहोरात्रवाद—

दिन और रात प्रतीक हैं दो तत्वों के। इन तत्वों को तेज और स्नेह कह सकते हैं। तेज शुष्क है, स्नेह आर्द्र है। तेज ही अहः हैं, स्नेह रात्रि है। तेज को अन्नाद अथवा अग्नि भी कह सकते हैं, स्नेह को अन्न अथवा सोम भी कह सकते हैं। इन दोनों के सम्मिश्रण से सृष्टि उत्पन्न हुई है। दोनों का सम्मिश्रण यज्ञ कहलाता है, यही सृष्टि का मूल है। तेज को अङ्गिरा और स्नेह को भृगु कहते हैं। दिन में सूर्य रहता है वह अग्नि रूप है, रात्रि में चन्द्रमा रहता है वह सोम रूप है। इन दो से ही समस्त संसार बना है—अग्नीषोमात्मकं जगत् (बृहज्जाबालोपनिषत् २/४) वेद का प्रमाण है—विषुरूपे अहनी संचरेते (ऋक् सं. १/१२३/७) ऋक् सं. १/१/१८५/१ में भीय ही बात दोहराई गई है शतपथ ब्राह्मण (१/६/३/२३) इसे और भी स्पष्ट शब्दों में कहता है—द्वयं वा इदं न तृतीयमस्ति. शुष्कं चैवार्द्रञ्च। यच्छुष्कं तदाग्नेयं, यदार्द्रं तत्सौम्यम्।

देववाद—

देव का अर्थ है प्राण। यह सृष्टि असङ्ख्य भावों से युक्त है। अतः इसके कारण असंख्य ही होने चाहिए। प्राण अथवा देव असङ्ख्य है इसलिए वे ही इस सृष्टि के कारण हैं—देवामिदवो महत्तदा वृणीमहे वयम् (ऋक् सं. ८/८३/)।

संशयवाद—

इस अनेकानेक प्रकार के वादों के विवाद में सृष्टि का मूल कारण पता नहीं चलता इसलिए वैदिक ऋषि संशय की भाषा में बोल उठता है—न तं विदाथ य इमा जजान (ऋक् सं. १०/८२/७) स्वयं नासदीय सूक्त के छठें और सातवें मन्त्र में इसी संशयवाद की चर्चा है।

विज्ञानेतिवृत्तिवाद—

इन वादों के अतिरिक्त पण्डित मोतीलाल शास्त्री ने एक अन्य वाद की भी चर्चा की है जिसे उन्होंने विज्ञानेतिवृत्तवाद कहा है। इस वाद के मानने वालों का कहना था कि विज्ञान के बल पर हम कुछ भी पदार्थ बना सकते हैं। ये यज्ञ-विज्ञान के आधार पर ये लोग कुछ भी पदार्थ बना लेते थे और इसलिए एक प्रकार से अपने को ही सृष्टि का कर्ता मानते थे। इनकी गर्वोक्ति थी–अहं ता विश्वा चकरम् (ऋक् सं. ४/४२/६) इस मत के समर्थन वाक्य भी ऋक् वेद में ही खूब मिलते हैं–ऋक् सं. १०/४६/१, १०/४६/६, १०/४८/४, १०/१६/२, १०/१८४/३, १०/४८/१, ४/२६/१।

ब्रह्मवाद : सिद्धान्त पक्ष—

इन ग्यारह वादों की अपूर्णता के संदर्भ में हम प्रारम्भ में कह चुके हैं। ये वाद तभी पूर्ण होते हैं, जब हम बाहरवें वाद ब्रह्मवाद को स्वीकार करें। ब्रह्म वाद का विस्तृत विवेचन पं. मधुसूदन ओझा ने अपने ब्रह्म-सिद्धान्त नामक ग्रन्थ में किया है जिसकी विस्तृत टीका महामहोपाध्याय पण्डित गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी ने संस्कृत में लिखी थी। इसका हिन्दी अनुवाद भी गिरिधर शर्मा जी के पुत्र पण्डित देवीदत्त चतुर्वेदी ने कर दिया है और राजस्थान पत्रिका ने उसे प्रकाशित भी कर दिया है। पण्डित ओझा ब्रह्म तत्त्व को विश्वोत्तीर्ण भी मानते थे और विश्वव्यापक भी। उसके चार पाद हैं–परात्पर, अव्यय, अक्षर और क्षर। परात्पर का सृष्टि में कोई योगदान नहीं। अव्यय सृष्टि का साक्षी है, अक्षर निमित्त कारण है और क्षर उपादान कारण है। ब्रह्म की इस व्यापक अवधारणा में उपर्युक्त सभी वादों का समावेश हो जाता है। प्रकृति अथवा प्रकृति के गुण क्षर ब्रह्म में आ जाते हैं। प्राण तत्व अथवा देव तत्व अक्षर ब्रह्म में आ जाता है। और अव्यय ब्रह्म वह तत्व हैं जिसका समावेश किये बिना उपर्युक्त सभी वाद अधूरे रह जाते हैं। नासदीय सूक्त में इस अव्यय तत्व की चर्चा स्पष्ट शब्दों में की गई हैं।

सृष्टि के मूल में निहित इन सब तत्वों की इस संक्षिप्त चर्चा के बाद अब हम प्रस्तुत ग्रन्थ के मुख्य विषय अपरवाद की चर्चा पाठकों की सुविधा के लिए थोड़े विस्तार से करेंगे।

अपरवाद का अर्थ—

जैसा ऊपर कहा जा चुका है, श्रुति में अपरवाद के समर्थक अनेक वाक्य हैं। अपर का अर्थ है जो पर नहीं है अर्थात् स्व अथवा स्वयम्। सृष्टि के उद्गम खोजने वालों में एक मत था कि सृष्टि का मूल किसी पर में नहीं बल्कि स्वयं सृष्टि में ही है। ओझा जी ने अपरवाद का वर्णन स्वतन्त्र रूप से इसी नाम के ग्रन्थ में करने के अतिरिक्त दशवाद-

रहस्य नामक ग्रन्थ में भी इस वाद पर तीन श्लोक लिखें हैं तथा वागम्भृणीसूक्त की ५ ऋचाएं उद्धृत की हैं। अपरवाद ग्रन्थ में (1) लोकायतवाद, (२) परिणामवाद, (३) यदृच्छावाद, (४) नियतिवाद तथा (५) प्रकृतिवाद शीर्षकों के अन्तर्गत अपरवाद का वर्णन है (पृ. २ श्लोक६) ।अपरवाद का इस ग्रन्थ में एक दूसरा नाम स्वभाववाद भी दिया है। इन सभी वादों के मूल में एक बात अवश्य है कि ये सभी सृष्टि का मूल सृष्टि के बाहर के किसी तत्त्व को न मानकर सृष्टि के भीतर ही सृष्टि का मूल खोजते हैं।

लोकायत मत—

लोकायत मत है कि ये सृष्टि वायु, तेज, जल तथा पृथ्वी से बनी दृष्टिगोचर होती है। अतः ये भूत इसके कारण हैं। इन्ही से चेतना उत्पन्न हो जाती है मरणान्तर कुछ शेष नहीं रहता (पृ. १ श्लोक ३)। बृहस्पति तथा उनके शिष्य चार्वाक इस मत के समर्थक थे। दशवादरहस्य ग्रन्थ में वाक् सूक्त के उद्धृत करने का प्रयोजन इसी लोकायत मत का समर्थन है क्योंकि वेद में वाक् भूत का पर्यायवाची है।

परिणामवाद—

भौतिक पदार्थों में स्वभावतः भिन्न-भिन्न परिणाम होते हैं जिनके कारण यह विविध प्रकार प्रकार की सृष्टि बन जाती है (पृ. २ श्लोक ३)। पराशर का मत था कि इन विविध परिणामों का स्वभाव के अतिरिक्त अन्य कोई कारण नहीं। वह पुरुषार्थवाद का विरोधी था (पृ. ३ श्लोक ५)।

यदृच्छावाद—

यदृच्छावाद के अनुसार सब कुछ आकस्मिक है। उसका कारण ढूँढना व्यर्थ है। दो चीजों को बारम्बार साथ-साथ देखने से कार्यकारण की कल्पना हम कर लेते हैं। मिट्टी से पानी बन जाता है, पानी से मिट्टी—ऐसी स्थिति में किसे कारण कहें किसे कार्य ? सुख-दुःख अकारण काकतालीय न्याय से प्राप्त होते रहते हैं। बादलों का घिर आना, आँधी का चलना आदि सभी कुछ तो अकस्मात् चाहे जब चाहे जहाँ अकारण ही होता रहता है। फिर कारण की खोज का क्या अर्थ है ? (पृ. ४ श्लोक ५)

नियतिवाद—

नियतिवादी पूरण काश्यप आदि का कहना है कि यदृच्छावाद नहीं है। तिल आदि नियत पदार्थों से ही तेल आदि नियत पदार्थों की उत्पत्ति इस बात की सूचक है

कि सब कुछ नियत है। सृष्टि का कारण कुछ भी हो वह नियति के अनुसार ही कार्य को जन्म दे सकता है, अतः नियति ही मुख्य है (पृ. ५ श्लोक ३)।

प्रकृतिवाद—

आसुरि तथा पंचशिख प्रकृतिवादी सांख्यमतानुयायी हैं। उनके अनुसार पुरुष तथा गुणों का अयुतसिद्ध सम्बन्ध है। कर्तृत्व गुणविशिष्ट पुरुष में होता है। वस्तुतः कर्तृत्व प्रकृति में ही है, पुरुष में नहीं। (पृ. ६ श्लोक ६) अहंकारवश पुरुष अपने में कर्तृत्व मान लेता है। गुणों में सम्मिश्रण करता है, स्वभाव परिणमन करता है, तथा कर्म सृष्टि करता है। ये काल, स्वभाव तथा कर्म गुण के हैं, पुरुष के नहीं। इन गुणों में सत्त्व पुरुष के निकटतम है। सत्त्वगुण स्थिति का हेतु है रजस् प्रवृत्ति का तथा तमस् निवृत्ति का (पृ. ७ श्लोक १०)। जब तक ये गुण साम्यावस्था में रहते हैं, प्रकृति कहलाते हैं, विषमता के प्राप्त होने पर ये ही गुण महत् कहलाने लगते हैं। महत् से अहंकार उत्पन्न होता है, जिसके तीन भाग हैं—द्रव्य, क्रिया तथा ज्ञान। द्रव्य पदार्थ है, क्रिया बल तथा ज्ञान प्रज्ञा। सत्त्व द्रष्टा है, तमस् दृश्य। रजस् इन दोनों को जोड़ने वाला सूत्र है। अहंकार से त्रिविध सृष्टि होती है—रजोगुण से इन्द्रिय, अथवा तेज, अथवा प्राण, तमोगुण से भूत तथा सत्त्व से देवसृष्टि। भूतसर्ग है—शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध। इन्द्रियसर्ग है—वाक्, कर, पाद, उपस्थ, वायु, श्रोत्र, घ्राण, जिह्वा, दृक्, तथा त्वचा। इनमें प्रथम पाँच कर्मेन्द्रियाँ है, अन्तिम पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ। दिक् श्रुति का, वायु त्वचा का, रवि दृष्टि का, प्रचेता जिह्वा का अश्विनी घ्राण का अग्नि वाक् का, इन्द्र कर का विष्णु पाद का प्रजापति उपस्थ का तथा मित्र वायु का देवता है। विकल्प से प्रचेता के स्थान पर वरुण अश्विनी के स्थान पर पृथ्वी, अग्नि के स्थान पर वृहस्पति तथा दिक् के स्थान पर व्योम को रखा जाता है। अन्य मतानुसार भूत पाँच हैं तो इन्द्रियों भी पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ ही हैं तथा उनके देवता भी अग्नि, वायु, सूर्य, चन्द्र तथा दिशा—ये पाँच ही हैं। द्रव्य से उत्पन्न शक्तियुक्त भूत है, ज्ञान तथा क्रिया की शक्ति से युक्त इन्द्रियाँ हैं। शरीर की लोमत्वगादि में कुमाराग्नि काम कार्य कर रही हैं, इन्द्रियों में तैजस देवता। कौमार सर्ग मर्त्य है, तैजस अमृत। अधिप्रज्ञा से ५ देव, अधिप्राण से ५ इन्द्रियों तथा अधिभूत से पंचतन्मात्रायें होती हैं। पंचतन्मात्राओं में क्रमशः एक एक की वृद्धि से पंच महाभूत बनते हैं। शब्द से आकाश, शब्द तथा स्पर्श से वायु, शब्द, स्पर्श तथा रूप से अग्नि; शब्द, स्पर्श, रूप तथा रस से जल एवं शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गन्ध से पृथ्वी होती है।

सर्ग नौ हैं—महान्, अहंकार, तन्मात्र, ऐन्द्रियक, वैकारिक, महाभूत, मुख्य, तिर्यक् तथा सुकृत। इनमें मुख्य का अर्थ है स्थावर, जो छह है—तृण, गुल्म, वीरुत (पृथ्वी पर फैलने वाली), लता (पेड़ों पर चढ़ने वाली), ओषधि (फलपाक के साथ ही

समाप्त हो जाने वाली) तथा वनस्पति (पुष्प सहित) तिर्यक् एक शफवाले, दो शफवाले, पंचनख, पंखों वाले–इस प्रकार चार हैं। सुकृत मनुष्य हैं।

सृष्टि का संचरक्रम यह है—प्रकृति से महान्, महान् से अहंकार, अहंकार से मात्रा, तथा मात्रा से अनुग्रह सर्ग उत्पन्न होता है। अनुग्रहसर्ग से धातुसर्ग होता है। धातु सर्ग का अर्थ है शरीर-घटक त्वक् रुधिरादि। प्रतिसंचर अर्थात् प्रलय का क्रम इसके विपरीत है।

वाक् तथा अपरवाद—

अपरवाद ग्रन्थ में दिये इस वर्णन के अतिरिक्त दशवादरहस्य में यह कहा गया है कि जल का भी कारण वाक् ही है जो कि जगत् का मूल है। जैसा कि वाक् सूक्त में घोषित किया गया है कि वाक् ही जगत् को उत्पन्न करती है। वाक् सूक्त की वाक् अपरव्योम से जुड़ी है क्योंकि अपरव्योम ही निरुक्त है; पर-व्योम तो अनिरुक्त है। अपरव्योम से जुड़ा होने के कारण वाक्सिद्धान्त भी अपरवाद में ही समाविष्ट हो गया।

अपर का अपरत्व—

अपरवाद के उपर्युक्त सभी प्रकार सृष्टि को मूल सृष्टि के भीतर ही खोज रहे हैं, किसी पर (अव्यय) पुरुष में नहीं, अतः ये सभी अपरवाद में समाहित हैं।

प्रस्तुत प्रकाशन—

पंडित मधुसूदन ओझा ने सभी वादों पर पृथक्-पृथक् ग्रन्थ लिखे, वे प्रकाशित भी हुए थे किन्तु वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। अतः जोधपुर के जयनारायणव्यास-विश्व-विद्यालय के संस्कृत विभाग के पण्डित मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ ने उन ग्रन्थों के पुनः प्रकाशित करने का काम अपने हाथ में लिया है। उसी क्रम में प्रस्तुत ग्रन्थ 'अपरवाद' अनुवाद तथा टिप्पणियों सहित प्रकाशित किया जा रहा है। अनुवाद तथा टिप्पणी का कार्य ब्यावर के विद्वान् पण्डित अनन्त शर्मा ने किया है। यह कार्य कैसा बन पड़ा है इस विषय में कुछ अधिक न कहकर मैं केवल इतना ही कहना चाहूँगा कि पण्डित मधुसूदन ओझा के ग्रन्थों का भाष्य करते समय उनके शिष्य तथा ख्यातनामा विद्वान् पण्डित गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी जिस कोटि की वैदुष्यपूर्ण टिप्पणियाँ किया करते थे उसी कोटि की टिप्पणी इस ग्रन्थ की भी पण्डित अनन्त शर्मा ने की है। उनके द्वारा ही अनूदित व्योमवाद भी हमारे शोध-प्रकोष्ठ को प्राप्त हो चुका है और शोध-प्रकोष्ठ के

निदेशक डॉ. गणेशीलाल सुथार निरन्तर इस इस प्रयत्न में लगे हैं कि वह भी शीघ्र प्रकाशित हो।

पण्डित मधुसूदन ओझा ग्रन्थमाला का यह तृतीय पुष्प है। इससे पूर्व वर्णसमीक्षा तथा पितृसमीक्षा नामक पण्डित ओझा के दो अन्य ग्रन्थ इसी ग्रन्थमाला में प्रकाशित हो चुके हैं। इन दो ग्रन्थों का अनुवाद क्रमशः पण्डित शिवदत्त शर्मा तथा पण्डित देवीदत्त शर्मा ने किया था। शोध प्रकोष्ठ को ये दोनों अनुवाद राजस्थान पत्रिका के यशस्वी संस्थापक-सम्पादक श्री कर्पूरचन्द्र जी कुलिश के सौजन्य से उपलब्ध हुए थे। अब इस तीसरे ग्रन्थ अपरवाद का केवल अनुवाद ही नहीं अपितु विस्तृत टिप्पण भी श्री कुलिश जी के ही सौजन्य से हमारे शोध-प्रकोष्ठ को उपलब्ध हुआ है। पण्डित मधुसूदन ओझा के द्वारा समुद्धृत वेद-विज्ञान के पुनरुद्धार के लिए श्री कर्पूरचन्द्र जी कुलिश जो बायें हाथ से करते हैं उसका ज्ञान दायें हाथ को भी नहीं होने देते। उनका सब दान गुप्त है और उनका सबसे बड़ा योगदान यह है कि उन्होंने अपने आपको वेद विज्ञान के लिए अर्पित कर दिया है। यज्ञ में जो आहुति इतर देवताओं को दी जाती है उसमें तो मन्त्रोच्चारण होता है, किन्तु जो आहुति प्रजापति को दी जाती है उसमें मन में तो मन्त्रोच्चारण किया जाता है किन्तु वाणी मौन रहती है। कुलिश जी इसी मौनभाव से आहुति दे रहे हैं, निश्चय ही यह आहुति केन्द्रस्थ प्रजापति के लिए है। उनके साथ अपने स्वर को मिलाकर हमारी प्रार्थना है—

प्रजापते ! न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परिता बभूव
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नोऽस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम्।

दयानन्द भार्गव
आचार्य तथा अध्यक्ष, संस्कृत विभाग,
एवम्
अध्यक्ष, परामर्शदातृमण्डल,
पण्डित मधुसूदन ओझा शोधप्रकोष्ठ,
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय,
जोधपुर

जन्माष्टमी, विक्रम संवत् २०४९

पूर्वपीठिका

नासदीय सूक्त के—

नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमापरो यत् ।
किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम् ॥
१०/१२९/१

न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः । १/१२९/२ (पूर्वार्ध)
अर्वाग् देवा अस्य विसर्जनेनाथा को वेद यत आबभूव । १/१२४/६ उत्तरार्ध

इस अंश में "न असद् आसीत् नो सद् आसीत्, न रज आसीत्, नो व्योम, अपर यत्, किम् आवरीवः, अम्भः किम् आसीद् गहनं गभीरम्, न मृत्युः आसीत् अमृतं न, न रात्र्याः अह्नः प्रकेतः, देवा अस्य विसर्जनेन अर्वाक्, कः वेदः" से सृष्टिमूलविषयकउद् भावनाओं का लेखा मिलता है। इनमें प्रायः प्रथम के साथ न का योग अथवा निषेधार्थपर्यवसायी किम् का योग है जो स्पष्टतः उनके मूलत्व का निषेध करता है। देवों को सृष्टि का अर्वाक्कालीन बताना भी इसी कोटि का है। 'कः वेद' द्वारा प्रश्न रूप में एक नित्य संशय इस विचार को दे दिया गया है।

मन्त्र का शेष भाग सृष्टिमूल बताने वाला है। सूक्त का ऋषि परमेष्ठी प्रजापति एवं देवता (प्रतिपाद्य विषय) भाववृत्त है। भाववृत्त का अर्थ सायणाचार्य "वियदादि-भावानां सृष्टिस्थितिप्रलयादीनामत्र प्रतिपादनम्" के रूप में स्पष्ट करते हैं। अतः यह निर्विवाद है कि असदादि के सृष्टिमूलत्व का प्रत्याख्यान कर परमेष्ठी प्रजापति द्वारा सिद्धान्तपक्ष इस सूक्त में बतलाया गया है। पूज्य ओझा जी ने प्राचीन वाङ्मय के आधार पर इन वादों का उद्धार किया तथा प्रत्येक वाद पर एक-एक ग्रन्थ का निर्माण किया और सिद्धान्तस्थापना के पृथक् ग्रन्थ लिखे। यह सम्पूर्ण विषय ब्रह्मविज्ञान के अन्तर्गत है। इस प्रकार पूर्वपक्ष के दस वाद तथा उत्तरपक्ष का सिद्धान्तवाद, कुल एकादश वाद होते हैं।

श्री ओझाजी की सुदृढ मान्यता है कि विज्ञान की पृष्ठभूमि के रूप में इतिवृत्त अनिवार्य है जैसा कि 'जगद्गुरुवैभवम्' के निम्नलिखित पद्यों में कहा गया है -

विज्ञानशास्त्रे प्रतिपादनीये लोकेतिवृत्तस्य भवत्यपेक्षा ।
तच्चेतिवृत्तं द्विविधं पुराणेतिहासभेदात् प्रवदन्ति वृद्धाः ॥ (पृ. ३, पद्य १)
यद् विश्वसृष्टेरितिवृत्तमासीत् पुरातनं तद्धि पुराणमाहुः ।
यच्चेतनानां तु नृणां चरित्रं पृथक् कृतं स्यात् स इहेतिहासः॥२॥
विज्ञानशास्त्रे तु निरूपणीये तयोर्द्वयोरेव भवत्यपेक्षा ।३।
आसीत् पुरा देवयुगेऽमराणां विज्ञानसृष्टिर्जगतोऽस्य सृष्टौ ।४।

इस प्रकार इतिवृत्त, पूर्वपक्ष और सिद्धान्त प्रकरणों के कुल बारह वाद बनते हैं जिनका क्रम और नाम इस प्रकार है—

१. इतिवृत्तवाद, २. सदसद्वाद, ३. रजोवाद, ४. व्योमवाद, ५. अपरवाद, ६. आवरणवाद, ७. अम्भोवाद, ८. अमृत-मृत्युवाद, ९. अहोरात्रवाद, १०. दैववाद, ११. संशयवाद और १२. सिद्धान्तवाद। अहोरात्रवाद में यह गणना है—

इतिवृत्तं सदसद् वा रजो वियद् वापरं तथावरणम्।
अम्भोऽमृतमृत्यू वाऽहोरात्रो दैवसंशयौ ब्रह्म॥
एते द्वादशवादाः शास्त्रेऽस्मिन् ब्रह्मविज्ञाने।
श्रूयन्ते तत्रायं वादो नवमोऽत्र सम्पूर्णः॥ (ग्रथान्त में)

साध्ययुगीय वादमात्र की गणना अभीष्ट होने पर इतिवृत्त एवम् सिद्धान्त को छोड दिया जाता है तथा सदसद्वाद से संशयतदुच्छेदवाद तक दस विज्ञान ही गिने जाते हैं। जैसे-जगद्गुरुवैभव् में 'साध्ययुगीयानि दशविज्ञानानि' प्रकरण में यह गणना की गयी है—

त एव साध्या मणिजा मनस्विनः स्वतो मनश्चक्रुरिदं जगत् प्रति।
किमस्य मूलं कथमुद्बभूव तत् कियज्जगत् कर्हि गमिष्यति क्षयम्।१।
विमर्शयन्तो बहवस्त इत्थं पृथक् पृथग् भिन्नगतिं प्रजग्मुः।
ते ह्यन्यदन्यज्जगतोऽस्य मूलं निर्धारयन्तो विमता बभूवुः॥२॥

एके रजांस्याहुरथाम्भ एके वायुं च वा व्योम च वैक आहुः।
तथाहुरन्येऽमृतमृत्युमन्येऽहोरात्रमन्ये सदसत्त्वपश्यन्॥३॥
वयो वयोनाधमुशन्ति केचिद् दैवं परे संशयमेषु केचित्।
तदित्थमग्रे दशधा प्रवादाः कालेषु जाता बहुषु प्रचारम्॥४॥

(पृ. १८-१९)

दश विज्ञानवादों में अपरवाद का क्रम चतुर्थ है।

उद्धृत नासदीय के मन्त्रांशों में आये असद् आदि से इन नामों को लिया गया है। फलतः 'व्योमापरो यत्' में 'व्योम अपरः व्योमा अपरः' जैसा सन्धिच्छेद कर अपर नाम लिया गया है, ऐसा आपाततः प्रतीत होता है। सूक्त के पदपाठ में 'विऽओम। परः।' इस रूप से सन्धिच्छेद माना गया है। इस पदच्छेद के अनुकूल ही 'अपर' की सार्थकता उपयुक्ततर प्रतीत होती है। असद् आदि का निषेध सर्वत्र अभीष्ट है, यहाँ भी 'न परः सृष्टेः मूलम्' रूप से पर का निषेध अभीष्ट है। मूल में 'अपर' छेद लेने 'न अपरः सृष्टेः मूलम्' अर्थ की प्रतीति होगी जो इष्टविपरीत होगी।

वैदिक वाङ्मय में सर्वत्र ब्रह्म के पर अपर दो रूप हैं, पर से भिन्न समस्त अपर के क्षेत्र में आता है। उस पर तक जो नहीं पहुँचते हैं उसके पूर्व अपर के ही किसी रूप को सृष्टि का मूल मान लेते हैं। वे श्रुतिमन्त्र के अनुसार 'न विद्यते परः मतो येषां ते अपरे' तथा इन अपरों से सम्बद्ध वाद तत्स्वरूपव्याचिख्यासा से अपरवाद है। सिद्धान्तवाद के ग्रन्थों में पर की यह सत्ता सर्वत्र स्वीकृत है। जैसे—

परं ब्रह्माव्ययं विद्यात् परमं ब्रह्म चाक्षरम्।
केवलाद् ब्रह्मशब्दात्तु क्षर आत्मा विधीयते ।।-ब्रह्मचतुष्पदी, पृ. ६

येनाखिलं विश्वमिद ततं तथा स्थितानि भूतान्यखिलानि यत्र वा
परः स आत्मा स परोऽक्षरादपि प्रमाणमेतन्न ततः परं विदुः ।।
—सद्वाद, पृ. ५८

यही पद्य ब्रह्मसिद्धान्त, पृ. १४६ पर ५२ क्रम का है। इनका आधार प्राचीन वाङ्मय है—

तद् ब्रह्म परमं प्रोक्तं तद्धाम परमं मम।
तद् गत्वा कालविषयाद् विमुक्ता मोक्षमाश्रिताः ।। शा. पर्व २०६.१४

महतः परमव्यक्तमव्यक्तात् परतोऽमृतम्।
अमृतान्न परं किञ्चित् सा काष्ठा सा परा गतिः ।। वही २४६.४

पञ्चानां भूतसंघानां सन्तति मुनयो विदुः।
मनो नवममेषां तु बुद्धिस्तु दशमी स्मृता ।। वही २५३.१०
एकादशस्त्वनन्तात्मा स सर्वः पर उच्यते ।। वही " ११

यतो जगत् सर्वमिदं प्रसूतं ज्ञात्वात्मवन्तो व्यतियन्ति यत् तत्।
यन्मन्त्रशब्दैरकृतप्रकाशं तदुच्यमानं श्रृणु मे परं यत् ।। वही २०१.२५

एते भावा जगत्सर्वं वहन्ति सचराचरम्।
श्रिता विरजसं देवं यमाहुः प्रकृतेः परम् ।। वही २१०.३६

यहाँ 'पर' नहीं है मूलत्वेन सम्मत, इस भाव को वेद 'न परः' द्वारा कहता है। उसका अनुवाद 'अपर' शब्द से कर श्री ओझाजी 'अपरतः केचित्' रूप में इसे अपरवाद नाम देते हैं।

पर को न मानने के ये विचार अनेकत्र प्राचीन वाङ्मय में व्यक्त हुए हैं। जैसे—

दृश्यमाने विनाशे च प्रत्यक्षे लोकसाक्षिके।
आगमात् परमस्तीति ब्रुवन्नपि पराजितः ।। शान्तिपर्व २१८.२३

अनात्मा ह्यात्मनो मृत्युः क्लेशो मृत्युर्जरामयः।
आत्मानं मन्यते मोहात् तदसम्यक् परं मतम् ।।२४

इसी भाँति जाबालि राम को कहते हैं—

स नास्ति परमित्येव कुरु बुद्धि महामते।
प्रत्यक्षं यत् तदातिष्ठ परोक्षं पृष्ठतः कुरु।। अयोध्याकाण्ड १०८/१७
(वा. रामा.)

पर को न मानने पर अपर रूप में किसकी प्रतिष्ठा है, उसका उत्तर है—स्वभाववाद। 'स्वभावं भूतचिन्तकाः' (अश्वमेधपर्व ४६.१२) के अनुसार भूतचिन्तक स्वभाव को सृष्टिमूल मानते हैं। श्वेताश्वर उपनिषत् भी एक प्रकार से नासदीय सूक्त की व्याख्या ही है, वहाँ भी काल, स्वभाव आदि को पृथक्-पृथक् स्वतन्त्र कारण मानने वाले विचारकों का पूर्वपक्ष नामतः गिना कर श्वेताश्वतर द्वारा पूरे उपनिषत् में 'पर' की प्रतिष्ठा की गयी है। उपोद्घात के दो पद्य देखिये।

किं कारणं ब्रह्म कुतः स्म जाता जीवाम केन क्व च संप्रतिष्ठा।
अधिष्ठिताः केन सुखेतरेषु वर्तामहे ब्रह्मविदो व्यवस्थाम् ।।१-१

इस पद्यवाक्य का कर्ता है 'ब्रह्मवादिनो वदन्ति' जो सम्भूय विचार का सूचक है। इनके द्वारा सूचित पूर्वपक्ष द्वितीय पद्य में बताया गया है जिसकी अवतरणिका में शंकराचार्य कहते हैं—"इदानीं कालादीनि ब्रह्मकारणवादप्रतिपक्षभूतानि विचारविषयत्वेन दर्शयति—

कालः स्वभावो नियतिर्यदृच्छा भूतानि योनिः पुरुष इति चिन्त्याः।
संयोग एषां न त्वात्मभावादात्माप्यनीशः सुखदुःखहेतोः ।।१.२

यहाँ १. काल, २. स्वभाव, ३. नियति, ४. यदृच्छा, ५. भूत, ६. योनि और ७. पुरुष इन सात को विचार-विषय बनाया गया है यदि प्रथम पद्य के 'कारणं' का सबके साथ योग माना जावे। यदि 'योनिः' को इनके साथ माना जावे, 'कालः योनिः स्वभावो योनिः नियतिर्योनिः यदृच्छा योनिः भूतानि योनिः पुरुषो योनिः' के रूप में छ विषय बनते हैं। तृतीय मन्त्र में सिद्धान्तपक्ष लिया गया है तथा उसकी प्राप्ति का उपाय भी बताया गया है—

ते ध्यानयोगानुगता अपश्यन् देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्निगूढाम्।
यः कारणानि निखलानि तानि कालात्मयुक्तान्यधितिष्ठत्येकः ।।३।।

अपरवाद में ये तीनों मन्त्र आधार हैं। अन्तर इतना ही है कि अपरवाद में श्री ओझाजी ने केवल स्वभाववाद ही लिया है, स्व का भाव यहाँ अ-पर अर्थ में लिया गया है। स्वभाववाद ही चार रूपों में आगे बढ़ा है जो परिणामवाद, यदृच्छवाद, नियतिवाद और पौरुषी प्रकृतिवाद हैं। परिणाम स्वभाव की स्वतः गति है, यदृच्छा स्वभाव की आकस्मिक प्रतिपत्ति है। नियति स्वभाव की अविचलित नियत योजना है। ब्रह्मचतुष्पदी में भी "स एष सत्यः प्रतिवस्तुधर्मः शक्तिश्च सैषा नियतिः प्रसिद्धा" (पृष्ठ ५९) के रूप में नियति का स्वरूप बताया गया है। गुणाकर स्वयम्भू पुरुष का गुणभोग अथवा पुरुषप्रकृति का अयुतसिद्धभाव ही स्वभाव प्रकृति का नामान्तर योनि है, इस प्रकार 'कालः' और 'भूतानि' को छोड़ कर सभी स्वभाव के अवान्तर रूप माने गये हैं। गुणव्यतिकर काल का अविनाभाव-सम्बन्ध है। भूतों में ही परिणाम आदि स्वभाव की गतियाँ हैं।

स्वभाव के इन चार रूपों से अन्य भी अनेकवाद उपलक्षित होते हैं। यद्यपि ऐसा कहीं कण्ठोपात्त नहीं है तथापि दशवादरहस्य में अपरवाद को 'अपरव्योम' रूप में माना गया है जहाँ अपरव्योमरूपा वाक् का प्राधान्य है। शारीरकविमर्श में भी 'परे पुनः-"अथो वागेवेदं सर्वम्। वाचीमा विश्वा भुवनान्यर्पिता।" "अहमेव वात इव प्रवाम्यारभमाणा भुवनानि विश्वा। परो दिवो पर एता पृथिव्या एतावती महिना संबभूव।" इत्यादि-श्रुतिप्रामाण्याद् वाच एव विश्वं जज्ञे इत्थं सिद्धान्तयन्ति।" (पृष्ठ ३) द्वारा वाक् को मूल बताया गया है।

जगद्गुरुवैभवम् में अपरवाद के स्थान पर वायुवाद नाम दिया गया है—

एके रजांस्याहुरथाम्भ एके वायुं च वा व्योम च वैक आहुः। पृ. १९

महाभारत-वनपर्व में 'किंस्वित् सर्वमिदं जगत्' (३१९.९५) इस यक्षप्रश्न के उत्तर में युधिष्ठिर द्वारा 'वायुः सर्वमिदं जगत्' (९९) कहा गया है। अतः सदसद्वादादि गिनाये हुए नव वादों से भिन्न किसी भी एक मूल को बताने वाले वाद को अपरवाद में समाविष्ट माना जा सकता है। ब्रह्मविज्ञान (हिन्दी) में स्वयं ग्रन्थकार कहते हैं—"इस प्रकार मुख्य ये दस हैं। इनमें कितने ही अवान्तर वाद भी और हैं।" (पृष्ट ३) यही 'दशवादरहस्यम्' (पृ. ५) में कहा गया है—

श्रुतः श्रुतिभ्यः सदसत्प्रवादो रजःप्रवादश्च बहुप्रसिद्धः।
व्योमप्रवादावरणप्रवादावम्भःप्रवादोऽमृतमृत्युवादः ॥३॥
वादस्त्वहोरात्रकृतश्च दैव सन्देहवादोऽथ विनिर्णयात्मा।
सिद्धान्तवादश्च तदन्तरन्येऽप्यनेकवादा इति तान् वदामः ॥४॥

एक बात यहाँ विचारणीय है। अपरवाद का उद्भव बृहस्पति से एवं विकास चार्वाक से माना गया है। इन दोनों का यह मत लोकायत नाम से लोकप्रसिद्ध है। साथ ही यह भी प्रसिद्ध है कि यह नास्तिक मत है जैसा कि ग्रन्थ में प्रसंगप्राप्त स्थलों पर टिप्पणियों में बताया गया है। शुक्रनीति का यह वक्तव्य—

युक्तिर्बलीयसी यत्र सर्वं स्वाभाविकं मतम्।
कस्यापि नेश्वरः कर्ता न वेदो नास्तिकं मतम्॥४.८५

भी यही बताता है। आत्मा के अस्तित्व का स्वीकार न करना नास्तिकता का व्यापक आधार है। वेद का प्रामाण्य न मानना नास्तिकता का एकदेशीय आधार है। पाणिनि का 'अस्ति नास्ति दिष्टं मतिः' (४/४/६०) सूत्र प्रथम आधार को स्वीकार कर चलता है, ऐसा सभी व्याख्याकारों का मत है। स्पष्ट है कि यहाँ केवल प्रत्यक्षाधारित विचार है, आर्ष दृष्टि को नहीं लिया गया है, जब कि उनकी आवश्यकता तर्कातीत विषयों में पदे-पदे है जैसा कि महाभारत एवं वायुपुराण में कहा गया है—

अचिन्त्याः खलु ये भावा न ताँस्तर्केण साधयेत्।
प्रकृतिभ्यः परं यस्तु तदचिन्त्यस्य लक्षणम्॥

यही सङ्केत पूर्वोद्धृत श्वेताश्वर श्रुति (१.३) में 'ते ध्यानयोगानुगताः' पदों से दिया गया है। शान्तिपर्व में भी स्पष्ट शब्दों में यह विधि शासित है कि—

तपसा चानुमानेन गुणैर्जात्या श्रुतेन च।
निनीषेत् परमं ब्रह्म विशुद्धेनान्तरात्मना॥ २०५.१६

अत एव 'धर्मज्ञः पण्डितो ज्ञेयो नास्तिको मूर्ख उच्यते' (वनपर्व ३१३.६८) जैसे वचनों से नास्तिक को मूर्ख कहा गया है। इन्हीं भावों के कारण मनु का पद्यांश भी नास्तिक और वेदनिन्दक की पर्यायवाचिता में पर्यवसित मान लिया जाता है— 'नास्तिको वेदनिन्दकः'। इस रूप में लोकायत के कतिपय विकल्पों को नास्तिक मान लेना उपयुक्त है, सम्पूर्ण लोकायत को नहीं। यहाँ 'पुरुष व प्रकृति' के अद्वैत को स्वभाववाद में लिया गया है। सभी पुराण पुरुषाधिष्ठित प्रकृति को ही जगन्मूल मानते हैं। श्वेताश्वतर का स्पष्ट कथन है—

मायां तु प्रकृतिं विद्यान्मायिनं तु महेश्वरम्।
तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत्॥४.१०
यच्च स्वभावं पचति विश्वयोनिः पाच्यांश्च सर्वान् परिणामयेद्यः।
सर्वमेतद् विश्वमधितिष्ठत्येको गुणांश्च सर्वान् विनियोजयेद्यः॥५/५
येनावृतं नित्यमिदं हि सर्वं ज्ञः कालकारो गुणी सर्वविद्यः।
तेनेशितं कर्म विवर्तते ह पृथ्व्यप्तेजोऽनिलखानि चिन्त्यम्॥६/२

वेदमन्त्र भी प्रकृति को एक पाद बता कर उसी से विश्व का विलास मान कर एवम् त्रिपात् रूप शेष पुरुष को अमृत बता रहा है—'पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि' (ऋग्वेद १०/९०/३)। अतः अपरवादस्थ प्रकृतिवाद को नास्तिक-वाद मानने की भ्रान्ति नहीं होनी चाहिये। वायुवाद एवम् अपरव्योम अथवा वाग्वाद भी श्रुतिमूलक हैं अतः नास्तिक नहीं हैं। ये अपनी मान्यता के तत्त्व को ही पर मानते हैं उससे परे किसी अन्य की सत्ता स्वीकार नहीं करते हैं यह दृष्टि ही इन्हें पूर्वपक्ष में रखती है। यही कारण है कि महर्षि कण्व के कुल-विश्वविद्यालय—में महाराज दुष्यन्त लौकायतिकमुख्यों को भी स्वाध्यायरत पाते हैं। वायुपुराण स्वभावनियत दर्शनों में ब्राह्म, शैव आदि की गणना इसी रूप में करता है कि वे व्यापक एव वैज्ञानिक समन्वयपूर्ण दृष्टि लेकर नहीं चलते हैं —

> ब्राह्मं शैवं वैष्णवं च सौरं शाक्तं तथार्हतम्।
> षड् दर्शनानि चोक्तानि स्वभावनियतानि च ।। (१०४/१६)

इस पुराण में उक्त विषयों की गणना के क्रम में ये विषय हैं। अतः अपरवाद अथवा स्वभावदाद के क्षेत्र में आये दर्शन नास्तिक ही हों, यह भ्रान्ति नहीं रहनी चाहिये।

पूर्वपीठिका रूप में यह निवेदन मात्र यहाँ है। कतिपय विषय टिप्पणियों में द्रष्टव्य हैं। कलेवर एवं काल की सीमा में रहते हुए यहाँ इतना ही अपेक्षित है, शेष भविष्य एवं सुधीवृन्द हेतु छोड़ते हुए यह ओझामाध्यम से वेदवीथिपथिकों को सविनय अर्पित।

अनन्त शर्मा
निदेशक
गोदावरी आर्यकन्या-शिक्षण-समिति
ब्यावर (राजस्थान)

अपरवाद

(स्वभाववाद)

१. विषयावताररूप लोकायतवाद-अधिकरण

परे जगन्मूलविचारणायां स्वभाववादं प्रतिपादयन्ति।
स्वभावतः सर्वमिदं प्रवृत्तं यथास्ति यत्तद्धि तथा प्रतीयात् ॥१॥

अन्य लोग जगत् के मूल की विचारणा में[1] स्वभाववाद[2] का प्रतिपादन करते हैं। (उनका मत है कि) यह सब कुछ स्वभाव से ही प्रवृत्त हुआ है, जो जैसा है उसे वैसा ही समझना चाहिये[3] ।१।

वायुश्च तेजश्च जलं च पृथ्वी चत्वारि तत्त्वानि न चान्यदस्ति।
तेषां च संयोगवियोगहेतुः स्वभाव एवास्त्यखिलं स्वभावात् ॥२॥

वायु, तेज, जल और पृथ्वी ये चार तत्त्व हैं। इनसे भिन्न कोई अन्य तत्त्व नहीं हैं। उन (चारों) के संयोग और बियोग में हेतु स्वभाव ही है, स्वभाव से ही यह सब कुछ है ।२।

एभ्यश्चतुर्भ्यः सहितेभ्य एव प्रोत्थाय विज्ञानघनः कदाचित्।
तान्येव चान्वेष विनश्यतीति न प्रेत्यसंज्ञास्ति गतिश्च नास्ति ॥३॥

परस्पर मिले इन चारों से ही किसी समय विज्ञानघन उठकर (जगद्रूप में आता है तथा) उन्हीं के पीछे यह नष्ट भी हो जाता है। इस प्रकार न कोई प्रेत्यसंज्ञा है और न कोई गति है[4] ।३।

देहातिरिक्तश्च न कश्चिदात्मा लोकान्तरं नास्ति न चेश्वरोऽस्ति।
प्रत्यक्षमत्रोपलभामहे यत् तदस्ति यत्काल्पनिकं न तत् सत् ॥४॥

देह से अतिरिक्त कोई आत्मा नहीं है, न कोई अन्य (पर) लोक है और न ईश्वर ही है। हम प्रत्यक्ष रूप में जो कुछ पाते हैं बही (वस्तुतः) है। जो काल्पनिक है वह सत् नहीं है ।४।

इत्थं हि लोकायतवादमूचे बृहस्पतिः पूर्वयुगे कदाचित् ।
तस्यैव शिष्यः पुनरेतमर्थं चार्वाकनामा प्रकटीचकार ॥५॥

इस प्रकार पूर्व युग में किसी समय बृहस्पति ने[5] इस लोकायत[6] वाद का प्रवचन किया था । बाद में उन्हीं के शिष्य चार्वाक ने[7] इस विषय को प्रकट किया ।५।

स्वभावमेतं परिणाममेके प्राहुर्यदृच्छां नियतिं तथैके ।
स्यात् पौरुषी वा प्रकृतिस्तदित्थं स्वभाववादस्य गतिश्चतुर्धा ॥६॥

इस स्वभाव को कतिपय परिणाम कहते हैं कुछ लोग यदृच्छा, कुछ लोग नियति, तो कुछ लोग पौरुषी प्रकृति कहते हैं, इस प्रकार स्वभाववाद इन चार रूपों में आगे बढ़ा है ।६।

(इति विषयावतरण)

परिणामवादाधिकरण

स्वतः परिणामगतिः स्वभावो भावाः स्वभावात् प्रभवन्ति सर्वे ।
तापप्रकाशौ ज्वलनार्चिषः स्तः शैत्यं जले चान्नजलेन तृप्तिः ॥१॥

स्वभाव स्वतः परिणाम गति वाला[8] होता है । सभी भाव स्वभाव से होते हैं[9] । अग्नि की ज्वाला से ताप और प्रकाश होते हैं, जल में शीतता, अन्न एवं जल से तृप्ति स्वभाव से ही होते हैं ।१।

कः कण्टकानां प्रकरोति तैक्ष्ण्यं विचित्रभावं मृगपक्षिणां वा ।
स्वभावतः सर्वमिदं प्रवृत्तं न कामचारोऽस्ति कुतः प्रयत्नः ॥२॥

काँटों में तीखापन कौन करता है ? पशु-पक्षियों के विचित्र विचित्र भावों को कौन जन्म देता है[10] ? स्वभाव की ही यह सम्पूर्ण प्रवृत्ति है । यहाँ कामचार (स्वेच्छाचार) को अवसर नहीं है । प्रयत्न का तो प्रश्न ही कहाँ ? ।२।

द्वौ स्तो बदर्या इह तीक्ष्णकण्टकौ ऋजुः स एकोस्ति परस्तु कुञ्चितः ।
फलं पुनर्वर्तुलमत्र च कृमिः स्वभावतः सर्वमिदं प्रजायते ॥३॥

बेर में दो तीखे काँटे (साथ साथ) लगे हुए हैं, एक बिल्कुल सीधा है तथा दूसरा वक्र या मुड़ा हुआ है । इसका फल गोल है, उस (फल) में (कभी कभी) कृमि भी होता है (जिसके बाहर से जाने को मार्ग नहीं है, वह सहज ही है), यह सब कुछ स्वभाव से ही होता है ।३।

को वात्र हंसान् प्रकरोति शुक्लान् शुकाँश्च को वा हरितः करोति ।
को वा मयूरान् प्रकरोति चित्रान् स्वभावतः सर्वमिदं प्रजायते ॥४॥

कौन यहाँ हंसों को सफेद बनाता है और कौन तोतों को हरा करता है ? मयूरों को चितकबरा कौन बनाता है ?[11] यह सब कुछ स्वभाव से ही होता है ।४।

इत्थं पुरा केऽपि पराशराद्या निर्धारयन्तः परिणामवादम् ।
प्रत्यब्रुवन् पौरुषवादमेषां मते स्वभावोऽनतिलङ्घनीयः ।।५।।

इस प्रकार प्राचीन काल में पराशर[12] आदि कई लोगों ने परिणामवाद की स्थापना करते हुए पौरुषवाद[13] का प्रत्याख्यान किया है। इन लोगों के मत में स्वभाव अनतिक्रमणीय होता है ।५। अतः पौरुष प्रयत्न इस विश्व के मूल में नहीं है, विश्व का विभिन्न भावों में परिणमन स्वभाव से ही होता है।

(इति परिणामवादाधिकरण)

यदृच्छावाद-अधिकरणम्

अथो यदृच्छाऽनभिसंधिपूर्वार्थप्राप्तिर्नियतिर्हि नास्ति ।
हेतुर्न वा हेतुमदस्ति किञ्चाप्याकस्मिकं सर्वत एव सर्वम् ।।१।।

अभिसन्धि के बिना अर्थप्राप्ति का नाम यदृच्छा[14] है अर्थात् फल विशेष की प्राप्ति के उद्देश्य से की जाने वाली प्रवृत्ति के बिना फलप्राप्ति का स्वतः हो जाना यदृच्छा है, (यदृच्छावादी कहते हैं कि) कोई नियति नहीं है, न कोई हेतु है और न हेतुमान्। यह सब कुछ पूर्णतया आकस्मिक है तथा (निश्चित कार्यकारण के अभाव में) सब से सब कुछ हो जाता है ।१।

"सर्वं सर्वात्मकं जगत्" के अनुसार कोई नियत कार्यकारणभाव न होने से सब से सब कुछ हो जाना तथा नियत व्यवस्था एवं हेतु-हेतुमान् जैसे भाव के अभाव से आकस्मिक रूप से हो जाना बताता है कि नियति नहीं है, अतः विश्वमूल में नियति न होकर यदृच्छा है और यदृच्छा स्वभाव का ही एक रूप है, यह यदृच्छावादियों का मानना है। नीचे इसके उदाहरण देते हुए और भी स्पष्ट किया गया है।

भ्रान्तोऽसि यत्कारणकार्यभावं प्रकल्पसे भूरिविलोकनेन ।
मृद्भ्यो जलं स्याज्जलतो मृदः स्युः किमत्र कार्यं वद कारणं वा ।।२।।

बार बार दर्शन-मनन से जो तुम कार्यकारणभाव की कल्पना करते हो, वस्तुत भ्रान्त हो। मिट्टी से जल होता है और जल से मिट्टी होती है। बताओ तो भला यहाँ कारण कौन है और कार्य कौन है ? ।२।

भूमि से जल, जल से भूमि के इस प्राप्तिरूप प्रत्यक्ष में किसे किसका कार्य-कारण माना जा सकता है, अतः इस व्यर्थ विचार में ही क्यों पड़ा जावे ?

अर्तकितोपनतमस्ति सर्वं चित्रं जनानां सुखदुःखजातम् ।
काकस्य तालेन यथाभिघातो न बुद्धिपूर्वोऽस्ति वृथाभिमानः ।।३।।

लोगों के सभी सुख-दुःख अतर्कित रूप से आते हैं, अतः चित्र हैं[15]। जिस प्रकार ताल (फल) से काक को लगा आघात बुद्धिपूर्वक नहीं है (वैसा ही यह सब कुछ काकतालीयन्याय से यादृच्छिक है) यहाँ (कर्तृत्व) अभिमान वृथा है ।३।

व्योम्नि प्रसन्ने प्रभवन्ति मेघा मेघे प्रसन्ने तडितोऽप्यकस्मात् ।
अस्त्यद्य निर्वातमथ प्रवातं लौहाश्मसर्पा अपि खात् पतन्ति ।।४।।

स्वच्छ आकाश में अकस्मात् बादल घिर आते हैं और प्रसन्न मेघ में अकस्मात् बिजलियाँ चमकने लगती हैं । अभी वायु बिल्कुल नहीं सी है, तो कुछ देर में आन्धी आ जाती है । आकाश से (कभी) लोह आदि धातु, पत्थर और सर्प भी बरसते हैं ।४।

न कारणं कार्यमिहास्ति तस्मादिदं कुतो नेति न शंकनीयम् ।
अर्तकितं भावय यद्यथेदं यदृच्छयैवेदमुदेति सर्वम् ।।५।।

कारण है नहीं, कार्य (प्रत्यक्ष) है ही, इस कारण यह शङ्का ही नहीं करनी चाहिये कि कैसे हुआ[16]। जो जैसा है उसे वैसे ही अतर्कित भाव से मान लेना चाहिये ।[17] यह सब कुछ यादृच्छिक रूप से ही होता है ।५।

(इति यदृच्छावाद-अधिकरण)

(अथ नियतिवाद[18]-अधिकरण)

पुरा तिलात् तैलमजायतैवं तज्जायतेऽद्यापि जनिष्यते च ।
अत्रापि जातं बहुदूरदेशान्तरेऽपि तत् तद्वदुपैति जन्म ।।१।।

प्राचीनकाल में भी तिलों से तेल होता था वैसे ही आज भी होता है और भविष्य में भी होता रहेगा । यहाँ भी (तिलों से तेल) होता है तथा दूर देशान्तरों में भी होता है ।१। जैसे तिलों से तेल एक नियत सार्वभौम सनातन तथ्य है जिसके साथ काल विशेष और देश विशेष का सम्बन्ध नहीं है, यह नियति है और विश्व इस नियति से नियत है यह आगे के पद्यों से स्पष्ट है ।

यदैव यद्यावदथो यतो वा तदैव तत्तावदथो ततो वा ।
प्रजायतेऽस्मिन्नियतं नियत्याक्रान्तं हि पश्याम इदं समस्तम् ।।२।।

जब भी जो जितना जिससे जैसे हुआ है वह तब भी उतना उससे वैसे ही होता है, इस विषय में एवं इस जगत् में सब कुछ नियति से आक्रान्त (सर्वथा नियत) ही पाते हैं ।२।

रूपेण सर्वे नियतेन भावा भवन्ति तस्मान्नियतिं पृथग्वत् ।
मन्यामहे कारणमीश्वरो वाऽणुर्वेतरे वा नियतेर्वशे स्युः ॥३॥

सभी भाव नियत रूप से होते हैं अतः नियति को पृथक् कारण मानते हैं। ईश्वर हो, अणु हो अथवा अन्य भी कोई हों, सभी नियति के वश में ही हैं[19] ।३।

इत्थं पुरा केचन पूरणाद्या विश्वस्य मूलं नियतिं वदन्तः ।
उन्मूलयन्ति स्म मतं परेषां यादृच्छिकानां बहुयुक्तियोगैः ॥४॥

इस प्रकार प्राचीनकाल में पूरण आदि[20] कतिपय विचारकों ने नियति को विश्व का मूल बताते हुए नाना प्रकार की युक्तियों से यदृच्छावादियों के मत का उन्मूलन किया है ।४।

(इति नियतिवाद-अधिकरण)

अथ प्रकृतिवाद[21]-अधिकरण[22]

अस्ति स्वयम्भूः पुरुषो गुणाकरो गुणं विना नैष न तं विना गुणाः ।
गुणोऽयमत्रायुतसिद्ध इष्यते स चास्य भोगः प्रकृतिर्निरूप्यते ॥१॥

पुरुष स्वयम्भू एवं गुणाकर है। गुण के बिना यह पुरुष और पुरुष के बिना ये गुण नहीं रहते हैं। पुरुष में गुण अयुतसिद्ध[23] (जुदा होते ही अस्तित्व खो देने वाले) माने गए हैं। पुरुष का यह गुणभोग ही प्रकृति का रूप बताया गया है ।१।

आध्यात्मिको यः पुरुषः स एवाधिदैविकस्तत्र समा हि सर्गाः ।
तयोस्त्ववच्छेदकरो भवत्याधिभौतिकोऽयं पुरुषस्तृतीयः ॥२॥[24]

जो आध्यात्मिक पुरुष है वही आधिदैविक पुरुष है। उसमें ये सम्पूर्ण सर्ग हैं। उन (आध्यात्मिक और आधिदैविक) दोनों का अवच्छेदक—एक में द्विरूप भेद का कारण—यह आधिभौतिक तीसरा पुरुष है ।२।

त्रयोऽप्यमी सन्ति परस्पराश्रया न चान्यमन्यो व्यतिरिच्य तिष्ठति ।
दिव्यव्यपाये त्रितयं व्यपैति तैस्त्रिभिः समेतैश्च परोऽस्ति पुरुषः ॥३॥

ये तीनों—आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक—पुरुष एक दूसरे के आश्रय वाले हैं, (किसी) एक से पृथक् (हो कर शेष) अन्य अवस्थित नहीं रह पाते हैं। दिव्य (आधिदैविक) के पृथक् होते ही तीनों ही पृथक् हो जाते हैं।[25] इन तीनों का समन्वित रूप ही 'पर पुरुष' है ।३।

विशिष्टरूपः पुरुषो गुणेन यः कर्तृत्वमस्मिन् गुणतोऽपदिश्यते ।
गुणेन कुर्वन् पुरुषः करोत्ययं, तस्मिन् गुणः स्याद् विकृतो, न चाश्रयः ॥४॥

गुण (के योग) से यह जो पुरुष विशिष्टरूप है, इसमें कर्तृत्व-व्यपदेश गुण (के माध्यम) से है। गुण से करता हुआ ही यह पुरुष 'कर्ता' है। गुण ही उस पुरुष में विकृत—परिणामरूप अवस्थान्तर को प्राप्त—होता है, गुण का आश्रय पुरुष विकृत नहीं होता है।४। अर्थात् विक्रियाएँ सभी प्रकार की गुणों में होती हैं, गुणाकर पुरुष में कोई विक्रिया नहीं होती है, वह सदैव अविक्रिय है।

गुणस्य योऽत्राश्रयभाग इष्यते स शुद्ध आत्मा पुरुषः पृथङ् मतः।
रूपं हि तत्कर्मगुणातिरेकतो दृष्टं न तद् विक्रियते न कर्तृ तत् ॥५॥

गुण का जो आश्रय भाग माना गया है, वह शुद्ध आत्मा वह पुरुष (गुण से) पृथक् है। गुण और कर्म से पृथक् दृष्ट वह पुरुषरूप न तो विक्रिया को प्राप्त होता है और न कर्ता है।५।

लोके हि सर्वत्र गुणैः प्रकृत्याः कर्माणि सर्वाण्यवशं क्रियन्ते।
तथाप्यहंकारविमूढ आत्मा कर्ताहमस्मीत्यभिमन्यतेऽलम् ॥६॥

संसार में प्रकृति के गुणों से ही सम्पूर्ण कर्म विवशतया किए जाते हैं, तो भी अहंकारविमूढ आत्मा 'मैं कर्ता हूँ' इस प्रकार का गहरा अभिमान रखता है।६।[26]

[27]यदृच्छयात्मन्युपपद्यते पुनः कालः स्वभावोऽपि च कर्म च त्रयम्।
कालाद् गुणानां भवति व्यतिक्रिया स्वभावतस्तत्परिणामवृत्तयः ॥७॥

यत्कर्म तस्मिन् महदादयस्ततः सर्गा भवन्तीति यदस्ति तत्त्रयम्।
गुणेऽनुषक्तं पुरुषे तु निर्गुणे न स स्वभावो न च कालकर्मणी ॥८॥

आत्मा में आकस्मिक रूप से काल, स्वभाव और कर्म उत्पन्न (प्राप्त) हो जाते हैं। काल से गुणव्यतिकर होता है स्वभाव से गुणपरिणाम होता है।७। इनमें जो कर्म है उससे महदादि सर्ग होते हैं। (इस संसार में) जो कुछ भी है वह गुणों में अनुषक्त है, निर्गुण पुरुष में तो स्वभाव, काल और कर्म कुछ भी नहीं है।८। अर्थात् काल-स्वभाव-कर्मरूपात्मक सभी भाव गुणों से ही आबद्ध अतः उन्हीं तक सम्बद्ध हैं, निर्गुण पुरुष में कोई कालादिभाव नहीं होते हैं। वह स्वभावातीत, कालातीत और कर्मातीत है।

स निर्विशेषस्य विशेषकृद्गुणस्त्रिधा स्वरूपं भजते क्रमस्थितम्।
सत्त्वं हि नेदिष्ठतमं ततो रजस्ततस्तमस्ते प्रकृतिस्त्रयो गुणाः ॥९॥

निर्विशेष में विशेषता करने वाला वह गुण क्रमिक रूप में तीन प्रकार का स्वरूप धारण करता है। इनमें सत्त्व गुण सर्वाधिक निकट है, इसके पश्चात् रजोगुण तथा फिर तमोगुण है। वे तीनों गुण ही (समुदित रूप में) प्रकृति हैं।९। अर्थात्

त्रैगुण्य ही प्रकृति है न कि इनसे पृथक् प्रकृति का कोई रूप हो और जिसके ये तीन गुण हों।

हेतुः स्थितेः सत्त्वमथोरजस्तद्धेतुः प्रवृत्तौ च तमो निवृत्तौ ।
प्रवर्तमानं च निवर्तमानं स्थितं च विश्वं पुरुषं प्रतीयात् ॥१०॥

स्थिति का हेतु सत्त्व (गुण) है, वह रजः प्रवृत्ति में और तमः निवृत्ति में हेतु है। प्रवर्तमान, निवर्तमान और स्थित विश्व को 'पुरुष' समझना चाहिए।१०।

विक्षुब्धमन्योन्यमिदं न यावता यावत्समं सा प्रकृतिस्तु तावता[28] ।
वैषम्यमायान्ति यदा त्रयो गुणास्तदा त्रयस्ते महदुच्यते गुणाः[29] ॥११॥

जब तक ये तीनों गुण एक दूसरे को विक्षुब्ध न करते हों, जब तक तीनों साम्यावस्था में हों, तब तक ये 'प्रकृति' कहलाते हैं। जब तीनों गुण विषमभाव को प्राप्त हो जाते हैं तो ये 'महत्' कहे जाते हैं।११।

भूमा सुखं सत्त्वमथाल्पता रजो दुःखं तमः स्तम्भनमेव मोहनम् ।
भूमाणिमैक्यं सुखदुःखमोह इत्येवं त्रिधा तन्महदुच्यते परैः ॥१२॥

सत्त्व गुण भूमा और सुख है, रजोगुण अल्पता और दुःख है, तमोगुण स्तम्भन और मोहन है। इस प्रकार अन्य लोगों द्वारा सत्त्व-रजस्तमःसमष्टि को क्रमशः भूमा, अणिमा, ऐक्य और सुख-दुःख-मोहरूपात्मक महत् के रूप में माना जाता है।१२। अर्थात् ये लोग पृथक्-पृथक् सत्त्वादिगुणों को भूमादि रूप में न देखकर महत् को ही भूमादि के रूप में देखते हैं।

विशिष्टरूपः पुरुषो महान् पुनः सर्गः प्रसिद्धो महतः स आदितः ।
सर्गस्त्वहङ्कार इति प्रसिद्धयति द्रव्यक्रियाज्ञानविभक्तरूपतः ॥१३॥

विशिष्ट रूप वाला यह पुरुष ही महान् है और यही सर्ग (सृष्टि) है। महान् क. आदि सर्ग जो द्रव्य-क्रिया-ज्ञानरूप से विभक्त है, अहंकार रूप से प्रसिद्ध है।१३। अर्थात् पुरुष का अविशेष से विशेष रूप में आना महान् है और यही सृष्टि का बीज आदि सर्ग है। इस महान् की प्रथम सृष्टि अहंकार है जो द्रव्यरूप, क्रियारूप और ज्ञानरूप से त्रिधा विभक्त हो जाता है।

महान् य आत्मा स इहाहमुक्तः प्रज्ञाबलार्थैरविनाभवद्भिः ।
सोऽर्थैः कृतात्मा विषयी प्रवृत्तोऽहङ्कार एषोऽश्व इति प्रवेति ॥१४॥

जो महान् आत्मा है वही यहाँ अहंकार कहा गया है। प्रज्ञा (ज्ञान), बल (क्रिया) तथा अर्थ (द्रव्य)रूप भावों से—जो कभी इस अहं बिना नहीं रहते हैं—स्वरूप-

निष्पत्ति पाया हुआ वह विषयवान् अहंकार प्रवृत्ति के साथ ही अश्व की भाँति[30] व्याप्त हो जाता है ।१४।

योऽर्थो बहिर्धाऽन्तरिहावभासस्तद्योगहेतुः पृथगस्ति वृत्तिः ।
सत्त्वं तु तद्द्रष्टृ तमस्तु दृश्यं सूत्रो रजो यत्र युते उभे स्तः[31] ।।१५।।

बाहरी विषयों का जो अन्तर्-आन्तरिक रूप-में अवभासन होता है, इस प्रकार के योग में हेतु एक पृथक् विशेष वृत्ति है। सत्त्व वह द्रष्टा (देखने वाला, ज्ञान करने वाला) है और तम समस्त दृश्य है, वह सूत्र—जिससे द्रष्टा की वृत्ति में दृश्य का अन्तःप्रतिबिम्ब होता है—रजः है जहाँ ये दोनों (सत्त्व व तम अथवा द्रष्टा व दृश्य, विषयी या विषय) परस्पर युत (मिले हुए) हैं ।१५।

ज्ञानक्रियाद्रव्यकृतं विशेषं महत्यहंकार इति ब्रुवन्ति ।
अयोऽत्र सर्गा हि ततो बभूवुस्तेजांसि भूतानि च देवतानि ।।१६।।

महान् में ज्ञान, क्रिया और द्रव्य से सम्भूत विशेष ही अहंकार कहलाता है। अतः इन तीनों—ज्ञान, क्रिया और द्रव्य—के कारण से तीन सर्ग होते हैं जो तेज, भूत और दैवत हैं ।१६।

प्राणा हि तेजांसि रजोऽथ भूतं तमोऽथ सत्त्वं किल दैवतं यत् ।
तन्मात्रसर्गाः प्रथितास्त्रयोऽपि क्रमेण भूतेन्द्रियदेवसर्गाः ।।१७।।

तेज प्राण रज है, भूत तम है और जो दैवत है वह सत्त्व है। इस प्रकार क्रमशः भूतसर्ग (तमः), इन्द्रियसर्ग (रज;) और देवसर्ग (सत्त्व) नाम वाले ये प्रसिद्ध तीन तन्मात्रसर्ग उद्भूत हुए ।१७।

शब्दस्पृशौ[32] रूपरसौ च गन्धः पञ्चार्थभेदा इति भूतसर्गाः ।
अथेन्द्रियं वाक्करपादुपस्थपायुश्रुतिघ्राणसजिह्वदृक्त्वक् ।।१८।।

पञ्च क्रियाशक्तियुतानि पञ्चापराणि धीशक्तियुतानि तेषाम् ।
देवा हि दिग्वायुरविप्रचेतोऽश्व्यग्नीन्द्रवैकुण्ठप्रजेशमित्राः ।।१६।।[33]

अर्थ के शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध ये पाँच भेद ही भूतसर्ग हैं। वाक् (वाणी), कर (हस्त = हाथ), पाद् (पाद = पैर), उपस्थ (जननेन्द्रिय), पायु (गुद), श्रुति (श्रोत्र = कर्ण), घ्राण (नासिका), जिह्वा (जीभ), दृक् (दृष्टि) और त्वक् (त्वचा = चर्म) ये दस इन्द्रियाँ ही इन्द्रियसर्ग हैं जो दो भागों—ज्ञान व कर्म—में विभक्त हैं ।१८। इन दस में प्रथम पाँच (वाक् आदि) क्रियाशक्तियुत अर्थात् कर्मेन्द्रियाँ तथा अपर (बाद वाली) पाँच (श्रोत्र आदि) ज्ञानशक्तियुत अर्थात् ज्ञानेन्द्रियाँ हैं। (इनके) देवता दिक् (दिशा),

वायु, रवि (सूर्य), प्रचेताः, अश्विद्वय, अग्नि, इन्द्र, बैकुण्ठ (विष्णु), प्रजापति तथा मित्र हैं ।१९।

अत्र प्रचेता वरुणोऽश्विनौ तु पृथ्वी तथाग्निस्तु बृहस्पतिः स्यात् ।
दिग्व्योम चेतीन्द्रियदेवतासु प्राहुर्विकल्पं क्वचन प्रगल्भाः ॥२०॥

कतिपय प्रगल्भ विज्ञजन इस विषय में इन्द्रियों के अधिष्ठाता देवों को लेकर विकल्प प्रस्तुत करते हैं जो प्रचेता के स्थान पर वरुण, अश्विनीकुमारों के स्थान पर पृथ्वी, अग्नि के स्थान पर बृहस्पति तथा दिशा के स्थान पर व्योम मानने के रूप में है[34] ।२०।

ये पञ्च पञ्चैव वदन्ति ते विदुर्भूतानि वाय्वम्बुमृदग्निखान्यपि ।
प्राणाँस्तु वाक्प्राणमनःश्रवोदृशोऽग्निवायुसूर्येन्दुदिशस्तु देवताः ॥२१॥

जो भूत, प्राण और देवताओं को पाँच-पाँच ही मानते हैं, उनके अनुसार वायु, अम्बु (जल), मृत् (पृथ्वी) अग्नि और स्व (आकाश) ये पाँच भूत हैं । वाक्, प्राण, मन, श्रवण (कर्ण) और दृक् (दृष्टि) ये पाँच प्राण अथवा इन्द्रिय हैं, देव भी अग्नि, वायु, सूर्य, इन्दु (चन्द्रमा) और दिशा ये पाँच ही हैं ।२१।

भूतानि तु द्रव्यजशक्तिमन्ति ज्ञानक्रियाशक्तिमदिन्द्रियं तत् ।
यो देवसर्गः स पृथग् द्विधा स्यात् कौमारसर्गश्च स तैजसश्च ॥२२॥

जो द्रव्य से उत्पन्न शक्ति वाले हैं वे भूत हैं । इन्द्रियाँ ज्ञान एवं क्रिया रूप शक्ति वाली हैं । जो देव सर्ग है वह पृथक्-पृथक् दो प्रकार का है, उनमें एक कौमार सर्ग है और दूसरा तैजस सर्ग है ।२२।

अध्यात्ममासाद्य समस्तदेवाः प्राज्ञत्वमायान्ति तदिन्द्रियाणि[35] ।
एकः समस्तान्यनुगृह्य धत्ते ते मानसास्तैजसदेवताः स्युः ॥२३॥

सभी देव अध्यात्म में आकर प्राज्ञभाव को प्राप्त हो जाते हैं, ये ही इन्द्रियाँ हैं । वह प्राज्ञ अकेला ही सभी इन्द्रियों को अनुगृहीत कर धारण करता है । प्राज्ञानुगृहीत वे मानसभाव–मनोमय देवगण–तैजस देवता हैं ।२३।

ये त्वत्र लोमत्वगसृक्पलाद्या मर्त्यास्तनौ केचन धातुसर्गाः ।
सर्वे कुमाराग्निमया मतास्ते कौमारसर्गस्थितदैवतास्ते[36] ॥२४॥

इस देह में लोम (रोम), त्वचा, असृक् (रुधिर) तथा पल (मांस) आदि जो कतिपय मर्त्य (परिणामशील) धातुएँ हैं वे सभी कुमाराग्निमय मानी गयी हैं । वे सभी कौमारसर्गस्थ देव हैं ।२४।

अध्यातममेतेऽप्यधिदैवतं चाधिभौतिकं च द्विविधा भवन्ति ।
कौमारसर्ग्याः प्रभवन्ति मर्त्या अथामृताः प्राणमयास्ततोऽन्ये ।।२५।।

अध्यात्म, अधिदैवत और अधिभौतिक में सर्वत्र ये देव दो-दो प्रकार के हैं। कौमारसर्ग से सम्बद्ध मर्त्य हैं और इनसे भिन्न प्राणमय तैजस देव अमृत हैं ।२५। अर्थात् कौमारसर्ग के देव उत्पाद-विनाशभावानुगत होने से मर्त्य हैं तथा तैजस देव प्राणरूप होने से उत्पाद-विनाशभावानुगत न होने से अमृत हैं। इस प्रकार देह में मर्त्य और अमृत देवों का समान रूप से वास है।

मात्रा अधिप्रज्ञमिमा यथासंस्ताभ्योऽभवंस्ते दिवि पञ्च देवाः ।
मात्रा अधिप्राणमिमाश्च ताभ्यः पञ्चेन्द्रियाण्यन्तरिमान्यभूवन् ।।२६।।

याश्चाधिभूतं किल पञ्च मात्राः शब्दादयस्ता गगनादयः स्युः ।
यः प्रागहङ्कार इति प्रतीतस्तन्मात्रसर्गा अभवँस्त्रयस्ते ।।२७।।

अधिप्रज्ञ या अध्यात्म में जो मात्राएँ थीं उनसे द्युलोक में पाँच देव हुए, अधिप्राण मात्राओं से पाँच अन्तरिन्द्रियाँ हुईं। २६। (शब्द, स्पर्श आदि) अधिभूत तन्मात्राओं से आकाश आदि पाँच महाभूत हुए। ये तीनों सर्ग—जो तन्मात्रसर्ग हैं—उसी एक के हैं जो अहंकार रूप में प्रसिद्ध है ।२७।

भूतादिभागादिह भूतसर्गः स्यात्तैजसादिन्द्रियसर्ग एवम् ।
वैकारिको दैवतसर्ग इत्थं सर्वेऽप्यहंकारत एव सर्गाः ।।२८।।

अहंकार के भूतादिभाग से भूतसर्ग, इसी प्रकार तैजस भाग से इन्द्रियसर्ग हुआ। उसका जो वैकारिक भाग है वही दैवत सर्ग है, इस प्रकार सभी सर्ग अहंकार से ही हैं ।२८।

शब्दस्पृशौ रूपरसौ च गन्धः सूक्ष्माणि भूतानि भवन्ति तेषाम् ।
एकैकवृद्धिक्रमयोगतः स्युः स्थूलानि सोऽनुग्रहसर्ग उक्तः ।।२९।।

शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध सूक्ष्म भूत हैं, उनके एक-एक उत्तरोत्तर वृद्धि-योग से स्थूल भूत उत्पन्न होते हैं। यह अनुग्रहसर्ग कहा गया है ।२९।

आकाश एवं पवनोऽग्निरम्बु पृथ्वीति भूतानि महान्ति तेषु ।
ऐक्यं द्वयं चैव त्रयं चतुष्कं स्यात् पञ्चकं च क्रमशो गुणानाम् ।।३०।।

आकाश, वायु, तेज, अप् और पृथिवी ये महाभूत हैं। उनमें क्रमशः एक, दो, तीन, चार और पाँच गुण होते हैं ।३०। महाभूतों में गुणक्रम इस रूप में है, आकाश में शब्द,

वायु में शब्द और स्पर्श, तेज में शब्द, स्पर्श और रूप, अप् में शब्द, स्पर्श, रूप और रस तथा पृथिवी में शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध गुण हैं। इनमें अन्तिम उनका प्रातिस्विक गुण है। आकाश में किसी अन्य सूक्ष्म भूत का गुण नहीं है।

भूतेभ्य एभ्यः खलु भौतिकानि स्युर्मुख्यतिर्यक्सुकृताभिधानि[37]।
ये स्थावरा ये पशुपक्षिणो वा ये बा मनुष्यास्त्रय एव सर्गाः ॥३१॥

इन महाभूतों से मुख्य, तिर्यक् और सुकृत नामक तीन भौतिक सर्ग होते हैं। ये क्रमशः स्थावर (मुख्य), पशुपक्षी (तिर्यक्) और मनुष्य (सुकृत) रूप तीन सर्ग हैं।३१।

षोढा तु मुख्यास्तृणगुल्मवीरुल्लतौषधीत्येव वनस्पतिश्च ।
एकं शफं द्वौ तु खुरौ नखानि, पञ्चाथ पक्षञ्च विदुस्तिरश्चाम् ॥३२॥

मुख्य सर्ग छः प्रकार का है, वे छः भेद तृण (घास), गुल्म (पौधे या झाड़), वीरुत् (भूमि पर फैलने वाली वल्लरी), लता (समीपस्थ द्रुम आदि को लपेटते हुए ऊपर बढ़ने वाली बेल), ओषधि (फलपाक के साथ ही समाप्त हो जाने वाले तिल, मूंग, गेहूं आदि धान्य) तथा वनस्पति (सपुष्प वृक्ष) हैं। तिर्यक्सर्ग एक शफ वाले, दो खुरों वाले, पाँच नखों वाले तथा पंखों वाले पशु-पक्षियों से सम्बद्ध चार भेदों वाला है।३२।

द्वयं त्रयं चैकमथ त्रयं च नवैव सर्गाः प्रथितास्त एते ।
सर्गाः षडाद्याः प्रकृतिस्वरूपास्ते प्राकृता वैकृतिकास्त्रयोऽन्ये ॥३३॥

दो (महान् व अहंकार), तीन (तन्मात्र, ऐन्द्रियक और वैकारिक), एक (महाभूत) तथा तीन (मुख्य, तिर्यक् एवं सुकृत) इस प्रकार ये कुल नव (९) सर्ग प्रसिद्ध हैं। इनमें प्रारम्भिक छः सर्ग (२+३+१ अर्थात् महान्, अहंकार, तन्मात्र, ऐन्द्रियक, वैकारिक और महाभूत) प्रकृतिस्वरूप होते हुए प्राकृत कहलाते हैं। शेष अन्य तीन (मुख्य, तिर्यक् और सुकृत) वैकृत हैं (क्योंकि ये विकार मात्र हैं, तत्वान्तर की प्रकृति नहीं हैं)।३३।

मतान्तरे प्राकृतिकास्त्रयः स्युः स्युर्वैकृताः पञ्च ततोऽयमन्यः ।
कुमारसर्गो नवमः शरीरे ये धातुसर्गास्त्वगसृग्मुखाः स्युः ॥३४॥

[38]अन्यमत में प्रारम्भ के तीन (महान्, अहंकार तथा तन्मात्र) प्राकृतिक हैं, बाद के पाँच (ऐन्द्रियक, वैकारिक, महाभूत, मुख्य एव तिर्यक्) वैकृत हैं। उनसे भिन्न नवम यह कुमारसर्ग है जो शरीर में त्वचा, रुधिर आदि धातुओं का सर्ग है।३४।

स्युर्धातुसर्गास्त्रिविधषु वैकृतेष्वेते किलानुग्रहसर्गतोऽथ सः ।
मात्राप्रसर्गेभ्य इमे त्वऽहंकृतेः सर्गात् स सर्गान्महतो गुणात्तु सः ॥३५॥

ये धातुसर्ग तीनों वैकृत सर्गों में होते हैं। धातुसर्ग अनुग्रहसर्ग से होते हैं। वह अनुग्रहसर्ग मात्रासर्गों से होता है। ये तन्मात्रासर्ग अहंकार के सर्ग से होते हैं। वह—अहंकारसर्ग—महत्सर्ग से होता है और महत्सर्ग गुण (साम्यावस्थारूप प्रकृति) से होता है।३५।

य: सञ्चरस्तत् प्रतिसञ्चरात् पुनर्लय: प्रकृत्यामखिलस्य जायते।
एतन्मतं पञ्चशिखस्य चासुरे: पौराणिकानामपि तादृशी मति: ॥३६॥

उपरिवर्णित यह सञ्चर अर्थात् सृष्टिक्रम है, प्रतिसञ्चर से सम्पूर्ण विश्व का प्रकृति में फिर लय हो जाता है। यह पञ्चशिख तथा आसुरि का है[१७]। पौराणिकों की भी इनके जैसी ही मान्यता है।३६।

प्रकृति से विश्व का प्राकटच सञ्चर सर्ग या सृष्टि है। इससे विपरीत क्रम में विश्व का पुन: प्रकृति में लीन हो जाना प्रतिसर्ग प्रतिसञ्चर या लय है। पञ्चशिख आसुरि एवं पौराणिकों का इस सृष्टि व लय के सम्बन्ध में समान मत है।३६।

(अपरवाद पूर्ण हुआ)

——

दशवादरहस्य-गत अपरवाद-[1]

आपोमयं सर्वजगद् यदुक्तं न तत्र नो विप्रतिपतिरस्ति।
अपित्वमूर्वाक्प्रभवा अमूषां वाचि स्थितिर्वाक् परमा गतिश्च ॥१॥

यह जो कुछ कहा गया है कि सम्पूर्ण जगत् आपोमय है, इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है, अपितु (हम इतना और जोड़ना चाहेंगे कि) ये अप् वाक् से उद्भूत हैं, इन (अप्) की वाक् में ही स्थिति है और वाक् ही इनकी परम गति है।१। अभिप्राय यह है कि भले ही स्थूल दृष्टि से विश्व को आपोमय कहा जावे, साक्षात् सम्बन्ध से ऐसा मानने में कोई विप्रतिपत्ति नहीं है, किन्तु तात्त्विक दृष्टि से यह उपयुक्त नहीं है क्यों कि अप् का ब्रह्म वाक् है। उत्पतिस्थितिलयस्थान ही ब्रह्म का लक्षण है, अप् की उत्पत्ति-स्थितिलय वाक् है अतः वाक् ब्रह्म है।

वागेव विश्वं जनयन्त्यमुष्मिन् व्याप्नोति नातः परमस्ति किञ्चित्।
वाचो मुखेनैव तु वाग्विभूतिं वागाम्भृणी प्रागृषिका व्यवोचत् ॥२॥

वाक् ही विश्व को उत्पन्न करती हुई उसमें व्याप्त रहती है। वाक् से परे कोई अन्य नहीं है। पुरातन काल में महर्षि अम्भृण की पुत्री अत एव आम्भृणी ऋषिका वाक् ने[2] वाक् के मुख से अर्थात् उत्तमपुरुषक्रियायोजना से वाक् की विभूति का सुविशद स्पष्ट वर्णन किया है।२। (वाक्सूक्त के ८ मन्त्र हैं, उनमें से उपयोगी रूप से केवल पाँच यहाँ उद्धृत हैं, उद्धरण-क्रम सूक्तानुसार नहीं है, सम्भवतः प्रतिपाद्य की दृष्टि से है। यह ऋग्वेद के दशम मण्डल का १२५ वाँ सूक्त है, मन्त्र में प्रथम संख्या अपरवाद-क्रम से सम्बद्ध है तथा कोष्ठक की द्वितीय संख्या सूक्तस्थ क्रम की है)।

अहमेव वात इव प्र वाम्यारभमाणा भुवनानि विश्वा।
परो दिवा पर एना पृथिव्यैतावती महिना सं बभूव ॥३॥ (८)

किसी अन्य की प्रेरणा के बिना स्वतः निरन्तर गति वाले वायु की भाँति मैं स्वयं ही कार्यरूप सम्पूर्ण भूत समुदाय को उत्पन्न करती हुई कारण रूप से प्रवर्तित हूँ। द्यावा पृथिवी से भी परे—अर्थात् अखिल विकारजात से परे—वर्तमान मैं अपनी महिमा से इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड के रूप में विभववती हूँ।३।

अहं सुवे पितरमस्य मूर्धन् मम योनिरप्स्वन्तः समुद्रे।
ततो वि तिष्ठे भुवनानु विश्वोतामूं द्यां वर्ष्मणोप स्पृशामि ॥४॥ (७)

इस भूलोक से ऊर्ध्व पितृरूप द्युलोक को मैं जन्म देती हूँ। इन समुद्रों में अथवा अन्तरिक्ष में अम्मय (अप्-रूप) देवशरीरों में मैं ही इनकी योनि—प्रकृति—के रूप में हूँ।

इस प्रकार सब की कारणभूता मैं समस्त भुवनों में व्याप्त हूँ। द्युलोकपर्यन्त अवस्थित इस सम्पूर्ण विश्व के साथ मेरा दैहिक सम्बन्ध है।४।

अहं रुद्रेभिर्वसुभिश्चराम्यहमादित्यैरुत विश्वदेवैः ।
अहं मित्रावरुणोभा बिभर्म्यहमिन्द्राग्नी अहमश्विोभा ।।५।। (१)

मैं रुद्र, वसु, आदित्य और विश्वदेवों के रूप में व्यष्टिसमष्टि में गतिशील हूँ। मैं ही मित्र और वरुण (प्राणापान), इन्द्र और अग्नि (पृथ्वी से द्युलोक तक व्याप्त चेतना) और दोनों अश्विनों (निखिल व्याप्तियों) को धारण करती हूँ अर्थात् सभी की आधारभूमि हूँ।५।

मया सो अन्नमत्ति यो विपश्यति यः प्राणिति य ईं शृणोत्युक्तम् ।
अमन्तवो मां त उपक्षियन्ति श्रुधि श्रद्धिवं ते वदामि ।।६।। (४)

अन्नाद रूप में अवस्थित जो कोई भी अन्न—भोज्य वस्तु—का ग्रहण करता है, वह भोक्तृशक्तिरूप मेरे ही माध्यम से कर पाता है। द्रष्टा भी मेरी ही दर्शनशक्ति से देखता है तथा श्रव्य का श्रवण भी श्रोता मेरे ही माध्यम से कर पाता है। मेरी सत्ता को न स्वीकारने वाले यथावत् मेरे स्वरूप को न जानने वाले नास्तिक वस्तुतः जीवन-लाभ से वञ्चित रहते हैं। श्रद्धापूर्वक सुनो,[३] इस रूप में मैं अपना हृदय—रहस्य—तुम्हारे सामने प्रकट कर रही हूँ।६।

अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुत मानुषभिः ।
यं कामये तं तमुग्रं कृणोमि तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम् ।।७।। (५)

क्या देव और क्या मनुष्य? सभी से सेवित यह गुह्य ज्ञान मैं स्वयम् उपदेश रूप में दे रही हूँ कि जिसे मैं अनुगृहीत करती हूँ उसे उग्र—सर्वाधिक श्रेष्ठ—कर देती हूँ, उसे ब्रह्मा—चतुर्वेदवित् सर्वशास्त्रज्ञानपरिवृढ—कर देती हूँ, उसे ऋषि, उसे सुमेधा कर देती हूँ।७।

वागेव सा व्योमपदप्रसिद्धा व्योमापरं तत् परमं च भिन्नम् ।
तत्रापरं व्योम निरुक्तमेतद् वागाम्भृणी या खलु सास्ति मर्त्या ।।८।।

वह वाक् ही व्योम पद से प्रसिद्ध है और वह व्योम अपर और पर भेद से दो प्रकार का है। उनमें अपर व्योम ही इन मन्त्रों में निरुक्त है। यह जो आम्भृणी वाक् है वह मर्त्यवाक् अर्थात् अपर व्योम है, यही सृष्टि का मूल है।८। इस मर्त्यवागात्मक व्योम के निमित्त से यह 'अपरवाद' कहलाता है।

इति दशवादरहस्य-गत अपरवाद पूर्ण

टिप्पण

1. **विचारणा**--विचारणा का अर्थ संशयोत्थापित विचार अथवा अनेक धारावगाही संशय। 'चर संशये (१०.१३८) विचारयति, विचारणा हि सति संशये भवति'। (क्षीरतरंगिणी)।

संशय अर्थ में (क) निष्कारणं स्मृतं दत्तं ब्राह्मणे ब्रह्मवर्जिते।
भवेदपात्र घोषेण न चात्रास्ति विचारणा।। -शान्ति-पर्व ३६/४५

(ख) एतद्धि परमं श्रेयो न मेऽत्रास्ति विचारणा। -शान्तिपर्व १५०/२२

(ग) बुद्धिर्ममैषा परिखास्थितस्य मा भूद् विचारस्तव धर्मपुत्र।
स्यात् संहितं सद्भिरफल्गुसारं ममेति वाक्यं परमानृशंस्यम्।। -शान्तिपर्व १६७/३६

(घ) प्रतिज्ञातं मया यत्ते तद् गृहाणाविचारितम्।। -शान्तिपर्व १६६/१०५

(ङ) स प्रत्यग्रहीदग्रजशासनं तद्, आज्ञा गुरूणां ह्यविचारणीया। -रघुवंश १४/४०

(च) श्लोक एव त्वया बद्धो नात्र कार्या विचारणा। -बालकाण्ड २/३१ वा. रामा.

(छ) पुरा विचार्य मोहेन मुनिपत्नीं शतक्रतुः।
धर्षयित्वा मुनेः शापात् तत्रैव विफलीकृतः। -वही ४६.६

2. स्वभाववाद के विचारक भूतचिन्तक कहलाते हैं। प्रत्यक्ष के विषय इन पृथ्वी, अप् तेज और वायु से भिन्न कोई तत्त्व ये नहीं मानते हैं—

केचित् पुरुषकारं तु प्राहुः कर्मसु मानवाः।
दैवमित्यपरे विप्राः स्वभावं भूतचिन्तकाः।। -शान्तिपर्व २३२. १६.
पौरुषं कर्म दैवं च फलवृत्तिः स्वभावतः।
त्रय एतेऽपृथग्भूताः न विवेकं तु केचन।।२०।।

प्राचीनकाल में इनका लोकव्याप्त रूप इस मात्रा में था कि प्रत्यक्षतःदर्शन की चर्चा में प्रवृत्त न होने वाले शास्त्र भी इन्हें गिनकर चलते हैं। बृहत्संहिता में वराहमिहिर लिखते हैं—

कपिलः प्रधानमाह द्रव्यादीन् कणभुगस्य विश्वस्य।
कालं कारणमेके स्वभावमपरे परे जगुः कर्म।। १.७।।

इस की व्याख्या में उत्पलभट्ट—केऽपि कालकारणिकाः पौराणिकाः, अपरे अन्ये लौकायतिकाः स्वभावं जगतः कारणमाहुः।

उपनिषद् भी इसकी उपेक्षा करके नहीं चले हैं, श्वेताश्वतर उपनिषद् का आरम्भ इन्हीं विचारों से होता है।

कालः स्वभावो नियतिर्यदृच्छा भूतानि योनिः पुरुष इति चिन्त्याः।
संयोग एषां न त्वात्मभावादात्माप्यनीशः सुखदुःखहेतोः।।१/२।।

शंकराचार्य स्वभाव को 'स्वभावो नाम पदार्थानां प्रतिनियता शक्तिः, अग्ने-

रौष्ण्यमिव' रूप से स्पष्ट करते हैं। यही उपनिषद् आगे जाकर पुनः कहता है–

स्वभावमेके कवयो वदन्ति, कालं तथान्ये परिमुह्यमानाः। ६/१

शंकर भी 'कवयो मेधाविनः' के रूप में इन्हें मेधावी स्वीकार करते हैं, भले ही 'परिमुह्यमानाः' की व्याख्या में 'अविवेकिनो विषयात्मानः' कहकर इनका अपेक्षित स्थान बता देते हैं।

रामायण में भी इन्हें सर्वत्र प्रसारप्राप्त किन्तु अग्राह्य बताया गया है। राम वन में भरत से अनेक प्रश्न करते हैं, उनमें एक प्रश्न यह भी है—

कच्चिन्न लौकायतिकान् ब्राह्मणांस्तात सेवसे।
अनर्थकुशला ह्येते बालाः पण्डितमानिनः॥ –अयोध्याकाण्ड १००.३८
धर्मशास्त्रेषु मुख्येषु विद्यमानेषु दुर्बुधाः।
बुद्धिमान्वीक्षिकीं प्राप्य निरर्थं प्रवदन्ति ते ॥३९॥

इसका उदाहरण भी वहीं मिलता है। भरत की प्रार्थना स्वीकृत न होने पर भरत को आश्वासन सा देते हुए जाबालि जो कुछ राम को समझाते हैं वह नास्तिकमतानुसरण करने वाला है। भगवान् वाल्मीकि कहते हैं–

आश्वासयन्तं भरतं जाबालिर्ब्राह्मणोत्तमः।
उवाच रामं धर्मज्ञं धर्मापेतमिदं वचः॥ –अयोध्याकाण्ड १०८ १
बीजमात्रं पिता जन्तोः शुक्लं शोणितमेव च।
संयुक्तमृतुमन्मात्रा पुरुषस्येह जन्म तत् ॥११॥
गतः स नृपतिस्तत्र गन्तव्यं यत्र तेन वै।
प्रवृत्तिरेषा भूतानां त्वं तु मिथ्या विहन्यसे ॥१२॥

१८ पद्यों के इस सर्ग के ये उपसंहारक दो पद्य भी द्रष्टव्य हैं—

स नास्ति परमित्येव कुरु बुद्धिं महामते।
प्रत्यक्षं यत्तदातिष्ठ परोक्षं पृष्ठतः कुरु ॥१७॥
सतां बुद्धिं पुरस्कृत्य सर्वलोकनिदर्शिनीम्।
राज्यं त्वं प्रतिगृह्णीष्व भरतेन प्रसादितः ॥१८॥

अपरवाद नाम तथा लोकायतवादाधिकरण की भूमिका ये दोनों पद्य कहे जा सकते हैं। राम इसका उत्तर देते हैं। इस अगले १०९ वें सर्ग में ३९ पद्य हैं। राम का आक्रोश इनसे व्यक्त है, वे पिता के इस कर्म तक की निन्दा करने से नहीं चूकते हैं:—

निन्दाम्यहं कर्म पितुः कृतं तद् यस्त्वामगृह्णाद् विषयस्थबुद्धिम्।
बुद्ध्यानयैवंविधयाचरन्तं सुनास्तिकं धर्मपथादपेतम् ॥ ३३ ॥
यथा हि चौरः स तथाहि बुद्धः तथागतं नास्तिकमत्र विद्धि।
तथाहि यः शक्यतमः प्रजानां स नास्तिके नाभिमुखो बुधः स्यात् ॥३४॥

यहाँ बुद्ध व तथागत शब्द गौतम बुद्ध के नाम नहीं हैं जैसा कि यही टीका में नागेशभट्ट, गोविन्दराज और महेश्वरतीर्थ ने माना है तथा रामायण के इतिहासलेखकों ने भी सम्भवतः इस आधार पर रामायण को "एवमेव मनुष्येन्द्र

एवमेव मनुष्येन्द्र धर्मं त्यक्त्वाल्पकं नरः ।
बृहन्तं धर्ममाप्नोति स बुद्ध इति निश्चितम् ।। वनपर्व ३३.६७
एतद्बुद्ध्वा भवेद् बुद्धः किमन्यद् बुद्धलक्षणम् । शान्तिपर्व १६४/५६,२४६.११
अहो भरत ! सिद्धार्थो येन राजा त्वयानघ !
शत्रुघ्नेन सर्वेषु प्रेतकृत्येषु सत्कृतः ।। अयोध्याकाण्ड १०२.१०
ततो गच्छसि सिद्धार्थः । शान्तिपर्व १०५/२३
धर्मं समाचरेत् पूर्वं ततोऽर्थं धर्मसंयुतम् ।
ततः कामं चरेत् पश्चात् सिद्धार्थः स हि तत्परम् ।। शांतिपर्व १६७।२७
त्वमेव पद्मनाभस्य नित्यं पद्मपदाहितः । अहो सिद्धार्थरूपोऽसि गमिष्ये स्वस्ति तेऽस्तु वै । २१६ ।

महाभारत में अनेकत्र स्वभावचर्चा है—
शान्तिपर्व १६७.११, २०२.३,५, २११.३, २१६.४१, प्रह्लाद व इन्द्र के संवाद में पौरुष आदि का प्रत्याख्यान कर प्रह्लाद द्वारा स्वभाव का महत्त्व प्रतिपादित किया गया है—
शान्तिपर्व २२२. १४-३५,

पञ्चशिख द्वारा विना नामनिर्देश लोकायतमतनिर्देश—
शान्तिपर्व २१८, २२-२६.
विष्णुपुराण—मायामोह की उक्ति में लोकायतमत—
३.१८.२०-२६
पद्मपुराण—सृष्टिखण्ड १३. ३१५-४००
श्रीमद्भागवत—श्रीकृष्ण का गोपों के समक्ष स्वभाव
१०. २४. १५-१८,

षड्दर्शनसमुच्चय (श्रीमलधारि-राजशेखरसूरिकृत) में संक्षेप में नास्तिकमत का स्वरूप बताया गया है तथा इसका खण्डन किया गया है—स्वरूप निम्नलिखित रूप में है —

नास्तिकास्तं न मन्यन्ते पुण्यापुण्यबहिर्मुखाः । ५८
तेऽधिपर्षद् वदन्त्येवं नास्ति जीवो न कर्म च ।
धर्माधर्मौ न विद्येते ततः किन्नु तयोः फलम् ।।५६
एतावानेव लोकोऽयं यावानिन्द्रियगोचरः ।
भद्रे ! वृकपदं पश्य यद् वदन्त्यबहुश्रुताः ।।६०।।

३. यहां प्रत्यक्ष पर बल है, अनुमान आदि पर आधारित विचारों को काल्पनिक मान कर उनके आश्रयण का निषेध इन पंक्तियों से अभिप्रेत है ।

संशयवाद में यही बात अन्य प्रकरण में प्रकारान्तर से कही गयी है —
तस्मादिदं यच्च यथावपश्याम्येतत् तथैवास्ति, पृष्ठ ७५

४. इस पद्य की विशद व्याख्या तथा स्रोत संशयतदुच्छेदवाद के पृ. ८२ पर निम्नलिखित रूप में है—

११ रथात्मवत् शरीरात्मनाशात् प्रेत्यसंज्ञाभावः

रथो यथा चक्रधुरादिदारुभिः शक्तिप्रबुद्धां लभते विधारिणीम् ।
तथा शरीरं रुधिरादिधातुभिः शक्तिप्रबुद्धामुपयाति चेतनाम् ।।१।।
भूतेभ्य एभ्योऽधिसमुत्थिताथ सा विधारणी शक्तिरपैति तान्यनु ।
रथस्य भङ्गे तु न तस्य भिन्नवत् कश्चित् स आत्मा दिवमेति युक्तये ।।२।।
तथैव मन्ये वपुषोऽवसादने सा चेतनाशक्तिरिहैव नश्यति ।।३।।
तान्येव भूतान्यनु न त्वितः पृथक् कश्चित् स आत्मा दिवमेति मुक्तये ।।३।।
ब्रवीति विद्वानपि याज्ञवल्क्यः स्वारण्यके निश्चितमेतमर्थम् ।
न प्रेत्यसंज्ञास्ति न चायमात्मा लोकान्तरं याति शरीरनाशे ।।४।।

इसके अनन्तर १२ वें परिच्छेद में 'मरणोत्तरमात्मनोऽसत्त्वे वेदर्षिसहानुभूतिः' शीर्षक से शतपथब्राह्मण के मूल उद्धरण दिये गये हैं (१) (२) (३) प्रतीक संख्याओं से । इनमें प्रथम उद्धरण व्याख्यात्मक भाग सा लगता है ।

१. यत्रायं पुरुषो म्रियते उदस्मात् प्राणाः क्रामन्ति आहोनेति ? नेति होवाच याज्ञवल्क्यः, अत्रैव समवनीयन्ते, स उच्छ्वयति आध्मायति, मृतः शेते । (शतपथ, १४. ६. २)

यहाँ मूल पाठ (१) न तस्मात् प्राणा उत्क्रामन्ति अत्रैव समवनीयन्ते ब्रह्मैव सन् ब्रह्माप्येति । (४.२.८ बृहदारण्यक, वेंकटेश्वर-शतपथ) 'तस्मात्' के स्थान पर 'तस्य' अजमेर व उपनिषत्संग्रह का पाठ (४. ४. ६) । १४ वें काण्ड के प्रथम तीन अध्यायों की पूर्णता तक प्रवर्ग्यकाण्डात्मक शतपथब्राह्मण है, चतुर्थ अध्याय से बृहदारण्यकोपनिषत् का आरम्भ है अतः शतपथ का निर्देश हो, तो १४. ७. ४. होना चाहिये । यदि केवल बृहदारण्यकोपनिषत् का निर्देश हो, तो ४.४ होना चाहिये ।

(२) यथा सैन्धवघनोऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नो रसघन एव, एवं वा अरेऽयमात्माऽनन्तरोऽबाह्यः कृत्स्नः प्रज्ञानघन एवैतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानु विनश्यति न प्रेत्यसंज्ञास्तीत्यरे ब्रवीमि–इति होवाच याज्ञवल्क्यः । (बृहदा. ४. ५. १३)

(३) स यथा सैन्धवखिल्य उदके प्रास्त उदकमेवानुविलीयेत नाहास्योद्ग्रहणायेव स्याद् यतो यतस्त्वाददीत लवणमेव, एवं वा अरे इदं महद्भूतमनन्तपारं विज्ञानघन एव एतेभ्यो भूतेभ्यः समुत्थाय तान्येवानु विनश्यति, न प्रेत्यसंज्ञास्तीत्यरे ब्रवीमीति होवाच याज्ञवल्क्यः । (बृहदा. २. ४. १२)

याज्ञवल्क्य के इस कथन को लोकायतिकों ने मिथ्या तर्क से अपने पक्ष का पोषक बता दिया है। इसका निराकरण श्री ओझा जी ने संशयवाद के पृष्ठ ६० में १६ वें परिच्छेद में बताया है जो वहीं द्रष्टव्य है।

प्रेत्य–प्र + इण् गतौ + क्यप् का रूप है, ल्यबन्त की भ्रान्ति नहीं होनी चाहिये। 'प्रकृष्ट गतियोग्य' ऐसा इसका शाब्दिक अर्थ है। साधारणतः प्रेत्य का अर्थ मृत्यु तथा प्रेत्यभाव का अर्थ पुनर्जन्म लिया जाता है जैसा कि कृत्यकल्पतरु, मोक्ष-काण्ड पृ. १० (मोक्षस्वरूप) में—

एवं सति कुतः संज्ञा प्रेत्यभावः पुनर्भवेत्।
प्रतिसंमिश्रिते जीवेऽगृह्यमाणे विशेषतः ।। (शान्तिपर्व ५१६. ४३)

का 'प्रेत्यभावः जन्म' अर्थ से स्पष्ट है।

जागतिक भावों से ऊपर उठना परमहंस अथवा जीवन्मुक्त की भाँति शारीरभावों से अप्रभावित होना भी प्रेत्यसंज्ञा का अर्थ है। 'प्रेत्यास्माल्लोकादमृता भवन्ति' में 'मर कर' अर्थ के साथ 'इस लोक से ऊपर उठकर' अर्थ जीवन्मुक्तता का सूचक है।

५. लोकायतमत के प्रथम प्रवर्तक बृहस्पति हैं। एक बृहस्पति ऋग्वेद के ऋषि हैं जो लोक-सुत होने से लौक्य भी कहे जाते हैं। नौ मन्त्रों का इनका सूक्त ऋग्वेद के दशम मण्डल का ७२ वाँ है। यहाँ बृहस्पति के विषय में विकल्प है कि ये आंगिरस भी हो सकते हैं, लौक्य भी। साथ ही दूसरा विकल्प स्वयम् ऋषि के विषय में भी है कि बृहस्पति के स्थान पर दक्षदुहिता अदिति भी हो सकती है जैसा कि सायण-भाष्य का इस सूक्त पर लेख है—"लोकनाम्नः पुत्रो बृहस्पतिः आंगिरस एव वा बृहस्पतिर्ऋषिः, अथवा दक्षस्य दुहितादितिर्ऋषिः"। सायण ने अनुक्रमणिका भी उद्धृत की है—'देवानां नव लौक्यो वा बृहस्पतिर्दाक्षायण्यदितिर्वा दैवमानुष्टुभम्'। इसके देवता देव हैं। श्री ओझा जी ने असत् से सत् की सृष्टि मानने वालो में लोकसुत बृहस्पति का निर्देश—

नाम्ना च रूपेण च कर्मणा च सर्वं जगद् व्याकृतमस्ति तत् सत्।
न यस्य तु व्याकरणं कृतं स्याद् अव्याकृतं रूपमसत् तदुक्तम् ।।१८
अव्याकृताद् व्याकृतरूपमेत् सर्वं प्रजज्ञे तदिति प्रवक्तुम्।
बृहस्पतिर्लोकसुतः स ऊचे पुराऽसतो वै सदजायतेति ।।१६

इन सदसद्वाद (पृ ५४) के पद्यों से किया है तथा सूक्तद्रष्टा लोकसुत बृहस्पति को ही माना है। यह लोकायतवादप्रवर्तक बृहस्पति नहीं है यह स्पष्ट है तथा इससे भिन्न कोई वेदमन्त्र इस विषय में उपलब्ध नहीं है।

मैत्रायण आरण्यक में बृहस्पति को इस वेदविरोधी मत का उपदेष्टा बताया गया है—बृहस्पतिः वै शुक्रः भूत्वा इन्द्रस्य अभयाय असुरेभ्यः क्षयाय इमान् अविद्यास्,

असृजत् तथा शिवमशिवमिति उद्दिशन्ति, अशिवं शिवमिति। (७.६)

यहाँ यद्यपि बृहस्पति को आंगिरस नहीं कहा गया है तथादि अन्यत्र देवगुरु बृहस्पति ही बताये गये हैं

क) हृतराज्योऽब्रवीच्छक्रो हृतभागो बृहस्पतिम्। हरिवंशपर्व २८.२४

तेषां च बुद्धिसम्मोहमकरोद् द्विजसत्तमः।

नास्तिवादार्थशास्त्रं हि धर्मविद्वेषणं परम् ॥३०

परमं तर्कशास्त्राणामसतां तन्मनोऽनुगम्।

न हि धर्मप्रधानानां रोचते तत्कथान्तरे ॥३१

ते तद् बृहस्पतिकृतं शास्त्रं श्रुत्वाल्पचेतसः।

पूर्वोक्तधर्मशास्त्राणामभवन् द्वेषिणः सदा ॥३२

प्रवक्तृन्यायरहितं तन्मतं बहु मेनिरे।

तेनाधर्मेण ते पापाः सर्वं एवं क्षयं गताः ॥३३

त्रैलोक्यराज्यं शक्रस्तु प्राप्य दुष्प्रापमेव च।

बृहस्पतिप्रसादाद्धि परां निर्वृत्तिमभ्ययात् ॥३४

ख) तत्र तीर्थे महाराज बृहस्पतिरुदारधीः।

असुराणामभावाय भवाय च दिवौकसाम् ॥ शल्यपर्व ४१. २९

मांसैरभिजुहावेष्टिमक्षीयन्त ततोऽसुराः।

दैवतैरपि सम्भग्नाः जितकाशिभिराहवे ॥३०

ग) शक्रः प्रोवाच तं गुरुम्। बृहस्पतिं महाभागं किं कर्त्तव्यमितः परम् ।४।१२।५१

गच्छाद्य दानवान् ब्रह्मन् मायया त्वं प्रलोभय।

अस्माकं कुरु कार्यं त्वं बुद्ध्या सञ्चिन्त्य मानद ॥५२

तानुवाच गुरुः काव्यरूपः प्रच्छन्नमायया। ५६ देवीभागवत पुराण,

घ) शुक्रो गुरुम्—लोकायतिकशास्त्रेण भवता सा तिरस्कृता।

जानामि त्वामांगिरसं देवाचार्यं बृहस्पतिम् ॥१३।२६३

मद्रूपधारिणं प्राप्तं, सर्वे पश्यत दानवाः।

एष वो मोहनायालं प्राप्तो विष्णुविचेष्टितैः ॥२६४

पद्मपुराण, सृष्टिखण्ड

६. लोकायत—धर्मविरोधित्वेन लोकायत अमान्य अवश्य रहा किन्तु आदिकाल से अद्यावधि इसकी व्याप्ति सर्वत्र रही है। रामायण में लोकायतिक हैं। महाभारत में सैंकड़ों पद्य इस विषय के हैं। पुराणों में इसके विशद वर्णन हैं। पाणिनि ने 'क्रतूक्थादिसूत्रान्ताट्ठक्, (४. २. ६०) सूत्र के उक्थादिगण में उक्थलोकायत-न्याय रूप में दूसरा पाठ इसी का किया है तथा 'तदधीते तद्वेद, (४. २. ५९) की अनुवृत्ति में 'लोकायतं वेद अधीते वा 'अर्थ में लौकायतिक का साधुत्व बताया है।

बाद के चन्द्र से हेमचन्द्र तक के सभी वैयाकरणों ने इसे यथावत् लिया है। महाभाष्यकार पतञ्जलि ने असकृत् इसकी चर्चा की है। 'न यासयोः' (७.३ ४५) सूत्र पर 'वर्ण का तान्तव उपसंख्यानम्, वर्तका शकुनौ प्राचामुपसंख्यानम्' वार्तिकों के भाष्य में मूर्धाभिषिक्त प्रत्युदाहरण 'वर्णिका भागुरी लोकायतस्य तथा वर्तिका भागुरी लोकायतस्य' देते हुए लोकायतशास्त्र की सर्वप्रथित मूर्धन्य व्याख्या भागुरी के अस्तित्व का पता देते हैं। आगे ये ही उदाहरण काशिका ने लिये हैं।

महामनीषी चाणक्य ने अर्थशास्त्रीय विद्यासमुद्देश में मान्य त्रयी, वार्ता, आन्वीक्षकी तथा दण्डनीति का स्वरूप बताते हुए "सांख्यं योगो लोकायतं चेत्यान्वीक्षकी" (१. २. १०) द्वारा लोकायत को अवश्य ग्राह्य शास्त्र में लिया है क्योंकि 'बलाबले चैतासां हेतुभिरन्वीक्षमाणा लोकस्योपकरोति व्यसनेऽभ्युदये च बुद्धिमवस्थापयति प्रज्ञावाक्यवैशारद्यं च करोति" (१. २ १२) के रूप में इनकी लोकोपकारकता निर्विवाद है। दशरथ के जाबालि तथा धृतराष्ट्र के कणिक जैसे मन्त्री इसी आदर्श के थे। यदि तीन विद्याओं की प्रतिष्ठा पर सांख्ययोग के साथ लोकायत है तो नास्तिकता का प्रश्न ही कहाँ ? लोकव्यवहार में सर्वसम्मत 'नौ नगद तेरह उधार' सिद्धान्त लोकायत की ही देन है जो वात्स्यायन चाणक्य द्वारा अपने कामशास्त्र के विद्योद्देश में 'वरं सांशयिकान्निष्कादसांशयिकः कार्षापणः इति लौकायतिकाः' (१. २. २४) के रूप में सर्वसामान्य व्यवहार रूप में गृहीत है।

पाणिनि के 'सम्माननोत्सञ्जनाचार्यकरणज्ञानभृतिविगणनव्ययेषु नित्रः' (१. ३. ३६) सूत्र में उभयपदी धातु णीञ् प्रापणे' (   ) के कर्त्रभिप्राय के अभाव में भी सम्मानना आदि अर्थ में आत्मनेपदत्व को बताने की विधि के उदाहरण में काशिका कहती है—'नयते चार्वी लोकायते'। वही इसकी व्याख्या भी करती है—"चार्वी बुद्धिः, तत्सम्बन्धादाचार्योऽपि चार्वी, स लोकायते शास्त्रे पदार्थान् नयते, उपपत्तिभिः स्थिरीकृत्य शिष्येभ्यः प्रापयति, ते युक्तिभिः स्थाप्यमानाः सम्मानिताः पूजिता भवन्ति।" यही उदाहरण ज्ञान अर्थ में दिया गया है। 'नयते चार्वी लोकायते' में 'नयते' का अर्थ 'तत्र प्रमेयं निश्चिनोति' दिया है। ये दोनों उदाहरण लोकायत का समाज में सम्मान बताते हैं।

ललितकाव्यों में भी अनेकत्र लोकायतसिद्धान्त अभिव्यक्त है।

७. चार्वाक—आचार्य हेमचन्द्र ने 'बार्हस्पत्यस्तु नास्तिकः । ३।५२६ चार्वाको लौकायतिकश्च २७ (अभिधानचिन्तामणि) रूप से चार्वाक के बार्हस्पत्य, नास्तिक और लौकायतिक नाम दिये हैं। स्वोपज्ञवृत्ति में 'बृहस्पतिना कृत शास्त्रं बार्हस्पत्यम्, तत्र साधुः बार्हस्पत्यः, बृहस्पतेरयं शिष्य इति वा' कहते हुए चार्वाक

को विप्रतिपत्ति के साथ बृहस्पति शिष्य माना है। चार्वाक को भी यौगिक मानते हुए 'चर्वति आत्मानम् इति चार्वाक:' के रूप आक प्रत्यय से निष्पातित माना है। काशिका में इन आचार्यों को चार्वी कहा गया है आन्वीक्षकीप्रधान बुद्धि के आधार पर। चार्व्या अकतीति चार्वाक, 'बुद्धि: पण्डा विदा चार्वी' (त्रिकाण्डशेष १.५.१) तथा अक सग कुटिलायां गतौ (१.५३९) इस प्रकार केवल बुद्धिबल से समाज में कुटिल गति रखने वाला व्यक्ति प्रारम्भ में चार्वाक रहा होगा, तदनन्तर उसके अनुयायी भी चार्वाक कहे जाने लगे।

चार्वाक की परम्परा की सूचना तो यहाँ भी स्वभाववाद की परिणाम, यदृच्छा और नियति रूप गतियों से मिलती ही है। सदानन्द भी वेदान्तसार में आत्मवादप्रकरण में चार्वाकों के चार मत प्रस्तुत करते हैं जो 'स वा एष पुरुषोऽन्नरसमय:', 'ते ह प्राणा: प्रजापति पितरमेत्योचु: 'अन्योऽन्तर आत्मा प्राणमय:' तथा 'अन्योऽन्तर आत्मा मनोमय:', इन श्रुतियों के आधार पर स्थूल शरीरात्मा, इन्द्रियात्मा, प्राणात्मा तथा मन आत्मा रूप में हैं। टिप्पणीक्रमांक दो में दिये गये रामायणीय उद्धरण से इनका कौटिल्य स्पष्ट है। महाभारत में भी—

अहमासं पण्डितको हैतुको वेदनिन्दक:।
आन्वीक्षकीं तर्कविद्यामनुरक्तो निरर्थिकाम् ।। शान्तिपर्व १८१.४७
हेतुवादान् प्रवदिता वक्ता संसत्सु हेतुमत्।
आक्रोष्टा चाभिवक्ता च ब्रह्मवाक्येषु च द्विजान् ।।४८
नास्तिक: सर्वशङ्की च मूर्ख: पण्डितमानिक:।
तस्येयं फलनिर्वृत्ति: शृगालत्वं मम द्विज ।।४०
व्यालकुञ्जरदुर्गेषु सर्पचोरभयेषु च।
हस्तावापेन गच्छन्ति नास्तिका: किमत: परम् ।।५०

इस रूप में जनमानस का आक्रोश बताया गया है।

आज बृहस्पति का मत चार्वाक के नाम से ही प्रसिद्ध है। महाभारत में लौकायतिकों का नामपूर्वक उल्लेख है किन्तु चार्वाक नाम इस अभिप्राय से कहीं नहीं आया है। जैसे—

नानाशास्त्रेषु मुख्यैश्च शुश्राव स्वनमीरितम्।
लोकायतिकमुख्यैश्च समन्तादनुनादितम् ।। आदिपर्व ७०।४६
तत्र तत्र च विप्रेन्द्रान् नियतान् संशितव्रतान्।
जपहोमपरान् विप्रान् ददर्श परवीरहा ।।४७

यह कुलपति महर्षि कण्व के आश्रम का दुष्यन्त द्वारा देखे गये रूप में वर्णन है। ब्रह्मलोकप्रतीकाश (३६) इस आश्रय का ३६ से ५० श्लोकों तक वर्णन है जहाँ

सभी शास्त्रों के अध्ययनाध्यापन में निरत लोगों के मध्य दुष्यन्त स्वयम् को 'ब्रह्मलोकस्थमात्मानं मेने स नृपसत्तम' ४६ रूप में पाता है।

शान्तिपर्व के ३८ वें अध्याय में चार्वाक नामक एक दुर्योधनमित्र राक्षस का वर्णन है। युधिष्ठिर के युद्धानन्तर नगरप्रवेश के समय यह ब्राह्मणों का स्वयम्भू प्रतिनिधि होकर सन्यासी वेष में अवस्थित होकर युधिष्ठिर की भर्त्सना करता है। ब्राह्मण इसे पहिचान कर इसका वध हुंकारमात्र से कर डालते हैं। ब्राह्मण उसके परिचय में कहते हैं—

एष दुर्योधनसखा चार्वाको नाम राक्षसः।
परिव्राजकरूपेण हितं तस्य चिकीर्षति ।। ३८. ३३
वयं ब्रूमो न धर्मात्मन् व्येतु ते भयमीदृशम्।
उपतिष्ठतु कल्याणं भवन्तं भ्रातृभिः सह ।।३४

३९ वें अध्याय में श्रीकृष्ण इसका पूर्ण परिचय देते हुए कहते हैं कि प्राचीन काल में सत्ययुग में बदर्याश्रम में सुदीर्घकाल तक घोर तप कर राक्षस चार्वाक ने ब्रह्मा से सब भूतों से अभय का वर चाहा था। ब्राह्मणों के अवमान को टालकर अन्यत्र भूतमात्र से अभयता का वर ब्रह्मा ने उसे दिया। आज ब्राह्मणों के अवमान से यह दुर्योधन के स्नेह के वशीभूत हो ब्रह्मदण्ड से मारा गया। शल्यपर्व में दुर्योधन की शक्ति से ज्ञात होता है कि यह परिव्राजक ही था—

यदि जानाति चार्वाकः परिवाड् वाग्विशारदः।
करिष्यति महाभागो ध्रुवं सोऽपचितिं मम ।।६४।३८-३९

केवल वाग्विशारदत्वरूप चार्वाकत्व—चारुवाकत्व—को छोड़कर इसका चार्वाकत्व विदित नहीं होता है इस प्रसंग से। यह चार्वाक यहीं से वेणीसंहार नाटक में गृहीत है।

८. परिणाम—षड् भावविकारों में परिणाम भी एक है—'षड्भावविकारा भवन्तीति वार्ष्यायणिः जायतेऽस्ति विपरिणमते वर्धतेऽपक्षीयते विनश्यतीति' (निरुक्त- १. ८) यास्क इसे स्पष्ट करते हुए कहते हैं-'विपरिणमत इत्यप्रच्यवमानस्य तत्त्वाद् विकारम्, (१.११) निरुक्त के सर्वप्राचीनटीकाकार आचार्य दुर्ग (विक्रमाब्द से पर्याप्त पूर्वभावी) इसकी व्याख्या करते हैं—"विपरिणमते इत्येष शब्दः तद्भावादप्रभ्रश्यमानस्य विक्रियामात्रं ब्रवीति न वृद्धेः अर्थमाचष्टे न प्रतिषेधति।" लगभग ऐसा ही किन्तु सोदाहरण स्पष्टीकरण दूसरे टीकाकार स्कन्दस्वामी (विक्रमादित्य के सभासद हरिस्वामी के गुरु) करते हैं—"परिणमते शब्दो जम्बूफल-पय-आदेः धर्मिणः भूत-भविष्यद्-वर्तमानावस्थासु एकत्वेनाश्रितस्य, अविनश्यत आत्मतत्त्वाद् हरितत्वाद्रवत्वमाधुर्यादिनिवृत्त्या कार्ष्ण्य-काठिन्याम्लत्वाद्युपजननेन यो विकारः (सः) परिणामः, तमाचष्टे तेन विशिष्टं तद्वन्तं धर्मिणमाचष्टे।" (प्रथम भाग, पृष्ठ ३०)। योगदर्शन के अपने भाष्य में महर्षि व्यास

कहते हैं—'अवस्थितस्य द्रव्यस्य पूर्वधर्मनिवृत्तौ धर्मान्तरोत्पत्तिः परिणामः।' (योगदर्शन, ३.१३) न्यायदर्शन के भाष्य में वात्स्यायन (चाणक्य) भी 'परिणामश्चावस्थितस्य द्रव्यस्य पूर्वधर्मनिवृत्तौ धर्मान्तरोत्पत्तिरिति' (३.२.१५)। सांख्यसप्तति की युक्तिदीपिका टीका में प्राचीन कारिका उद्धृत की गयी है—

जहद्धर्मान्तरं पूर्वमुपादत्ते यदान्तरम्।
तत्त्वादप्रच्युतो धर्मी परिणामः स उच्यते॥

दार्शनिकों मे सांख्ययोग एवं रामानुजमतानुयायी परिणामवाद के मानने वाले हैं। परिणामस्वभाव में स्वाभाविक रूप से है, जैसा कि—

कालाद् गुण व्यतिकरः परिणामः स्वभावतः। २.५.२२,

श्रीमदभागवत में कहा गया है, अन्तर यही है कि स्वभाव वहां मूल नहीं है—

कालं कर्म स्वभावं च मायेशो मायया स्वया।
आत्मन् यदृच्छया प्राप्तं विभूषुरुपाददे॥ २.५.२१ से स्पष्ट है।

६. स्वभाव के विषय में महाभारत—

स्वभावादेव संदृश्या वर्तमानाः प्रवृत्तयः।
स्वभावनिरताः सर्वाः, न परितुष्येन्न केनचित्॥ शान्तिपर्व १७९. १२
यदावेदयते कश्चिदोदनं वायसो ह्वदन्।
एवं सर्वाणि कर्माणि स्वभावस्यैव लक्षणम्॥ वही २२२। २५
स्वभावभाविनो भावान् सर्वानेवेह निश्चयात्।
बुध्यमानस्य दर्पो वा मानो वा किं करिष्यति॥२७॥
स्वभावाल्लभते प्रज्ञां शान्तिमेति स्वभावतः।
स्वभावादेव तत्सर्वम्, यत्किञ्चिदनुपश्यसि॥३५॥
दधाति प्रभवे स्थानं भूतानां संयमो यमः।
स्वभावेनैव वर्तन्ते द्वन्द्वयुक्तानि भूरिशः॥ वही २३२। ४२
स्वभावतन्त्रो हि जनः स्वभावमनुवर्तते।
स्वभावस्थमिदं सर्वं सदेवासुरमानुषम्॥ श्रीमद्भागवत १०. २४. १६

यहाँ 'स्वभावभाविनः भावन्' में भाव का व्यापक अर्थ है। इसके विभिन्न अर्थविषयक मतों पर निरुक्त १. २ में स्कन्दस्वामी ने विस्तृत विचार किया है। संक्षेप में केवल अर्थमात्र का निर्देश किया जाता है। "भावविकारा इत्यत्र व्याख्यातृणां दर्शनभेदः (क) केचिन्मन्यन्ते भावः क्रिया तस्याश्च द्रव्यातिरेकसद्भावो द्रव्यगतविकारदर्शनात् तद्भावभावित्वेनानुमीयते। (ख) अन्ये मन्यन्ते 'तथापि कस्यचिद् भावस्याचिख्यासा' 'स्तम्भकुम्भादयो भावाः' इत्यादिप्रयोगदर्शनाद् भावशब्दः पदार्थपर्यायः। (ग) अन्ये च वर्णयन्ति—भावशब्दः शब्दपर्यायः, तथा च प्रयोगः 'यद्वा सर्वे भावाः स्वेन भावेन भवन्ति, स तेषां भावः' इति। सर्वे शब्दाः

स्वेनार्थेनार्थभूताः संबद्धा भवन्ति, स तेषां स्वभावः' इति तत्र व्याख्यायते। (घ) अन्येषां दर्शनम् भावः सत्ता महासामान्यम्। तथा च प्रयोगः-न द्रव्यं न कर्म न गुणो वा भावः इति। अत्र द्रव्यादिव्यतिरिक्ता सत्तेत्यर्थः। (प्रथम भाग, पृ. २५-२७)

भू प्राप्तौ ( ) अतः प्राप्ति भी भाव है, शाकस्य कः भावः, इस प्रकार भाव के विभिन्न अर्थ वाङ्मयार्णव में भी निम्नलिखित रूप में संकलित हैं—

भावस्तु भास्करे ज्येष्ठभ्रातर्यपि पुमान् मतः।
भावो लीला क्रिया चेष्टा भूत्यभिप्रायजन्तुषु ॥ ३६६२
पदार्थमात्रे सत्तायामात्मयोनिस्वभावयोः।
आत्मन्यपि योनौ च प्राप्तिसंस्कारजन्मसु ॥ ६३
शृङ्गारादे रसस्यापि कारणे चान्तरात्मनि
नाट्योक्तिविषये प्राज्ञे पुंसि त्रिषु तु मानिनि ॥६४
भवसम्बन्धिनि बुधे भावः स्याद् भवितर्यपि। ६५

ये सभी भाव स्वभावतः ही होते हैं।

१०. प्रस्तुत पद्य उत्पल ने वराहमिहिर के ११७ पद्य की व्याख्या में उद्धृत किया है। वहाँ तनिक अन्तर है—अपरे अन्ये लौकायतिकाः स्वभावं जगतः कारणमाहुः। स्वभावादेव जगद् विचित्रमुत्पद्यते स्वभावतो विलयं याति। तथा च तद्वाक्यम्-

कः कण्टकानां प्रकरोति तैक्ष्ण्यं विचित्रभावं मृगपक्षिणां च।
माधुर्यमिक्षोः कटुतां च निम्बे स्वभावतः सर्वमिदं प्रवृत्तम् ॥इति।

महाभारतादि में भी विप्रकीर्णरूप से ऐसी अनेक चारूक्तियाँ मिलती हैं। यथा—

अभिद्रवत्ययस्कान्तमयो निश्चेतनं यथा।
स्वभावहेतुजा भावा यद्वदन्यदपीदृशम् ॥ शान्तिपर्व २११.२
स्वभावाज्जायते सर्वं यथा वृक्षफलं तथा।
यथोर्मयः सम्भवन्ति तथैव जगदाकृतिः ॥

इसे प्रतिभा के रूप में लेते हुए महावैयाकरण भर्तृहरि कहते हैं—

स्वरवृत्तिं विकुरुते मधौ पुंस्कोकिलस्य कः
जन्त्वादयः कुलायादिकरणे केन शिक्षिताः ॥ वाक्यपदीय २।१४६

प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति, प्रकृतिस्त्वां नियोक्ष्यति, स्वभावो दुरतिक्रमः जैसे शतशः आप्तवाक्य इस स्वाभाविक परिणामगति को बता रहे हैं।

यहाँ ऊपर 'मृगपक्षिणाम्' में पक्षिसाहचर्य से मृग पशुमात्र का वाचक है, पशुविशेष का नहीं। मृगारि, मृगेन्द्र, मृगयु में इसकी पश्वर्थकता स्पष्ट है, दक्षिण-भारतीय भाषाओं में आज भी 'मृगमु' पशु अर्थ में ही प्रसिद्ध है। मृग का मुर्ग रूप में अर्थविशेष के साथ परिवर्तन इसी तथ्य को बता रहा है। शुतुरमुर्ग मूलतः

उष्ट्रमृग: ही है जहाँ उष्ट्र की ग्रीवा एवं मृग (मुर्ग) का कबन्ध अभिप्रेत है। वानर का शाखामृगत्व भी पशु अर्थ में है, हनुमदादि के लिए प्रयुक्त शाखामृग ज्ञानान्वेषी अर्थ में है। वे पशु नहीं थे।

११. येन शुक्लीकृता हंसा: शुकाश्च हरितीकृता:।
मयूराश्चित्रिता येन स ते वृत्तिं विधास्यति।। में यही क्रम है लोकवैलक्षण्य के उदाहरणों की प्रस्तुति में।

१२. यहाँ कौन अभीष्ट हैं पराशराद्या: पद से यह कहना कठिन है। विष्णुपुराण, पाराशरस्मृति शान्तिपर्वस्थ पराशरगीता (२९०-२९८ कुल ९ अध्याय) प्रसिद्ध हैं, अन्यत्र भी पुराणों में पराशर के वचन उपलब्ध हैं। वराहमिहिर द्वारा पराशर नाम से उपस्थापित मत के निर्देश किये गये सभी स्थलों पर टीकाकार उत्पल ने पराशर के मूल वचन उद्धृत किये हैं जिससे पराशरसंहिता (ज्योतिष) के अस्तित्व का स्पष्ट प्रमाण मिलता है। बृहत्पाराशर होराशास्त्र मुद्रित है तथा लघुपाराशरी के तो विभिन्न टीकाओं के बीसों संस्करण प्रकाशित हैं। मैत्रेय ज्योतिष विषय में भी पराशर का शिष्य था। वास्तुशास्त्र तथा गोलक्षणशास्त्र में बृहद्रथ भी पराशर का शिष्य था। आयुर्वेदीय काश्यपसंहिता, शालिहोत्रसंहिता तथा चरकसंहिता के अनुसार आयुर्वेदप्रवक्ताओं में पराशर की भी गणना है। इनके गजशास्त्र, वृक्षायुर्वेद एवं कायचिकित्सा की संहिताओं के उल्लेख तथा उद्धरण भी मिलते हैं। टी. गणपति शास्त्री की अर्थशास्त्रीय टीका में प्राचीन टीकाओं के आधार पर इनके कृषिशास्त्र का भी निर्देश है। अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने अनेकत्र पराशर का मत दिया है। पञ्चरात्र आगम से सम्बद्ध इनकी दो संहिताएँ भी उपलब्ध हैं। पाणिनिसूत्र के साक्ष्य में पराशर के भिक्षुसूत्र (अध्यात्मप्रधान संन्यासोपयोगी शास्त्र) का अस्तित्व भी अनुमेय है। पाराशर्यकल्प नामक विमानशास्त्र के हस्तलेख भी पुस्तकालयों में हैं। शान्तिपर्व (३१८ ५९) में सांख्याचार्यों की गणना में पराशर भी हैं, इनसे गन्धर्वराज विश्वावसु को सांख्य का उपदेश मिला। स्वामी ओमानन्द जी के विचार में (पातंजल योगप्रदीप की भूमिका) वेदान्तसूत्र (आदि) में अनेकश: स्मृत बादरि पराशर ही है। ऐसा ही महर्षि दयानन्द सरस्वती (सत्यार्थप्रकाश नवम समुल्लास, अभावं बादरिराह ह्येवम्—ब्रह्मसूत्र ४.४.१० के प्रसंग में) मानते हैं। पैल के ऋग्वेद-अध्येता शिष्यों में पराशर भी एक है। आस्तिकशिरोमणि पराशर के परिणामैकप्रधान वचन देखने में नहीं आये। इसके विपरीत पौरुषवाद के समर्थक वचन पराशर-गीता के उपसंहार में प्राप्त हैं—

आस्तिक्यव्यवसायाभ्यामुपायाद् विस्मयाद् धिया ।
समारभेदनिन्द्यात्मा न सोऽर्थः परिषीदति ।। शान्तिपर्व २९८.४४

सर्वः स्वानि शुभाशुभानि नियतं कर्माणि जन्तुः स्वयम्,
गर्भात् सम्प्रतिपद्यते तदुभयं यद् येन पूर्वं कृतम् ।
मृत्युश्चापरिहारवान् समगतिः कालेन विच्छेदिना,
दारोश्चूर्णमिवाश्मसारविहितं कर्मान्तिकं प्रापयेत् ।।४५।।

स्वरूपतामात्मकृतं च विस्तरं कुलान्वयं द्रव्यसमृद्धिसञ्चयम् ।
नरो हि सर्वो लभते यथाकृतं शुभाशुभेनात्मकृतेन कर्मणा ।।४६

अतः ऐसा लगता है कि पूरण कस्सप की भाँति ये पराशर भी कोई अन्य हों । यह विद्वानों के अन्वेषण का विषय है ।

१३. महाभारत शान्तिपर्व में इन्द्रप्रह्लादसंवाद में पौरुष आदि के प्रत्याख्यान में अनेक विचार दिये गये हैं—

प्रवृत्तिं च निवृत्तिं च भूतानां यो न बुध्यते ।
तस्य स्तम्भो भवेद् बाल्यान्नास्ति स्तम्भोऽनुपश्यतः । २२२/१४

स्वभावात् सम्प्रवर्तन्ते निवर्तन्ते तथैव च ।
सर्वे भावास्तथाभावाः पुरुषार्थो न विद्यते ।।१५।।
पुरुषार्थस्य चाभावे नास्ति कश्चिच्च कारकः ।
स्वयं न कुर्वतस्तस्य जातु मानो भवेदिह ।।१६।।
यस्तु कर्तारमात्मानं मन्यते साध्वसाधु वा ।
तस्य दोषवती प्रज्ञा अतत्त्वज्ञेति मे मतिः ।।१७।।
यदि स्यात् पुरुषः कर्ता शक्रात्मश्रेयसे ध्रुवम् ।
आरम्भास्तस्य सिद्ध्येयुर्न तु जातु पराभवेत् ।।१८।।
अनिष्टस्य हि निर्वृतिरनिर्वृतिः प्रियस्य च ।
लक्ष्यते यतमानानां पुरुषार्थस्ततः कुतः ।।१९।।
अनिष्टस्याभिनिर्वृत्तिमिष्टसंवृत्तिमेव च ।
अप्रयत्नेन पश्यामः केषाञ्चित् तत् स्वभावतः ।।२०।।
प्रतिरूपतराः केचिद् दृश्यन्ते बुद्धिमत्तराः ।
विरूपेभ्योऽल्पबुद्धिभ्यो लिप्समाना धनागमम् ।।२१।।
स्वभावप्रेरिताः सर्वे निविशन्ते गुणा यदा ।
शुभाशुभास्तदा तत्र कस्य किं मानकारणम् ।।२२।।
स्वभावादेव तत्सर्वमिति मे निश्चिता मतिः ।
आत्मप्रतिष्ठा प्रज्ञा वा मम नास्ति ततोऽन्यथा ।।२३।

१४. श्वेताश्वरोपनिषद् १।२ की व्याख्या में श्री शंकराचार्य 'यदृच्छा आकस्मिकी प्राप्तिः' अर्थ देते हैं । या चासौ ऋच्छा-यदृच्छा, 'ऋछ इन्द्रियप्रलयमूर्तिभावयोः (६.१६ क्षीरस्वामी) सायण (६.१८) 'ऋछ गतीन्द्रियप्रलयमूर्तिभावेषु' पढते, हैं यही अमरकोषव्याख्यासुधा में भानुजिदीक्षित ने लिया है (३.२.२) यदृच्छा स्वैरिता की व्याख्या में। यही काशकृत्स्न (५.२०) पाठ है। गति के गमन और प्राप्ति अर्थ हैं। इन्द्रियप्रलय स्वप्न अर्थात् सृष्टिलय को तथा मूर्तिभाव सर्ग को बताता है, फलतः सृष्टिभावोदयाप्यय एवम् विविध भावों की स्वातन्त्र्यावाप्ति 'यदृच्छा' की कोटि में आ जाते हैं। गीता में 'यदृच्छया चोपपन्नंस्वर्गद्वारमपावृतम् । सुखिनः क्षत्रियाः पार्थ लभन्ते युद्धमीदृशम्' (२/३२) जैसा स्पष्टार्थक प्रयोग है। वनपर्व में "सुखमापतितं सेवेद् दुःखमापतितं वहेत् ।

"कालप्राप्तमुपासीत सस्यानामिव कर्षकः" (२६९।१५) इसी यादृच्छिक प्राप्ति को बताता है जिसे सेवन करने के अतिरिक्त कोई चारा नहीं है। यही पर्यायवाद भी है यहाँ विभिन्न भाव एक दूसरे के बाद प्राप्त होते हैं। शान्तिपर्व के वचन हैं—

तृष्णार्तिप्रभवं दुःखं दुःखार्तिप्रभवं सुखम् ।
सुखात् सञ्जायते दुःखं दुःखमेवं पुनःपुन ॥१७४.१८

सुखस्यानन्तरं दुःखं दुःखस्यानन्तरं सुखम् ।
सुखदुःखे मनुष्याणां चक्रवत् परिवर्तते ॥१९॥

सुखात् त्वं दुःखमापन्नः पुनरापत्स्यसे सुखम् ।
न नित्यं लभते दुःखं न नित्यं लभते सुखम् ॥२०॥

दुःख-सुख का कोई नियतभाव नहीं है, यदि नियति ही हो, तो दुःख सहसा सुख में और सुख सहसा दुःख में क्यों बदल जाता है, इसका अर्थ है कि ये शाश्वत भाव नहीं हैं।

नालं सुखाय सुहृदो नालं दुःखाय शत्रवः ।
न च प्रज्ञालमर्थानां न सुखानामलं धनम् ॥२९॥

न बुद्धिर्धनलाभाय न जाड्यमसमृद्धये ।
लोकपर्यायवृत्तान्तं प्राज्ञो जानाति नेतरः ॥३०

बुद्धिमन्तं च शूरं च मूढं भीरुं जडं कविम् ।
दुर्बलं बलवन्तं च भागिनं भजते सुखम् ॥३१

१५. महर्षि पाणिनि 'आश्चर्यमनित्ये' (६.१ १४७) सूत्र से आश्चर्य को अनित्य अर्थ में निपातित मानते हैं। काशिकाकार इसका अभिप्राय 'अनित्यतया विषयभूतया अद्भुतत्वमिह लक्ष्यते' के रूप में बताते हैं कि जो कुछ लोक में अदृष्टपूर्व रूप में कार्यकारणभाव के विरुद्ध दिखाई देता है वह अनित्यताव्याप्ति से कादाचित्क या आकस्मिक होता हुआ अद्भुत या चित्र ही है। कार्यकारण रूप से जिसके लिए इदमित्थंरूप से कुछ भी न कहा जा सके, वह यादृच्छिकभाव आश्चर्य, अद्भुत या चित्र शब्द से व्यक्त किया जाता है। श्रीकृष्ण का आत्मविषयक यह भाव स्वभाववादियों के यदृच्छामत के अनुसार 'कश्चित्' नाम द्वारा व्यक्त किया गया है–

"आश्चर्यवत् पश्यति कश्चिदेनमाश्चर्यवद् वदति तथैव चान्यः।

आश्चर्यवच्चैनमन्यः श्रृणोति श्रुत्वाप्येनं वेद न चैव कश्चित् ॥ (गीता २.२६)

अदृष्टपूर्व विशेषण के साथ आश्चर्य–

"पश्यादित्यान् वसून् रुद्रानश्विनौ मरुतस्तथा।

बहून्यदृष्टपूर्वाणि पश्याश्चर्याणि भारत ॥ (गीता ११.६) ज्योतिष में इन्हें अद्भुत उत्पात या वैकृत नाम से लिया जाता है। बल्लालसेन के 'अद्भुत-सागर' में इनका विस्तृत संग्रह है। रामायण, महाभारत एवं पुराणों में भी ऐसे ही प्रसंगों में इनके प्रचुर उल्लेख हैं। वराह की बृहत्संहिता में एक सम्पूर्ण अध्याय 'उत्पाताध्याय' (४५ वाँ) है जिसमें ६८ पद्य हैं। मयूरचित्रकाध्याय नाम से ४६ वाँ अध्याय भी (२८ पद्य) इसी विषय का है। यहाँ श्री ओझा जी ने वर्षाचित्र को उदाहरण में लिया है। वैसे ही कतिपय उदाहरण और हैं–

"धान्य-हिरण्य-त्वक-फल-कुसुमाद्यैर्वर्षितैर्भयं विन्द्यात्।
अङ्गार-पांशु-वर्षे विनाशमायाति तन्नगरम् ।।४५।४१
उपला विना जलधरैर्विकृता वा प्राणिनो यदा वृष्टाः।
छिद्रं वाप्यतिवृष्टौ सस्यानामीतिसंजननम् ।।४२।।"

१६. अचिन्त्याः खलु ये भावा न तांस्तर्केण योजयेत्।
प्रकृतिभ्यः परं यत्तु तदचिन्त्यस्य लक्षणम् ।। – भीष्मपर्व ५।१२, वायुपुराण ३४।८

१७. जो जैसा है उसे यथावत् लेना महाभारत में आजगर व्रत बताया गया है—
"सुमहान्तमपि ग्रासं ग्रसे लब्धं यदृच्छया।
शये पुनरभुञ्जानो दिवसानि बहून्यापि ।। -शान्तिपर्व १७६।१६

आशयन्त्यपि मामन्नं पुनर्बहुगुणं बहु ।
पुनरल्पं पुनः स्तोकं पुनर्नैवोपपद्यते ।।२०।।

कणं कदाचित् खादामि पिण्याकमपि च ग्रसे ।
भक्षये शालिमांसानि भक्षाँश्चोच्चावचान् पुनः ।।२१।।

शये कदाचित् पर्यंके भूमावपि पुनः शये ।
प्रासादे चापि मे शय्या कदाचिदुपपद्यते ।।२२।।

धारयामि च चीराणि शाणक्षौमाजिनानि च ।
महार्हाणि च वासांसि धारयाम्यहमेकदा ।।२३।।

न सन्निपतितं धर्म्यमुपभोगं यदृच्छया ।
प्रत्याचक्षे न चाप्येनमनुरुध्ये सुदुर्लभम् ।।२४।।

आगे २५ से ३७ तक 'व्रतमिदमाजगरं शुचिश्चरामि' चतुर्थपादघटित वृत्तों में ये भाव अभिव्यक्त हैं ।

१८. सामान्यतया नियति के दो अर्थ प्रसिद्ध हैं–१. भाग्य एवम् २. नियम, जैसा कि 'नियतिर्नियमे च स्त्री दैवे च परिकीर्तिता' (२९९६) वाङ्मयार्णव के इस पद्यार्ध में बताया गया है। नियमनं नियतिः, भाव अर्थ में क्तिन् होने से यह नियम का अर्थ रखता है। 'नियम्यतेऽनया' इस करणव्युत्पत्ति के अनुसार निष्पन्न नियति शब्द दैव अर्थ देता है, जैसा कि अमरकोष में 'दैवं दिष्टं भागधेयं भाग्यं स्त्री नियतिर्विधिः' (१.४.२८) द्वारा बताया गया है। यहाँ दैव अर्थ दृष्टि विशेष का परिणाम है, भूतचिन्तक नास्तिक दैव या विधाता को नहीं मानते हैं अतः वहाँ नियति स्वभाव का रूप ले लेती है। स्वभाव में यदृच्छा नहीं अपितु अविचल नियत योजना है, तेल तिल से ही निकलेगा, तिल से तेल निकलेगा ही। उनकी दृष्टि में स्वभाव का यह अपरिहार्य अंग है। आस्तिकों ने नियति को धर्म जैसा माना है जैसा कि बृहदारण्यकोपनिषद् के वाक्य से प्रतीत होता है–

यतश्चोदेति सूर्योऽस्तं यत्र च गच्छति ।
तं देवाश्चक्रिरे धर्मं स एवाद्य स उ श्वः ।। (१.५.२३)
स एष सत्यः प्रतिवस्तुधर्मः शक्तिश्च सैषा नियतिः प्रसिद्धा ।
(ब्रह्मचतुष्पदी, पृ.५९)

धर्म अथवा भाग्य को न मानकर नास्तिकों ने जिस दैष्टिकता का ग्रहण किया है वही यहाँ सर्वस्वतन्त्र सर्वशक्ति सत्ता के रूप में नियति से गृहीत है। आस्तिकों की नियति काव्यप्रकाश के मंगलपद्य में देखी जा सकती है–

नियतिकृतनियमरहितां ह्लादैकमयीमनन्यपरतन्त्राम् ।
नवरसरुचिरां निर्मितिमादधती भारती कवेर्जयति ।।

यहाँ 'नियम्यते सौरभादयो धर्मा अनया इति नियतिः' ईशकला के एक अंग के रूप में ली गयी है ।

१६. योगवासिष्ठ में अनेकत्र नियति की चर्चा है । कतिपय उद्धरण ये हैं–
"आदिसर्गे जगद्भ्रान्तिर्यथेयं स्थितिमागता ।
तथा तदाप्रभृत्येवं नियतिः प्रौढिमागता ।।३.२१.४६

सर्गादौ या यथा रुढा संवित् कचनसन्ततिः ।
साद्याप्यचलितान्येन स्थिता नियतिरुच्यते ।।३.५४.२२

आदिसर्गे हि नियतिर्भाववैचित्र्यमक्षयम् ।
अनेनेत्थं सदाभाव्यमिति सम्पद्यते परम् ।।३.६२.६

महासत्तेति कथिता महाचितिरिति स्मृता ।
महाशक्तिरिति ख्याता महादृष्टिरिति स्थिता ।।३.६२.१०

महाक्रियेति गदिता महोद्भव इति स्मृता ।
महास्पन्द इति प्रोक्ता महात्मैकतयोदिता ।।११।।

तृणानीव जगन्त्येवमिति दैत्याः सुरा इति ।
इति नागा इति नगा इत्याकल्पं कृता स्थितिः ।।१२।।

कदाचिद् ब्रह्मसत्ताया व्यभिचारोऽनुमीयते ।
चित्रमाकाशकोषे च नान्यथा नियतेः स्थितिः ।।१२।।

अवश्यं भवितव्यैषा त्विदमित्थमिति स्थितिः ।
न शक्यते लङ्घयितुमपि रूद्रादिबुद्धिभिः ।।२६।।
स्वभाव एष वस्तूनां स्वतः सिद्धिर्हि नान्यतः ।
नियतिं न जहात्येव शशांक इव शीतताम् ।।५.८६.२५

सर्वज्ञोऽपि बहुज्ञोऽपि माधवोऽपि हरोऽपि वा ।
अन्यथा नियतिं कर्तुं न शक्तः कश्चिदेव हि ।।२६।।

२०. **पूरण**—महर्षि विश्वामित्र के पुत्र पूरण ऋग्वेद के ऋषि हैं । पाँच मन्त्रों का इनका सूक्त दशम मण्डल का १६० वाँ सूक्त है । सायण अपने भाष्य में— 'तीव्रस्य' इति पञ्चदशर्चं नवमं सूक्तं वैश्वामित्रस्य पूरणस्यार्षं त्रैष्टुभम् ऐन्द्रम्, तथा चानुक्रान्तम्—तीव्रस्य पञ्चपूरणो वैश्वामित्रः । इनके विषय में वायु आदि पुराण गोत्रप्रसंग में वर्णन करते हैं । यथा वायु—

विश्वामित्रस्य पुत्राणां शुनःशेपोऽग्रजः स्मृतः ।

मधुच्छन्दो नयश्चैव कृतदेवौ ध्रुवाष्टकौ ।।६१

कच्छपः पूरणश्चैव विश्वामित्रसुतास्तु वैं ।

तेषां गोत्राणि बहुधा कौशिकानां महात्मनाम् ।।

मत्स्यपुराण—

विश्वामित्रो लोहितश्च अष्टकः पूरणस्तथा ।

विश्वामित्रः पूरणश्च तयोर्द्वौ प्रवरौ स्मृतौ ।।१६७.१५

परस्परमवैवाह्याः पूरणाश्च परस्परम् ।१६

महर्षिकुलवैभव, पृ. १३१-१३२ पर तथा आधिदैविकाध्याय, पृ. ७५ तथा पृ. ५६ पर यह विषय उल्लिखित है ।

महाभारत के शान्तिपर्व में शरशय्या पर अवस्थित भीष्म पितामह के दर्शनार्थ आये ऋषियों में पूरण भी एक हैं ।

"भास्करिः पूरणः कृष्णः सूतः परमधार्मिकः" ४७/१२, किन्तु अनुशासनपर्व में विश्वामित्रात्मजगणना में पूरण नहीं हैं (४/५०-६०) । पूरण के साथ गिनाये गये भीष्मदर्शनार्थियों में विश्वामित्र के साथ गिनाये गये गालव, उलूक, सूत, कपिल आदि विश्वामित्रात्मज हैं । अतः ये पूरण विश्वामित्रात्मज हो सकते हैं । नियतिवाद से सम्बद्ध पूरण ये न होकर अन्य हैं । एक पूरण कस्सप जैन एवं बौद्ध वाङ्मय में नियतिवाद के मानने वाले बताये गये हैं । ये क्रिया व वीर्य (पुरूषार्थ) का प्रत्याख्यान करते हैं ।

दीघनिकाय ब्रह्मजालसुत्त में बुद्ध के समय ६२ दार्शनिक मतवाद बताये गये हैं जिनके मानने वाले श्रमण ब्राह्मण थेः—इमे खो ते भिक्खवे समणब्राह्मणा पुब्बन्तकप्पिका च अपरन्तकप्पिका च पुब्बन्ता, परकप्पिका च पुबन्ता' परन्ता, नु दिट्ठिनो पुब्बन्ता' परन्तं आरब्भ अनेक विहितानि अधिवुत्तिपदानि अभिवदन्ति, द्वासट्ठिया वत्थू हि । नत्थि इतो बहिद्धा । (दीघनिकाय १.१ से 'सौगतसिद्धान्तसार' में उद्धृत) इनके नाम १. क्रियावाद, २. अक्रियावाद, ३. अज्ञानवाद तथा ४. विनयवाद हैं जो प्रमुख रूप में बुद्ध द्वारा निर्दिष्ट हैं । टीकाकारों ने इनके भेद क्रमशः १८०, ८४, ६७ तथा ३२ बताये हैं । इस प्रकार ३६३ भेद तो ६२ में से केवल इन चार के ही हो जाते हैं । इनमें अक्रियावाद से सम्बन्ध पूर्णकाश्यप का बताया जाता है । मगधनरेश अजातशत्रु द्वारा पूछे जाने पर काश्यप ने अपने दर्शन का परिचय इस प्रकार दिया—

"महाराज ! करते कराते, छेदन करते छेदन कराते, पकाते पकवाते, शोक करते, परेशान करते, परेशान होते, चलते चलाते, प्राण मारते, बिना दिया लेते, सेंध काटते, गाँव लूटते, चोरी करते, बटमारी, परस्त्रीगमन करते, झूठ बोलते भी पाप नहीं गिना जाता। छुरे से तेज चक्र द्वारा जो इस पृथिवी के प्राणियों का (कोई) एक मांस का खलियान, एक मांस का पुञ्ज बना दे, तो इसके कारण उसको पाप नहीं, पाप का आगम नहीं होगा। यदि घात करते कराते, पकाते पकवाते, गंगा के दक्षिण तीर पर भी जाये; तो भी इसके कारण उसको पाप नहीं, पाप का आगम नहीं होगा।

दान देते, दान दिलाते, यज्ञ करते, यज्ञ कराते यदि गंगा के उत्तर तीर भी जाये, तो इसके कारण उसको पुण्य का आगम नहीं होगा। दान, दम, संयम से, सत्य बोलने से न पुण्य है, न पुण्य का आगम है।"

इस प्रकार भन्ते ! पूर्णकाश्यप ने मेरे सांदृष्टिक (प्रत्यक्ष) श्रामण्य फल पूछने पर अक्रिया का वर्णन किया। जैसे कि भन्ते ! पूछे आम, जवाब दे कटहल; पूछे कटहल, जवाब दे आम; ऐसे ही भन्ते ! पूर्णकाश्यप ने मेरे सान्दृष्टिक श्रामण्य फल पूछने पर अक्रिया (अक्रियावाद) का उत्तर दिया। (दीघनिकाय, सामञ्ञ-फल-सुत्त, पृ. १९-२०) स्पष्ट है कि अजातशत्रु का यह वक्तव्य भगवान् बुद्ध के आगे दिया गया था। आगे राजा ने इसकी स्पष्ट प्रतिक्रिया भी व्यक्त की—

"कैसे मुझ जैसा (कोई राजा) अपने राज्य में बसने वाले किसी श्रमण या ब्राह्मण को देश से निकाल दे? भन्ते ! सो मैंने पूरणकस्सप के कहे हुए का न तो अभिनन्दन किया और न निन्दा की। न बड़ाई, न निन्दा करके खिन्न हो, कोई खिन्न बात भी न कह कर, उस (उसकी कही हुई) बात को न स्वीकार कर, और न उसका ख्याल कर आसन से उठ कर चल दिया।

श्री ओझा जी ने 'पूरणाद्याः' में आद्य पद से जिनका ग्रहण चाहा है, वे शेष मक्खलि गोसाल (दैववाद), अजित केसकम्बल (जड़वाद, उच्छेदवाद) प्रकुध-कात्यायन (पकुधकच्चायन, अकृततावाद), निगण्ठ नातपुत्त (निर्ग्रन्थज्ञातिपुत्र = महावीर, चातुर्याम संवर) तथा संजय वेलट्ठिपुत्त (अनिश्चिततावाद) हैं।

इन्हें दीघनिकाय में छः तीर्थङ्कर कहा गया है। इन सभी के मत समान रूप से अजातशत्रु द्वारा बुद्ध के समक्ष प्रस्तुत किये गये थे।

ये एकीयमतवाद यहाँ प्रस्तुत हैं। यहाँ ब्राह्मणश्रमण शब्द से भी ध्वनित होता है कि इसका मूल वेदों में है तथा वही एकाङ्गी रूप से चलता चलाता इन लोगों तक आया है, अतः इनकी विस्तृत एवं शास्त्रीय जानकारी के लिए

'पूरणाद्याः' पद से इनका इंगित कर दिया गया है। ऋग्वेद १०।१६० तथा अथर्ववेद २०।९६ सूक्तों के ऋषि वैश्वामित्र पूरण निश्चित ही यहाँ अभिप्रेत नहीं हैं।

२१. **प्रकृतिवाद**—प्रकृति और स्वभाव समार्थक हैं। ब्रह्मसिद्धान्त के प्रकृत्यधिकरण में—

"कृतेस्तु रूपं प्रथमं रसे यत् स्थित स भावोऽस्ति तदात्मनः स्वः।
तेनास्य भोक्तुः पुरुषस्य लग्नं बलं तदाहुः प्रकृतिं स्वभावम् ।६५।

पद्य द्वारा यह स्पष्ट कहा गया है। अतः प्रकृतिवाद अधिकरण स्वभाववाद की ही एक धारा है, यह स्पष्ट है। अन्यत्र भी बल, योनि और प्रकृति के एकात्मता के कथन हैं। संशयतदुच्छेदवाद में निम्नलिखित पद्य द्वारा यही कहा गया है—

"रसोऽयमात्मा पुरुषोऽथ तस्य तद् बलं तु योनिः प्रकृतिश्च कथ्यते।
यावन्न जायते समन्वयोऽनयोर्न तावदाभ्यां किमपीह सृज्यते ॥ (पृ. ३१)

"षट् शक्तयस्ताश्च परात्परं परं विभज्यते तच्च पुनर्द्विधाकृतम्।
रसत्रयं पुरुष एव कथ्यते बलत्रयं तु प्रकृतिर्निरुच्यते ॥ ब्रह्मसिद्धान्त, वही ६३
बलत्रयोत्पादितमर्थजातं रसत्रयेऽस्मिन पुरुषेऽनुबद्धम्।
सन्तानरूपं भवतीह भोगो बलात्स तस्मात् प्रकृतिर्बलं स्यात् ।६४।

बल, प्रकृति और योनि की यह एकात्मकता प्राचीन वाङ्मय में अनेकत्र अनेकधा स्मृत है—

"ईश्वराद् बीजनिर्भेदः क्षेत्रज्ञो बीज इष्यते।
योनिं प्रकृतिमाचष्टे सा च नारायणात्मिका ॥ वायुपुराण १०१-२२८

अव्यक्तं क्षेत्रमित्याहुः ब्रह्म क्षेत्रज्ञ उच्यते।
साधर्म्यवैधर्म्यकृतः संयोगोऽनादिमाँस्तयोः ॥ वही, १०२.३४
अव्यक्तं वै यस्य योनिं वदन्ति व्यक्तं देहं कालमन्तर्गतं च। वही, १०३.७१

श्वेताश्वतर में—
"न तस्य कार्यं करणं च विद्यते न तत्समश्चाभ्यधिकश्च दृश्यते।
परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च ॥" ६।८

बलक्रिया स्वाभाविकी शक्ति के रूप में बतायी गयी है। ऐसे ही—

"एवं स देवो भगवान् वरेण्यो योनिस्वभावानधितिष्ठत्येकः ।५.४
मायां तु प्रकृतिं विद्यान् मायिनं तु महेश्वरम्।
तस्यावयवभूतैस्तु व्याप्तं सर्वमिदं जगत् ॥" ४.१०

पद्यों में इनकी एकार्थता व्यक्त की गयी है।

कपिलादि-प्रवर्तित सांख्य प्रकृति-पुरुष के पार्थक्य से द्वैतप्रधान है, यहाँ पुराणों,

महाभारत एवं श्वेताश्वतर के दृष्टिकोण को अपनाया गया है। इन दोनों का अद्वैत है तथा कार्यकलाप सम्पूर्ण रूप से प्रकृतिमूलक है, अतः यह प्रकृतिवाद है।

२२. यह विषय श्रीमद्भागवत पर विशेष रूप से आधारित है। विष्णु, वायु आदि पुराण तथा महाभारत भी इसके स्रोत हैं। भिन्न-भिन्न स्थलों पर टिप्पणी के रूप में यह व्यक्त करने का प्रयत्न रहेगा। यहाँ प्रकृति का पुरुषाधिष्ठातृत्व बताया जा रहा है—

पुरुषाधिष्ठितान् भावान् प्रकृतिः सूयते यदा।
हेतुयुक्तमतः पूर्वं जगत् सम्परिवर्तते॥ शान्तिपर्व, २१०.२५
महता विधिदृष्टेन बलेनाप्रतिघातिना।
स्वभावस्रोतसा वृत्तमुह्यते सततं जगत्॥ वही, २३५.१३
तमसो ब्रह्म सम्भूतं तमोमूलामृतात्मकम्।
तद् विश्वभावसंज्ञान्तं पौरुषीं तनुमाश्रितम्॥ वही, ३४७.१७
द्रव्यं कर्म च कालश्च स्वभावो जीव एव च।
वासुदेवात्परो ब्रह्मन्न चान्योऽर्थो तत्त्वतः॥ श्रीमद्भागवतम् २।५।१४
सत्त्वं रजस्तम इति निर्गुणस्य गुणास्त्रयः।
स्थितिसर्गनिरोधेषु गृहीता मायया विभोः॥१८
कालं कर्म स्वभावं च मायेशो मायया स्वया।
आत्मन् यदृच्छया प्राप्तं विबुभूषुरुपाददे॥२१॥
कालाद् गुणव्यतिकरः परिणामः स्वभावतः।
कर्मणो जन्म महतः पुरुषाधिष्ठितादभूत्॥२२॥
अनादिरात्मा पुरुषो निर्गुणः प्रकृतेः परः।
प्रत्यग्धामा स्वयंज्योतिर्विश्वं येन समन्वितम्॥वही ३।२६।३
स एष प्रकृतिं सूक्ष्मां दैवीं गुणमयीं विभुः।
यदृच्छयैवोपगतामभ्यपद्यत लीलया॥४॥
कार्यकारणकर्तृत्वे कारणं प्रकृतिं विदुः।
भोक्तृत्वे सुखदुःखानां पुरुषं प्रकृतेः परम्॥८॥
प्रकृतिर्गुणसाम्यं वै प्रकृतेर्नात्मनो गुणाः।
सत्त्वं रजस्तम इति स्थित्युत्पत्त्यन्तहेतवः॥ वही ११.२२.१२

२३. यु मिश्रणे (२.२५ क्षीरस्वामी) धातुपाठ है, किन्तु पाठान्तर 'यु मिश्रणेऽमिश्रणे च' भी है। क्षीरस्वामी 'संयोऽयुतसिद्धानामिति दर्शनाद् यु अमिश्रण इत्येके' द्वारा इसको मानने के पक्ष में हैं। सायण भी 'अयममिश्रणार्थोऽपि, तथा च दृश्यते—अयुतसिद्धानामाधार्याधारभूतानाम्' इति, द्वारा इसका स्वीकार करने के पक्ष में

हैं (२.२८)। 'अयुतोऽहमयुतो म आत्मायुतं मे चक्षुरयुतं मे श्रोत्रमयुतो मे प्राणोऽयुतो मेऽपानोऽयुतो मे व्यानोऽयुतोऽहं सर्वः'। (अथर्ववेद २०.५१.१) यु का अमिश्रण अर्थ न जानने से सातवलेकर जी ने अयुत को 'दस हजार' अर्थ में लिया है। संख्यावाचकता में इसका नित्य नपुंसकलिंगत्व है। यहाँ यह विशेष्यलिंग रूप से प्रयुक्त है, अतः युत=पृथक्, उसका अभाव अपृथक्-अयुत अर्थ होना चाहिये, पारसी भाषा में प्रयुक्त जुदा युत का ही अपभ्रंश है अमिश्रणार्थकता में। महाभारत में 'यदेव यस्य यौतकं तदेव तत्र सोऽश्नुते' (शांतिपर्व ३२१.४७) में 'यौतक' हिस्सा–पृथक्कृत भाग—अर्थ देता है, यह यु का अमिश्रण अर्थ लेने पर ही होगा। याज्ञवल्क्यस्मृति के व्यवहाराध्याय के दायप्रकरण में—

विभागनिह्नवे ज्ञातिबन्धुसाक्ष्यभिलेखितैः।
विभागभावना ज्ञेया गृहक्षेत्रैश्च यौतकैः ॥२.१४९

'यौतकैः' का अर्थ मिताक्षरा में श्री विज्ञानेश्वर 'पृथक्कृतैः' देते हैं। पृथक् रूप से किये जाने वाले कृषिकर्म तथा पञ्च महायज्ञादि गृहकर्मों से विभागभावना को जानना चाहिये, यह इसका अभिप्राय है। यहाँ बालम्भट्टीकार 'यु मिश्रणा-मिश्रणयो' रित्यनुशासनानुरोधेन तदर्थमाह, इस अवतरणिका से मिताक्षरासम्मत 'यौतकैः पृथक्कृतैः' के अभिप्राय को स्पष्ट करते हैं। यु के अमिश्रण अर्थ को लेकर ही प्रवृत्त 'अयुतसिद्ध' पदसम्बन्धी उदधरण श्री क्षीरस्वामी और सायण ने अपनी धातुवृत्ति में दिये हैं जो वैशेषिकशास्त्रों में प्रयुक्त अनुपलब्धमूल हैं, किन्तु तर्कसंग्रह (अन्नंभट्टकृत) के कर्मादिलक्षण-प्रकरण में 'नित्यसम्बन्धः समवायः अयुतसिद्धवृत्तिः, ययोर्द्वयोर्मध्ये एकमविनश्यदपराश्रितमेवावतिष्ठते तौ अयुतसिद्धौ, यथा अवयवावयविनौ गुणगुणिनौ क्रियाक्रियावन्तौ जातिव्यक्ती विशेषनित्यद्रव्ये चेति' उन्हीं आधारों पर स्पष्ट पढ़ा गया है। इनका मूल 'युतसिद्ध्यभावात् कार्यकारणयोः संयोगविभागौ न विद्येते' यह वैशेषिकसूत्र (७.२.१३) है। युत-जुदा-रूप से सिद्धि-स्वरूपरक्षा का अभाव होने से अर्थात् अयुतसिद्ध होने से जैसा यौगिक अर्थ स्पष्ट है। श्री उदयवीर जी शास्त्री यु का अमिश्रण अर्थ न जानने से इन्हें (युतसिद्ध्यभाव या अयुतसिद्ध पदों को) वैशेषिकशास्त्र का पारिभाषिक पदों जैसा समझने की भूल कर बैठे।

२४. योऽध्यात्मिकोऽयं पुरुषः सोऽसावेवाधिदैविकः।
यस्तत्रोभयविच्छेदः पुरुषो ह्याधिभौतिकः ॥ भागवत २.१०.८
एकमेकतराभावे यदा नोपलभामहे।
त्रितयं तत्र यो वेद स आत्मा स्वाश्रयाश्रयः ॥९॥
आधिदैवमथाध्यात्ममधिभूतमिति प्रभुः।

अथैकं पौरुषं वीर्यं त्रिधाभिद्यत तच्छृणु ।१४।

महाभारत शान्तिपर्व ३१३ वें अध्याय में १३ पद्यों में अध्यात्म, अधिभूत और अधिदैवत का समन्वय बताया गया है जो जीव की विभूति का विस्तार है। प्रतिपाद्य के परिचय रूप में निदर्शनार्थ एक दो पद्य प्रस्तुत हैं—

पादावध्यात्ममित्याहुर्ब्राह्मणास्तत्त्वदर्शिनः ।
गन्तव्यमधिभूतं च विष्णुस्तत्राधिदैवतम् ।।१।। अश्वमेधपर्व में भी, ४२/२४-२५
पायुरध्यात्ममित्याहुर्यथा तत्त्वार्थदर्शिनः ।
विसर्गमधिभूतं च मित्रस्तत्राधिदैवतम् ।।२।।
अश्वमेधपर्व ४२ में भी यह विषय है।

२५. अहोरात्रवाद में मूल, शिव और हंस का सम्भूयभाव एक आत्मत्व बताया गया है। इनके कार्य आदि का विवेचन पृ. २०-२१ पर 'मूलं हंसः शिव इति वैशेषिकात्मतन्त्र' शीर्षक में २७ पद्यों में है। इसी प्रकार पवित्रात्मतन्त्र, प्रत्युत्पन्नात्मतन्त्र, यज्ञात्मतन्त्र, साधारणात्मतन्त्र में विभिन्न आत्मरूपों का सम्भूयभाव कहा गया है। वहाँ भी—

एषां त्रयाणामपि तत्र तत्रैतस्मिन् शरीरे स्थितिहेतवः स्युः ।
त्रयस्ते एवेह सहोदितानामेकव्यपाये त्रितयं व्यपैति ।। पृ. २१, पद्य २५

२६. गीतादि में सर्वत्र यह भाव प्रसिद्ध है—

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः ।
अहंकारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते ।।३।२७

प्रकृत्यैव च कर्माणि क्रियमाणानि सर्वशः ।
यः पश्यति तथात्मानमकर्तारं स पश्यति ।।१३/२९

स एष यर्हि प्रकृतेर्गुणेष्वभिविषज्यते ।
अहंक्रियाविमूढात्मा कर्तास्मीत्यभिमन्यते ।। भागवतपुराण ३.२७.२

२७. सत्त्वं ज्ञानं रजः कर्म तमोऽज्ञानमिहोच्यते ।
गुणव्यतिकरः कालः स्वभावः सूत्रमेव च ।।भागवतपुरण ११.२२.१३

कालं कर्म स्वभावं च मायेशो मायया स्वया ।
आत्मन् यदृच्छया प्राप्तं विबुभूषुरूपाददे ।। वही २।५।२१

कालाद् गुणव्यतिकरः परिणामः स्वभावतः ।
कर्मणो जन्म महतः पुरुषाधिष्ठितादभूत् ।।२।५।२२

२८. यहाँ क्रमबोधक एवं तत्त्वसंख्याभिधायक पारमर्षसूत्र—सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः, प्रकृतेर्महान्, महतोऽहंकारः, अहंकारात् पञ्चतन्मात्राणि उभयमिन्द्रियं,

तन्मात्रेभ्यः स्थूलभूतानि, पुरुष इति पञ्चविंशतिर्गणः । १.२६, ये—

१+१+१+५+११+५+१=२५ कुल सांख्यसम्मत तत्त्व हैं ।

प्रकृति में क्षोभ एवम् उससे महदादि की सृष्टि की स्पष्ट व्याख्या के लिए ब्रह्म-सिद्धान्त का २६वाँ प्रकरण 'मूलबलाधिकरण' द्रष्टव्य है ।

२९. मूल में 'तदा त्रयस्ते महदुच्यते गुणाः' वाक्ययोजना अयुक्त है, 'त्रयो गुणा महद् उच्यन्ते' होना चाहिये, कर्तृत्व 'गुणाः' को है तथा महत् विधेयगत पूरक अंश है । यहाँ 'महत् त्रयो गुणा उच्यन्ते' ऐसा विपरीत भाव इस योजना से व्यक्त हो हो रहा है । इसे 'तदा त्रयस्ते महदाख्यभागिनः' जैसे रूप में लिया जा सकता है ।

३०. **अश्व**—अशू व्याप्तौ (क्षीर.५।२१) तथा अश भोजने (क्षीर. ९.५५) से औणादिक क्वन् प्रत्यय से अश्व की व्युत्पत्ति है । अतः अश्नुते अश्नाति वा अश्वः । स हि अध्वानमश्नुते (निरुक्त १.१२.५,२.२७.४) महाशनो भवति (२.२७.४) । इस प्रकार सुमहती विषयव्याप्ति एवं भोग से अहंकार को अश्व बतलाया गया है । इस सन्दर्भ में ब्राह्मणों के 'अश्व इव वै प्रजापतिरासीत्' (काठक संहिता २४.८) अश्वः पशूनां त्विषिमान् हरस्वितमः (तैत्ति.ब्रा. ३.८.८.३) अश्वः पशूनां यशस्वितमः । (शतपथब्रा.१३.१.२.८) अश्वः पशूनामन्नादो वीर्यवत्तमः । (तैत्ति. ब्रा. ३. ८. ७. १) आदि शतशः वाक्य अनुकूल हैं । पशु प्रजा का नाम है, प्रकृति की पान्तर प्रजा अहम् है तथा सम्पूर्ण विश्व इसी में समाविष्ट है, अतः यह यौगिक रूप में अश्व है न कि साम्य में । अतः यहाँ इव न होकर इति है ।

३१. सूत्र प्रातिपदिक, अर्धर्चादिगण (२.४.३१) में पठित होने से नपुंसकलिंग एवं पुंल्लिग है । यहाँ पुंल्लिग में प्रयोग है ।

युत यहाँ मिश्रण अर्थ में है । इससे निष्पन्न भी यौतक है जो 'युतयोः वरवध्वोः देयम्' होता है । परवर्ती कोषकारों ने पुरातन वाङ्मयगत अर्थ को भुला कर केवल इस अर्थ को ही लिया है । जैसे, 'यौतकादि तु यद्देयं सुदायो हरणं च यत्' अमरकोष (२.८.२८) तथा 'यौतकं युतयोर्देयं सुदायो हरणं च तत्' हेमचन्द्रकृत अभिधानचिन्तामणिकोष (३.१८४) । ऐतिह्यानुसन्धान में भाषाविज्ञान का यह अध्ययन अनिवार्य है ।

३२. स्पृश संस्पर्शे (क्षीर ६.१२६) स्पर्शनं स्पर्शः स्पृक् च, यहाँ भाव अर्थ में क्विन् है । उदकस्पर्शः मन्त्रस्पृक्, दिविस्पृक् आदि में घञ् व क्विन् कर्तृ-अर्थ में है । वह यहाँ ग्राह्य नहीं है ।

३३. श्रीमद्‌भागवत में भी ये ही अधिष्ठात्री देवता बताये गये हैं–

वैकारिकान्मनो जज्ञे देवा वैकारिका दश।

दिग्वातार्कप्रचेतोऽश्विवह्नीन्द्रोपेन्द्रमित्रका: ॥२.५.३०

यहाँ का उत्तरार्ध पैङ्गलोपनिषत् के द्वितीय अध्याय में ज्यों का त्यों पठित है।

३४. महाभारत शान्तिपर्व (३१३) में 'प्रचेता:' के स्थान पर 'आप:' तथा 'अश्विनीकुमारौ' के स्थान पर 'पृथ्वी' है (पद्य ८-९)। आश्वमेधिक पर्व ४२.१९-२० में–

द्वितीयं मारुतो भूतं त्वगध्यात्मं च विश्रुता।
स्प्रष्टव्यमधिभूतं च विद्युत् तत्राधिदैवतम् ॥

के रूप में अधिदेवता विद्युत् बतायी गई है जो अन्यत्र वायु है। इसी प्रकार घ्राण के अधिदेवता अश्विनौ या पृथिवी के स्थान पर वायु को कहा गया है–

पृथिवी पञ्चमं भूतं घ्राणश्चाध्यात्ममुच्यते।
अधिभूतं तथा गन्धो वायुस्तत्राधिदैवतम् ॥२१॥

इसी प्रकार आप: भूत, जिह्वा अध्यात्म, रस अधिभूत और सोम अधिदेवता (२२) कहा गया है। श्रीमद्‌भागवत (तृतीय स्कन्ध, षष्ठ अध्याय) में चक्षु: का सम्बन्ध त्वष्टा से बताया गया है–

निर्भिन्ने अक्षिणी त्वष्टा लोकपालोऽविशत् विभो: ।१५।

श्रीमद्‌भागवत का यह प्रसंग ऐतरेयोपनिषत् से अनुप्राणित है। वहाँ 'अक्षिणी निरभिद्येताम् अक्षिभ्यां चक्षु: चक्षुष: आदित्य:, तथा आदित्यश्चक्षुर्भूत्वाऽक्षिणी प्राविशत्' द्वारा चक्षु: व आदित्य का सम्बन्ध बताया गया है। इस प्रकार के पार्थक्य से वस्तुभेदजन्य मतभेद की प्रतीति नहीं होनी चाहिए। अनेकत्र शब्दभेद होते हुए भी अर्थ का अभेद है। जैसे, यहीं द्वादश आदित्यों में त्वष्टा भी एक है। कहीं सूक्ष्मप्रक्रिया बताना अभीष्ट है। त्वष्टा रूपविकर्ता है–त्वष्टा वै रूपाणां विकर्ता तस्याहं देवयज्यया विश्वरूपं प्रियं पुषेयम् (काठ. ५.४)। शुक्र एवं कलल के घनीभूत पेशी और पिण्ड रूप से नाना अवयवों का निर्माण गर्भाशय में होता है। आयुर्वेद इसे वायुकर्तृक कहता है। वेद इसे वायु की एक विशेष अवस्था के रूप में कार्यविशेष के आधार पर लेता है। ऋक् से मूर्तिनिर्माण में आदित्य एवं वायु का भी योग है, यह चाक्षुष प्रक्रिया से सम्बद्ध है। अत: ऐसे स्थलों पर निमित्तभेद भी दृष्टि में रखना चाहिये। ऐसे ही कहीं पृथिवी के स्थान पर बृहस्पति का उल्लेख भी वैदिक परम्परा के अनुसार न्याय्य है। अथर्ववेद–"इयं वा उ पृथिवी बृहस्पति:। (१५.१०.६) य: पृथिवीं बृहस्पतिमग्निं ब्रह्म वेद। (१५.१०.९), या ओषधय: सोमराज्ञीर्बह्वी: शतविचक्षणा बृहस्पतिप्रसूतास्ता:"

(६।९६।१) द्वारा पृथिवी को बृहस्पति, अग्नि और ब्रह्म कहता है। ये पृथिवी के तीन पृथक् पृथक् चरित्र हैं, अतः इन नामों से पृथिवी का तथा पृथिवी-नाम से इनका सन्दर्भोचित ग्रहण स्वाभाविक एवं उपयुक्त है। बृहस्पति-सम्बन्ध में यही बात यजुर्मन्त्र—"या फलिनीर्या अफला अपुष्पा याश्च पुष्पिणीः। बृहस्पतिप्रसूताः" (१२.८९) भी कहता है। वाक्पतित्वेन भी बृहस्पति बृहस्पति है—"वाग् वै बृहती तस्या एष पतिः तस्माद्‌ बृहस्पतिः" (शत. १४.४.१.२२)

३५. मन और प्रज्ञा का अविनाभाव श्रुतियों में प्रसिद्ध है—"यो वै प्राणः सा प्रज्ञा, या वा प्रज्ञा स प्राणः। (कौषी. उप. ३.३)। अत एव इन्द्रियाँ तैजस व मानस हैं। ब्रह्मविनय, पृ. १२३/११२-१३३ पद्यों में प्रज्ञस्वरूप।

३६. कुमार से सम्बन्धित सर्ग कौमार कहलाता है। संवत्सरात्मक सूर्य प्रजापति उषा में वैश्वानराग्नि रूप रेतःसेक करता है। इससे एक वर्ष में कुमार अग्नि की उत्पत्ति होती है। संवत्सर प्रजापति का पुत्र होने से इसे कुमार कहा गया है। यह अधिदेव कुमार अग्नि अध्यात्म और अधिभूत भी है। अधिदेव कुमाराग्नि आठ चित्राग्नि तथा नवम कुमाराग्नि नाम से प्रथित है ही, जैसा कि भगवान् याज्ञवल्क्य ने शतपथब्राह्मण (६,१.३) में विशद रूप से बता कर उपसंहार में 'तानि एतानि अष्टौ अग्निरूपाणि कुमारो नवमः' कहा है। इसे श्री ओझा जी ने अम्भोवाद में इस प्रकार बताया है—

संवत्सरोऽग्निः प्रथमोऽस्ति सत्यो यो वैद्युतोऽग्नि स परोऽयमिन्द्रः।
अग्निः पृथुत्वस्पृदयं कुमारो जज्ञे स संवत्सरतः पृथग्वत् ।। एमूषा. १७
पृथुत्वभेदात्तु कुमार आसीन् मृत्स्वप्सु तेजोऽनिलवाक्षु सोमे।
सूर्ये तथैवात्मनि भिन्नवत् तत् तमष्टमूर्ति प्रवदन्ति चित्रम् ।।१८
संवत्सरोऽग्निस्त्वमृतोऽथ मर्त्यश्चित्रः स चित्योऽथ चिते निधेयः।१९
चित्रस्तु चित्यः स शरीररूपः स चीयतेऽनेकविधः स मर्त्यः।
योऽस्मिन्निधेयः स परोऽमृताग्निः प्रजापतिः प्राण इहैव देवाः ।।२०
संवत्सराग्निप्रचितः कुमारो बभूव पश्वग्निरयं शरीरी।
यज्ञात्मकः स द्विविधश्चरिष्णुः स्थास्नुश्च स स्थास्नुरभूत पुरस्तात् ।।२१
स्तम्बस्तृणं वीरुध ओषधिर्वा वनस्पतिः स्थावरदेहिनः स्युः।
कृमिश्च कीटश्च पशुर्मनुष्यो देवस्तथा जंगमदेहिनः स्युः ।।२२

अधिभूत सृष्टि में गैरिक शिलाजतु आदि धातु, अध्यात्म में मांस, मेद आदि धातु चितिरूपात्मक कुमाराग्निमय ही है। इसका पूर्ण स्वरूप अम्भोवाद में व्याख्यात होगा। आधिदैविकाध्याय, महर्षिकुलवैभव, ब्रह्मचतुष्पदी आदि में भी यह विषय है। पुराण और उनकी व्याख्याओं में कौमार सर्ग का यह स्वरूप स्पष्ट

नहीं होता है। प्रकृति अधिकरण में यह इस प्रकार का संकेत कर पुराण-विद्याभ्यासियों का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। यह एक अभूतपूर्व अनन्यसाधारण देन है।

३७. सृष्टि में मनुष्य के श्रेष्ठत्व को बताने वाला 'सुकृत' नाम वैदिक विचार की देन है। पुरुषो वाव सुकृतम्। (ऐतरेयोपनिषद् १. २. ३.)। तद् (ब्रह्म) आत्मानं स्वयमकुरुत तस्मात् तत् सुकृतमुच्यते। तैत्ति. उप. २. ७. १) अत एव 'पुरुषो वै प्रजापतेर्नेदिष्ठः्। (शतपथ ४. ३. ४. ३) कहा गया है। इन्हीं भावों को श्रीमद्भागवत में कहा गया है—

(क) सृष्ट्वा पुराणि विविधान्यजयात्मशक्त्या वृक्षान् सरीसृपपशून् खगदंशमत्स्यान्।
तैस्तैरतुष्टहृदयः पुरुषं विधाय ब्रह्मावलोकधिषणं मुदमाप देवः ।।११.९.२८

(ख) एक द्वित्रिचतुष्पादो बहुपादस्तथा पदः।
बह्व सन्ति पुरः सृष्टास्तासां मे पौरुषी प्रिया ।। ११.७.२२

(ग) इत्युक्तानीन्द्रियाण्येतान्येकादश यथाक्रमम्।
मन्यन्ते 'कृत' मित्येवं विदित्वा तानि पण्डिताः ।। अश्वमेधपर्व ४२।१७
जिनके ज्ञान से कृतत्व है, तो लाभ से सुकृतत्व में कोई सन्देह ही नहीं है।

३८. इन सर्गों के प्राकृत वैकृतिक विषय में संख्यागत मतभेद कोई सैद्धान्तिक मत नहीं है। केवल समझ का अन्तर है। विष्णुपुराण (१.५), वायुपुराण (४), पद्मपुराण (सृष्टि ३, स्वर्ग २) प्रारम्भिक तीन सर्गों को प्राकृत, ४ से ८ तक ५ सर्गों को वैकृत तथा नवम सर्ग को प्राकृत वैकृत कहते हैं। भागवतकार ने दस सर्ग मान कर प्रथम ६ (महत्, अहंकार, भूत, ऐन्द्रिय, देव और तमः) सर्गों को प्राकृत, बाद के तीन (मुख्य, तिर्यक् और अर्वाक्) सर्गों को वैकारिक तथा अन्तिम कौमार सर्ग को उभयात्मक माना है, साथ ही तीन वैकारिक सर्गो में प्राकृतसर्गोक्त देवसर्ग को भी गिन लिया है। श्री ओझा जी ने प्रथम स्वाभिमत गिना कर बाद में मतान्तरों का भी उल्लेख कर दिया है।

प्रकृति से जिनका सम्बन्ध है तथा जिनमें प्रकृतित्व अर्थात् कार्योत्पादन-कारणता है वे प्राकृतिक हैं। इनसे भिन्न जो केवल कार्यरूप हैं, तत्वान्तर के उत्पादक नहीं हैं, वे वैकृत हैं। १ महान् २ द्विधा विभक्त अहंकार अर्थात् तन्मात्र और ऐन्द्रिय सर्ग को पुराणों ने इसी दृष्टि से प्राकृत सर्ग कहा है। इसी भाँति मुख्यादि सर्ग वैकारिक हैं। वस्तुतः पुराणकार और उनके व्याख्याकार इस विषय में अस्पष्ट हैं। यहाँ न तो सांख्योक्त विभाजन—प्रकृति एक, प्रकृतिविकृति सात, विकारमात्र सोलह तथा न प्रकृति न विकृति—पुरुष एक (जो बहुत्वरूप से प्रसिद्ध है)—अपनाया है और न अपने स्वीकृत विभाजन में युक्ति या समुचित व्याख्या दी है। श्री विष्णुपुराण और श्रीमद्भावत के टीकाकार श्रीधरस्वामी जो पुराण के सर्वप्राचीन टीकाकार माने जाते हैं, कौमार सर्ग से सनत्कुमार चतुष्टय का ग्रहण करते हैं तथा इसकी उभयात्मकता को देवत्व और मानुषत्व रूप से लेते हैं। देव सर्ग को क्रमिक रूप से पाँचवे स्थान पर वैकारिक सर्ग में गिनते हुए पुनः प्राकृत सर्ग में भी गिनते हैं जो श्रीमद्भागवत के—


षडिमे प्राकृताः सर्गा वैकृतानपि मे शृणु। ३.१०.१७
वैकृतास्त्रय एवैते देवसर्गश्च सत्तम!
वैकारिकश्च यः प्रोक्तः कौमारस्तूभयात्मकः ॥१८॥

पद्यों पर आधारित है। नव या दस सर्गों की गणना भी इसी कारण युक्तियुक्त नहीं है। श्री ओझाजी की गणना सर्वथा युक्तियुक्त है :—

महान् अहंकार	कौमार ऐन्द्रिय तन्मात्र	महाभूत
द्वयम्	त्रयम्	एकम्

मुख्य तिर्यक् सुकृत
त्रयम् = कुल ६

ये ही नौ सर्ग हैं। इनमें प्रथम छः (महान् अहंकार, कौमार ऐन्द्रिय तन्मात्र और महाभूत) प्राकृत तथा शेष तीन केवल विकृतिरूप हैं। इनके अनुसार सृष्टिक्रम को निम्नलिखित प्रलेख रूप में दिखाया जा सकता है—



अव्यक्त
प्रकृति
रस में प्रसुप्त बल, गुणत्रयसाम्य
व्यक्त
1. महान्
प्राकृत
2. अहंकार
सत्व
(वैकृत-देव
ज्ञान
रजः
तैजस
क्रिया
तमः
भूतादि
अर्थ)
+
+
5. पञ्चतन्मात्र
प्राकृत वैकारिक
3. कौमार
(मर्त्य)
4. जस
(अमर्त्य)
6. पञ्च महाभूत (अनुग्रह सृष्टि)
लोम त्वचादि आठ प्रकार
1. मुख्य
2. तिर्यक्
3. सुकृत
वैकृत
वैकारिक
तृण
गुल्म
वीरुध
लता
औषध
वनस्पति
एकशफ
द्विखुर
पञ्चनख
पक्षधर

वैकारिक सर्ग में कौमार, तैजस एवम् पञ्च महाभूतों का योग रहता है। अत एव तृण, वृक्षादि में तारतम्य योग से लोम, त्वचा, माँसादि का अस्तित्व है तथा प्रजननक्रिया में बीज आदि भाव समान रूप से रहते हैं।

सात्त्विक अहंकार की प्राचीनाभिमत संज्ञा वैकृत, राजस अहंकार की तैजस तथा तामस अहंकार की भूतादि है। पाञ्चभौतिक सम्पूर्ण पदार्थ देव (कुमाराग्निमय) रूप से तथा तैजस (प्राणमय) रूप से मर्त्यामर्त्यभावविशिष्ट हैं। रजः प्राणरूप अतः क्रियात्मक है, उसकी कोई सृष्टि नहीं है। वैकृत के साथ मिलकर वह देवसर्ग का तथा भूतादि के साथ मिलकर तन्मात्रसृष्टि का सर्जक होता है।

पञ्च तन्मात्राओं से महाभूतों की सृष्टि का नाम 'अनुग्रह' है। सांख्यसूत्रस्थ 'अनुग्रहः सृष्टिः' का अर्थ प्रायः यह किया जाता है कि सृष्टि अनुग्रहार्थ है, जो वास्तव में अयुक्त है। पञ्च तन्मात्राओं का एकैकवृद्धि से योग 'अनुग्रहणम् अनुग्रहः' है, यही उपयुक्त अर्थ है। इससे पूर्व इस प्रकार का उत्तरोत्तर योगग्रहण नहीं है।

तत्त्वसमास के इस सूत्र 'अनुग्रहः सर्गः' (क्रम १७) की व्याख्या पातञ्जलयोगप्रदीप में स्वामी ओमानन्दजी ने साँख्यकारिका ५६, ५८ उद्धृत करते हुए इसी रूप में की है कि प्रकृति-पुरुष का योग पुरुष के विमोक्षार्थ है। ऐसी ही व्याख्या अन्य सांख्यग्रंथों में है।

सांख्योक्त इन विषयों का विशद वैदिक स्वरूप श्री ओझाजी के अन्य निबन्धों में भी है। अम्भोवाद, देवतानिवित् आदि में कुमाराग्नि का स्वरूप, चिदात्मवाद-प्रकरण में धातुचिति आदि विभिन्न चितियों का वर्णन ब्रह्मचतुष्पदी में है। ब्रह्मसिद्धान्त, ब्रह्मविनय भी इन विषयों को विस्तार से प्रस्तुत करते हैं। इनके परिशीलन से दार्शनिक तथा पौराणिक ग्रंथों की परिभाषाएँ पकड़ में आती हैं तथा उनके वास्तविक अर्थ और रहस्य उद्घाटित होते जाते हैं।

३९. सांख्य के वक्ता कपिल हैं। कपिल के शिष्य आसुरि तथा आसुरि के शिष्य पञ्चशिख हैं। यहाँ आसुरि के पूर्व पञ्चशिख को ग्रहण करने का अभिप्राय है कि कपिल और आसुरि के साक्षाद् वचन नहीं मिलते हैं। पञ्चशिख के वचन सांख्यग्रंथों में और योगभाष्य में मिलते हैं। महाभारत में पञ्चशिखजनकसंवाद आदि प्रसंगों के माध्यम से पञ्चशिख के विचार विस्तार से मिलते हैं। ब्रह्मचतुष्पदी के निम्नलिखित पद्य से भी इसी अभिप्राय की पुष्टि होती है—

क्षेत्रज्ञ आत्मास्ति यथा शरीरे यथा च तस्य प्रकृतेर्विकाराः।
तथा 'समग्रं' कपिलर्षिरूचे, विद्याच्च तत् पञ्चशिखादिवाग्भिः ॥

एक तथ्य यह भी ध्यान में रखने योग्य है कि पुराणों, महाभारत तथा श्वेताश्वतरादि उपनिषदों में व्यक्त सांख्यविचारों से सांख्य की निरीश्वरवादिता भ्रान्ति मात्र सिद्ध होती है। सांख्य के व्यावहारिक भाग को बताने वाला भाग योग 'क्लेशकर्मविपाकाशयैरपरामृष्टः पुरुषविशेष ईश्वरः' (योगसूत्र १/२५) कहता हुआ ईश्वरीय सत्ता की स्वीकृति स्पष्ट रूप में दे रहा है। इसी भाँति यमनियमादि तथा क्रियायोग आदि में भी पातञ्जलभाष्य में ईश्वरसत्ता मानी गयी है। सांख्य का 'ईश्वरासिद्धेः' (सांख्यसूत्र १/९२) सूत्र ईश्वर निषेध-पर्यवसायी नहीं है।

रामायण, महाभारत एवं पुराण तथा तन्मूलक परवर्ती काव्यादि का वाङ्मय सर्वत्र कपिल को अवतार मानते हैं। श्रीमद्भागवत पुराण में कपिल ने अपनी जननी देवहूति को सुविशद रूप में सांख्य का उपदेश दिया है। इसमें निरीश्वरवादिता की छाया तक नहीं है। फलतः सांख्य मूल रूप से सेश्वरवादी है। वेद को मानते हुए भी पूर्णतया वेद के अनुवर्तन में जो दोष रह गए हैं, उनका दिग्दर्शन श्री ओझाजी ने अनेकत्र किया है। ब्रह्मसिद्धान्त का 'सांख्याभास' प्रकरण यही बता रहा है। विस्तार के लिए उनके अन्य ग्रंथ द्रष्टव्य हैं।

दशवादरहस्यगत अपरवाद के

टिप्पण—

१. अपरवाद में जो कुछ कहा गया है, आपाततः उससे नितान्त भिन्न दशवादरहस्य का यह अपरवाद है। अपर को कितने रूपों में लिया जा सकता है, सम्भवतः इसका उपलक्षण यह वाद है। जगद्गुरुवैभवम् में अपर के स्थान पर वायु नाम भी यही बताता है।

इस अपरबाद में ग्रंथकार के केवल तीन पद्य हैं। प्रथम दो पद्य भूमिका के रूप में तथा प्रतिपाद्यनिर्देश रूप में हैं। तदनन्तर प्रतिपाद्य का स्वरूप बताने हेतु ऋग्वेदीय वाक्सूक्त (१०/१२५) के ५ मन्त्र दिए गए हैं, मन्त्र होने से ये ही प्रतिपाद्य के प्रमापक भी हैं। अन्त में ग्रन्थकार का तृतीय पद्य है जो वाक् तथा व्योम की अभिन्नता बताते हुए व्योम के पर अपर रूप दो भेद कहता है और अपर व्योम को इस सृष्टि का मूल बताते हुए इसे अपरवाद में लेने की सार्थकता व्यञ्जित करता है।

वाक् सूक्त की द्रष्ट्री ऋषिका 'वाक्' एक नारी है जो ब्रह्मवादिनी है। ऋग्वेद की ऐसी लगभग ३० ऋषिकाएँ हैं। इनमें नैष्ठिक ब्रह्मचारिणियाँ सद्योवधू और माताएँ भी हैं। इनका एकत्र परिगणन बृहद्देवता में किया गया है—

घोषा गोधा विश्ववारा अपालोपनिषन्निषत्।
ब्रह्मजायाजुहूर्नाम अगस्त्यस्वसाऽदितिः ॥२/८२॥

इन्द्राणी चेन्द्रमाता च सरमा रोमशोर्वशी।
लोपामुद्रा च नद्यश्च यमी नारी च शश्वती ॥८३॥

श्रीर्लाक्षा सार्पराज्ञी वाक् श्रद्धा मेधा च दक्षिणा।
रात्री सूर्या च सावित्री ब्रह्मवादिन्य ईरिताः ॥८४॥

रामायण में कौसल्या, सीता, अनसूया, बालिपत्नी, तारा, वेदवती आदि को, महाभारत में कृपी, कुन्ती, शिवा आदि शतश: स्त्रियों को तथा पुराणों में सैकड़ों नारियों को यज्ञयागादि करने वाली मन्त्रवित् तथा ब्रह्मवादिनी कहा गया है। श्रौत एवं गृह्य सूत्रों में नारी के यज्ञ-वेद-अधिकार का निर्णायक स्पष्ट कथन है। कालिदास, बाण, भवभूति ने भी अपने काव्यों में इस तथ्य का निदर्शन किया है। वेदभाष्यकार सायण ने भी सम्बद्ध मन्त्रभाष्य में साग्रह स्त्रियों के वेदाधिकार को सिद्ध किया है। नारी के वेदाधिकारबाधक वाक्य निर्मूल हैं। संभवत: श्री ओझाजी वाक्सूक्त की ऋषिका वाक् का निर्देश कर यही बताना चाहते हैं।

२. वाक्सूक्त में वाक् का वैभव आध्यात्मिक वृत्ति से बताया गया है। ऐसे स्थलों पर ऋषि व देवता में ऐक्य रूप होता है। आचार्य शौनक कहते हैं—

आत्मनो भाववृत्तानि जगौ वर्गस्तथोत्तम:।
उत्तमस्य तु वर्गस्य य ऋषि: सैव देवता।। बृ. दे. २।८६
आत्मानमस्तौद् वर्गस्तु देवतां यस्तथोत्तम:।
तस्मादात्मस्तवेषु स्याद् य ऋषि: सैव देवता।।८७

'अस्ति नास्ति दिष्टं मति' (पा.अष्टा.४/४/६०) इस पाणिनिसूत्र के अनुसार नास्ति इति मति: यस्य स नास्तिक: के रूप में व्युत्पन्न नास्तिक में वर्जना—अस्वीकार-मति का प्राधान्य मूल है; अत: 'नास्तिको मूर्ख उच्यते' प्रचलित है। बिना सोचे समझे तत्काल 'नास्ति' भाव को प्रश्रय देना या प्रकट करना मूर्खता ही है। मूर्ख सदैव ज्ञान का निन्दक होता है। अत: 'नास्तिको वेदनिन्दक:' का व्यवहार है। ज्ञान से सम्बन्ध न रखने वाला ज्ञेय, हेय और उपादेय के व्यवहार से शून्य होता है। फलत: अपनी क्षति वह स्वयं ही करता है।

३. श्रत् का अर्थ हृदय है। श्रद्+धा=श्रद्धा, यह वह वृत्ति है जिसमें किसी भाव के प्रति हृदय का पूर्ण समर्पण होता है। इसके बिना कुछ भी नहीं होता है, अत: अध्यात्म के प्रति श्रद्धा की अनिवार्यता इस मन्त्र में बतायी गई है।

४. वाग् वा अन्नाद्यम् (काठक ५०.७) यो वा आकाश: सा वाक्, वाग् वै वायु: ब्रह्म वाक्, (जै. उ. १. ८२, बृहदेवत्ता २.४०) आदि श्रुति-स्मृति की उक्तियाँ वाक् के वैभव को बताने वाली हैं।

शारीरकविमर्श में भी वाक् द्वारा सृष्टि के उद्भव का मत बताया गया है—"परे पुन:—'अथो वागेवेदं सर्वम्' 'वाचीमा विश्वा भूतान्यर्पिता,' 'अहमेव वात इव ·········संबभूव' इत्यादि श्रुतिप्रामाण्याद् वाच एव विश्वं जज्ञे इत्थं सिद्धान्तयति।' —पृ. ३ (मूल संस्करण) दोनों अपरवाद परिसमाप्त। इनके आद्यन्त स्वरूप को

देखने से तथा श्री ओझा जी के अन्यत्र भी प्रतिपादित विचारों से विदित होता है कि 'पर' शब्द से अव्यय पुरुष का ग्रहण होता है, इस पर को स्वीकार न करने से यह वाद अपरवाद कहलाता है। जगद्गुरु-वैभव—ऐतिहासिक सृष्टिकाल-विभागप्रसंग-समाप्ति—में अपर के स्थान पर वायु नाम दिया है—'एके रजांस्याहुरथाम्भ एके वायुं च वा व्योम च वैक आहुः।' यहाँ 'वाति निरन्तरं रूपान्तरमेतीति वायुः प्रकृतिः, तद्वादः वायुवादः' की व्युत्पत्ति से वायु का प्रकृतित्व श्री ओझाजी को मान्य है। इस अनन्तवाय्वाकाश में जो अन्य भौतिक तत्त्वों के नाश हो जाने पर भी बचा रहने से 'शेष' कहलाता है तथा विष्णु नाम से प्रसिद्ध है, उस निगूढ तत्त्व को न देखकर वायूपलक्षक आकाशदि प्रकृति तक दृष्टि रखने वालों का मत अपरवाद है। इस अभिप्रायः से अपरवाद में सैंकड़ों मत देखे जा सकते हैं।